RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 285
फरीदाबाद, शुक्रवार, 27 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आपके वेडिंग लुक को बिगाड़ सकती हैं ये मेकअप टिप्स
सौंदर्य -12

**कोरोना मीटर**

| विश्व | |
|---|---|
| कुल | 60,559,702 |
| मौतें | 1,424,470 |
| ठीक | 38,835,355 |

| भारत | |
|---|---|
| कुल | 92,91,068 |
| मौतें | 135,533 |
| ठीक | 87,00,681 |

स्रोत: www.covid19india.org

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 24.09°C
न्यूनतम 12.01°C

## खेत-खलिहान छोड़ सड़क पर किसानः कृषि बिलों के विरोध में हिंसक हुआ आंदोलन, पानीपत में रात्रि विश्राम, सुबह फिर बढ़ेंगे

# सियासी संग्राम : आमने सामने किसान-जवान

### अंबाला के शंभू बॉर्डर पर किसानों ने बैरिकेडिंग नदी में फेंकी
### दिल्ली-हरियाणा में अलर्ट, प्रदेशभर से हो रही किसानों की गिरफ्तारी
### दिल्ली में सीआरपीएफ ने डाला डेरा, सारी सीमाएं सील

**पायनियर समाचार सेवा।** अंबाला/चंडीगढ़

**किसान** बिलों के विरोध में पंजाब-हरियाणा के किसान 26 से 28 नवंबर तक 'दिल्ली मार्च' पर निकले हैं। पंजाब से सटे हरियाणा बॉर्डर पर गुरुवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। पंजाब के प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा बॉर्डर पर बैरिकेडिंग नदी में फेंक दी और पथराव किया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार की और आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बड़े हंगामे की आशंका है। किसान करनाल से आगे बढ़ते हुए शाम सात बजे पानीपत टोल प्लाजा पर पहुंच चुके थे। इसके बाद उन्होंने टोल प्लाजा पर ही रात्रि विश्राम का निर्णय लिया। अब वे सुबह आगे बढ़ेंगे।

दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस फोर्स के अलावा सीआरपीएफ की 3 बटालियन तैनात की गई हैं। आने-जाने वाले हर वाहन पर नजर रखी जा रही है। होमगार्ड के जवान भी तैनात हैं। किसानों रैली को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो दोपहर दो बजे तक बंद कर दी गई है। हालांकि हरियाणा सरकार अब भी सख्त है और कोशिश कर रही है कि किसानों को किसी कीमत पर हरियाणा में घुसकर माहौल खराब करने नहीं दिया जाए। इसके लिए दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे ब्लॉक कर दिया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'केंद्र सरकार के तीनों खेती बिल किसान विरोधी हैं। ये बिल वापस लेने की बजाय किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है, उन पर वॉटर कैनन चलाई जा रही हैं। किसानों पर ये जुर्म बिलकुल गलत है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन उनका संवैधानिक अधिकार है।' किसान बिल के विरोध में दिल्ली जा रहीं एक्टिविस्ट मेधा पाटकर को बुधवार रात आगरा की सैयां सीमा पर रोक लिया गया। उनके साथ लगभग 200 किसानों का जत्था भी है। मेधा ने गुरुवार को दिल्ली जाने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया। किसान नेताओं के साथ मेधा ने धरना दे दिया। इससे 6 किमी लंबा जाम लग गया।



### हरियाणा-पंजाब बॉर्डर सील

किसानों को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस ने 8 जगहों पर बैरिकेडिंग और 5 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। किसान हरियाणा में प्रवेश कर दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पूरी तरह सील हैं। हरियाणा पुलिस ने दोनों राज्यों की सीमाएं सील करके बैरिकेडिंग कर कंटीली तारें और पत्थर लगाकर रास्ता ब्लॉक कर दिया है। हरियाणा सरकार ने जींद से लगे नेशनल हाईवे-52 को सील कर दिया है।



### इन रास्तों में जाने से बचें

खन्ना-शंभू-अंबाला-दिल्ली
पटियाला-सामाना-पतरां
खन्नौरी-नरवाना-जींद
संगरूर-खन्नौरी-नरवाना-जींद
बठिंडा-डबवाली-हिसार
मलोट-डबवाली-हिसार
चंडीगढ़-जीरकपुर-डेराबस्सी-लालड़ू-अंबाला
संगरूर-सुनाम-लहरगागा-मूनक-टोहाना-फतेहाबाद
तलवंडी साबो-सरदूगढ़-सिरसा

प्रदर्शन के दौरान पानी की बौछारों के आगे भी किसान डटे रहे।

### साथियों के लिए करनाल की तरफ मुड़े किसान

पानीपत आए रोहतक के किसानों ने दिल्ली के बजाय करनाल तरफ कूच कर दिया है। इसकी वजह है कि करनाल में उनके साथियों को रोका हुआ है। रोहतक के किसान जब पानीपत पहुंचे, तो उन्हें यहां तय प्रोग्राम अनुसार करनाल के किसानों को मिलना था। इसके बाद दोनों को साथ में दिल्ली जाना था, लेकिन करनाल के साथ नहीं आ पाए हैं। सिवाह गांव में आक्रोश जताने के बाद वे करनाल तरफ जा रहे थे। रोहतक के किसान नेता अमरीश ने बताया कि रोहतक में हुड्डा खाप के प्रधान ओमप्रकाश को बुधवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्होंने आंदोलन में हर हाल में जाने का निर्णय लिया अब वह पानीपत से करनाल जा रहे हैं। वहां उनके साथियों को रोका हुआ है।

### क्या दिल्ली में प्रवेश कर पाएंगे किसान

पुलिस-प्रशासन के मुताबिक, 27 को दिल्ली सीमा पर दबाव बढ़ सकता है। क्योंकि इस दिन दिल्ली से सटे हरियाणा के सीमावर्ती जिलों से किसान दिल्ली बॉर्डर पर इकट्ठा होंगे। योजना के मुताबिक 27 नवंबर को किसानों को दिल्ली में प्रवेश करना है। किसान-पुलिस में बड़ा टकराव हो सकता है। हालांकि यह भी हो सकता है कि सरकार वार्ता के लिए कुछ किसान नेताओं को बातचीत के लिए बुलाकर टकराव को टाल दें। लेकिन, ऐसी संभावना कम दिखती है। क्योंकि किसान नेता फिलहाल पीछे हटने के मूड में नहीं दिख रहे। रोहतक के किसान नेता अमरीश ने बताया कि रोहतक में हुड्डा खाप के प्रधान ओम प्रकाश को बुधवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद किसान और आक्रोश में हैं।

**क्यों हो रहा प्रदर्शन ?:** सरकार ने कृषि सुधारों के लिए 3 कानून द फार्मर्स प्रोड्यूस ट्रेड एंड कॉमर्स (प्रमोशन एंड फेसिलिटेशन) एक्ट; द फार्मर्स (एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन) एग्रीमेंट ऑफ प्राइज एश्योरेंस एंड फार्म सर्विसेस एक्ट और द एसेंशियल कमोडिटीज (अमेंडमेंट) एक्ट बनाए थे। इनके विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसान पिछले दो महीनों से सड़कों पर हैं। किसानों को लगता है कि सरकार एमएसपी हटाने वाली है, जबकि खुद प्रधानमंत्री इससे इनकार कर चुके हैं।

### मोदी सरकार की क्रूरता के खिलाफ डटकर खड़ा है देश का किसान : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च की पृष्ठभूमि में दावा किया कि केंद्र सरकार की क्रूरता के खिलाफ देश के सभी किसान डटकर खड़े हैं। उन्होंने दिल्ली पहुंचने का प्रयास कर रहे किसानों पर पानी की बौछार करने से जुड़ा एक वीडियो ट्विटर पर साझा कर सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने एक कविता ट्वीट की, नहीं हुआ है अभी सवेरा, पूरब की लाली पहचान, चिड़ियों के जगने से पहले खाट छोड़ उठ गया किसान, काले कानूनों के बादल गरज रहे गड़-गड़, अन्याय की बिजली चमकती चम-चम, मूसलाधार बरसता पानी, जरा न रुकता लेता दम...!



### दिन भर यूपी-हरियाणा के संपर्क में रही दिल्ली पुलिस

नए कृषि कानूनों के विरोध में 'दिल्ली चलो' मार्च को देखते हुए गुरुवार को दिनभर राजधानी की सभी सीमाओं पर पुलिस का भारी बंदोबस्त रहा। दिल्ली पुलिस के अलावा अतिरिक्त सुरक्षाबलों की कई कंपनियों को लगभग सभी बॉर्डर पर तैनात किया गया। बॉर्डर सील होने की वजह से किसी भी वाहन चालक, यहां तक पैदल आने-जाने वाले लोगों को बिना जांच के दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया गया। हालांकि, पंजाब से दिल्ली की ओर चले किसानों को हरियाणा में अलग-अलग जगहों रोक लिया गया, लेकिन इन किसानों के समर्थन में आसपास के कुछ किसान दिल्ली की सीमाओं पर पहुंचते रहे। उन्हें दिल्ली में नहीं घुसने दिया गया। सुरक्षा में चूक न हो, इसके लिए दिनभर दिल्ली पुलिस लगातार हरियाणा और यूपी पुलिस के संपर्क में रही। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव सिंधु बॉर्डर पहुंचे। उन्होंने मीडिया के जरिए किसानों से वापस लौटने की अपील की। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोरोना की वजह से राजधानी में किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन पर पाबंदी है। इसकी वजह से दिल्ली पुलिस आयुक्त ने किसानों से अपील की थी कि वह दिल्ली न आएं।

## क्विक न्यूज

### सभी तक न्याय की पहुंच में खर्च बड़ी बाधा : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को कहा कि 'सब लोगों तक न्याय की पहुंच' में खर्च सबसे बड़ी बाधा है। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के कर्तव्य को पूरा करने के रास्ते में कोरोना महामारी को बाधक नहीं बनने देने के लिए न्यायपालिका और बार की सराहना की। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस बात से खुशी है कि वीडियो कॉन्फ्रेंस और ई-फाइलिंग जैसे तकनीकी उपायों का उपयोग कर शीर्ष अदालत ने महामारी के बीच भी अपना कामकाज जारी रखा और वह न्याय मुहैया कराती है।

### 'भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी बंगाल में उनका स्थान नहीं'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी है और राज्य में उनका कोई स्थान नहीं है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी कहा कि वह बंगाल को कभी भी दंगा-प्रभावित गुजरात नहीं बनने देंगी। ममता ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में बाहरी लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग सिर्फ चुनावों के दौरान राज्य में आते हैं और राज्य की शांति को बाधित करने की कोशिश करते हैं, उनका कोई स्वागत नहीं है। हाल में भाजपा ने राज्य को पांच संगठनात्मक क्षेत्रों में विभाजित किया है और केंद्रीय नेताओं को उनका प्रभारी बनाया है।

### अमेरिका से दो सी गार्डियन ड्रोन किराए पर लिए

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) पर निगरानी बढ़ाने के लिए अमेरिका की एक रक्षा उत्पाद कंपनी से दो सी गार्डियन ड्रोन किराए पर लिए हैं। हालांकि नौसेना के इस कदम के जानकार कुछ लोगों का कहना है कि जरूरत पड़ने पर इन ड्रोनों की लद्दाख क्षेत्र में भी तैनाती की जा सकती है। उन्होंने बताया कि एमक्यू-9बी नाम के ए दो सी गार्डियन ड्रोन हथियारों से लैस नहीं हैं, इन्हें एक साल के लिए किराए पर लिया गया है तथा किराए की अवधि और एक वर्ष बढ़ाने का भी इसमें विकल्प है।

### श्रीनगर में सुरक्षाबलों पर आतंकी हमला, दो जवान शहीद

**कश्मीर।** मध्य कश्मीर के श्रीनगर जिले के एचएमटी इलाके में गुरुवार दोपहर संदिग्ध आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। सूचना मिल रही है कि इस हमले में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए हैं। इससे पहले बताया जा रहा था कि दो जवान घायल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां से फरार हो गए। फिलहाल पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### राष्ट्रव्यापी हड़तालः पूरी तरह बंद रहा केरल, सामाजिक जीवन अस्त-व्यस्त

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा की अगुवाई वाली राजग सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में विभिन्न मजदूर संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का वामपंथी शासन वाले केरल में व्यापक असर देखने को मिला। इस दौरान राज्य में दुकानें नहीं खुलीं और सार्वजनिक क्षेत्र की बस सेवा केएसआरटीसी भी बंद रही। संयुक्त मजदूर संगठनों की एक केंद्रीय समिति के आह्वान पर 24 घंटे की हड़ताल से देश के दक्षिणी राज्य में सामान्य जीवन प्रभावित हुआ और इसका असर सरकारी कार्यालयों, बैंक और बीमा सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों पर दिखा। पूरे केरल में सभी सरकारी कार्यालय और प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

### वन नेशन-वन इलेक्शन : मोदी

**केवड़िया (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) की जोरदार वकालत की और इसे केवल विचार-विमर्श का मुद्दा नहीं, बल्कि देश की जरूरत बताते हुए कहा कि इस बारे में गंभीरता से सोचा जाना चाहिए। मोदी यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के 80वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिन का यह सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ था जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। प्रधानमंत्री ने लोकसभा, विधानसभा या पंचायत चुनावों के लिए केवल एक मतदाता सूची का उपयोग किए जाने की भी वकालत की।

### लालू को पेइंग वार्ड में स्थानांतरित किया

**रांची।** बिहार में पीरपैंती से भाजपा विधायक ललन पासवान को फोन कर विधानसभा की कार्यवाही से गैर हाजिर होने के लिए लालच देने के लिए कथित तौर पर फोन करने के बाद चारा घोटाले में सजायाफ्ता राजद सुप्रीमो लालू यादव को रांची में रिम्स के निदेशक के बंगले से वापस अस्पताल के पेइंग वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें कमरा नंबर ए-11 में स्थानांतरित किया गया है।

### मथुरा में वकीलों ने दी सोमवार से हड़ताल की चेतावनी

**मथुरा।** जनपद में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की स्थापना जिला न्यायालय प्रांगण अथवा जिला मुख्यालय परिसर में ही कराए जाने की मांग को लेकर मथुरा के सभी वकीलों ने सोमवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। बार एसोसिएशन के सचिव सुनील चतुर्वेदी एवं दावा फोरम के सचिव ओमवीर सारस्वत लंकेश ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से दावा फोरम के सभी सदस्य अधिकरण की स्थापना जिला मुख्यालय से दूर निजी कॉलेज भवन में किए जाने के विरोध में हैं। नतीजतन एक दिन भी काम नहीं हो पाया है।

## जम्मू-कश्मीर अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद पहला चुनाव, तैयारियां जोरों पर

**एजेंसी।** श्रीनगर

**अनुच्छेद** 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने और पूर्ववर्ती राज्य के पुनर्गठन के बाद जम्मू-कश्मीर में पहले चुनावों के लिए तैयारियां जोरों पर हैं और राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए जोरशोर से प्रयास में लगे हुए हैं।

जिला विकास परिषद (डीडीसी) के पहले चुनाव आठ चरणों में होंगे, जिनमें 28 नवंबर से 22 दिसंबर तक 20 जिलों में 280 सदस्यों का चयन किया जाएगा। केंद्र शासित क्षेत्र में निर्वाचित सरकार की गैर मौजूदगी में ये परिषद क्षेत्र में प्रशासन की नई इकाई बनने वाले हैं। डीडीसी चुनावों के साथ 230 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और 1200 पंचायत सीटों के लिए आठ चरणों में उपचुनाव होंगे।

### आठ चरणों में डीडीसी के पहले चुनाव

वर्ष 2018 में पंचायत चुनावों का बहिष्कार करने वाले बड़े क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरे हैं। जम्मू-कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस भी चुनाव प्रचार कर रहे हैं। भाजपा ने जहां केंद्रीय मंत्रियों और नेताओं को अपने स्टार प्रचारक के तौर पर उतारा है। वहीं कांग्रेस के स्थानीय नेता ही प्रचार कर रहे हैं। राज्य चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डीडीसी, पंचायतों और यूएलबी चुनावों के लिए सभी अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं।

### रोशनी कानून के तहत पूर्व मंत्री पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रोशनी कानून के तहत अपने नाम पर वन की भूमि हासिल करने में कथित अनियमितता को लेकर जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन के खिलाफ मामला दर्ज किया।

पूर्ववर्ती राज्य में कांग्रेस के मंत्री रहे मोहिउद्दीन के साथ एजेंसी ने शोपियां के पूर्व उपायुक्त मोहम्मद रमजान ठाकुर, तत्कालीन अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद यूसुफ जरगर, राजस्व विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त उपायुक्त हफिजुल्ला और तत्कालीन तहसीलदार गुलाम हसन राठेर के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। उधर, इस कानून को निरस्त करने के लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पूर्व नौकरशाहों, कारोबारियों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों आदि ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर की हैं। इस कानून के तहत सरकार की जमीन पर कब्जा धारकों को ही मालिकाना हक देने का प्रावधान था।

## आंदोलन पर सियासत गर्म

### कैप्टन किसानों को भड़का रहे हैं: मनोहरलाल खट्टर

### हरियाणा के किसान दिल्ली क्यों जा रहे : अमरिंदर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**केंद्र** सरकार के खेती से जुड़े कानूनों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा के किसान 'दिल्ली चलो' का नारा बुलंद करके पानीपत के टोल प्लाजा तक पहुंच चुके थे। अब किसान और पुलिस आमने सामने हैं, तो पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री ट्विटर पर टकरा रहे हैं।

पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को टैग करते हुए ट्वीट किया कि यह बहुत दुख की बात है कि संविधान दिवस पर किसानों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उन्हें जाने दीजिए खट्टर जी। उन्हें मत धकेलिए। किसानों को



अपनी आवाज शांति से दिल्ली तक पहुंचाने दीजिए।

इसके जवाब में मनोहर लाल ने ट्वीट किया कि कैप्टन अमरिंदर सिंह जी, मैं फिर कह रहा हूं। मैं राजनीति छोड़ दूंगा अगर मिनिमम सपोर्ट प्राइज (एमएसपी) पर कोई परेशानी होगी। इसलिए किसानों को उकसाना बंद कीजिए। मैं पिछले तीन दिन से आपसे बात करने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन दुख की बात है कि आप लगातार अनरिचेबल हैं। इससे

### सड़क पर जवान और किसान भिड़ रहे ट्विटर पर सीएम हरियाणा और पंजाब के बीच झड़प

पता चलता है कि किसानों के मुद्दों पर आप कितने गंभीर हैं। आप सिर्फ ट्वीट कर रहे हैं। बात करने से भाग जाते हैं। अमरिंदर सिंह ने भी इसका जवाब दिया। उन्होंने ट्वीट किया कि आपकी प्रतिक्रिया से मैं शॉक्ड हूं एमएल खट्टर जी। किसानों को एमएसपी पर आश्वस्त होना है, मुझे नहीं। किसानों के दिल्ली जाने से पहले आपको उनसे बात करने की कोशिश करनी चाहिए थी। अगर आपको लगता है कि मैं किसानों को



उकसा रहा हूं, तो हरियाणा के किसान दिल्ली के लिए क्यों मार्च कर रहे हैं? उन्होंने एक और ट्वीट किया। इसमें लिखा कि लगभग 2 महीने से किसान बिना किसी समस्या के पंजाब में शांति के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हरियाणा सरकार ताकत का इस्तेमाल करके उन्हें क्यों उकसा रही है? क्या किसानों को पब्लिक हाईवे से शांति से गुजरने का हक नहीं है?

इस लड़ाई में कभी भाजपा का सहयोगी रहा शिरोमणि अकाली दल भी कूद गया। पार्टी के चीफ सुखबीर सिंह बादल ने कहा, 'आज पंजाब का 26/11 है।' हम लोकतांत्रिक तरीके से विरोध के अधिकार को खत्म होते देख रहे हैं। अकाली दल किसान आंदोलन को दबाने के लिए हरियाणा सरकार और केंद्र की निंदा करता है। पंजाब के किसानों की लड़ाई को वाटर कैनन से नहीं रोका जा सकता। बादल ने कहा कि किसान किसी भी सियासी झंडे के तले अपना अभियान शुरू नहीं करना चाहते हैं। सभी दलों के किसान इस (फार्म लॉ) मुद्दे पर एकजुट हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी इसमें सबसे अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इन कानूनों का बिल्कुल विरोध नहीं किया।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शुक्रवार, 27 नवंबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## अपना दायित्व समझ कर करें कोविड के नियमों के प्रति जागरूक : चक्रवर्ती

*वर्तमान में जागरूकता के अभाव में कोरोना वायरस तेजी के साथ फैल रहा है। ऐसी स्थिति में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने में सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य लोगों को आगे आना होगा, क्योंकि वैक्सीन के अभाव में कोरोना से लड़ने का एक मात्र हथियार जागरूकता ही है। लोगों को समझाना होगा कि मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का पालन करके ही हम कोरोना को मात दे सकते हैं। ये कहना है कालीबाड़ी मंदिर संस्थान के अध्यक्ष डीएस चक्रवर्ती का। लॉकडाउन के दौरान श्रीचक्रवर्ती लगातार अपनी टीम के साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने में जुटे रहे हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डीएस चक्रवर्ती की बातचीत के अंश :-***



**जीवन परिचय**

नाम : डीएस चक्रवर्ती
जन्मदिन : 5 मार्च 1959
पिता : सीएच चक्रवर्ती
माता : सुमति चक्रवर्ती
पत्नी : कृष्णा चक्रवर्ती
परिवार : बेटा अर्पण चक्रवर्ती
स्कूल : हाई सैकेंड्री - वर्धमान टाउन स्कूल, पश्चिम बंगाल
उच्चशिक्षा :बीएससी - वर्धमान यूनिवर्सिटी

**▸ सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 1981 में स्नातक करने के बाद एक रिश्तेदार ने फरीदाबाद मैं नौकरी दिलवाने का आश्वासन देकर यहां बुलाया था। वर्ष 1982 में मैंने यहां टीआईआरएफओआर इंडिया लिमिटेड कंपनी सुपरवाइजर के पद पर ज्वाइन कर ली। वर्ष 1987 में मुझे केमिकल विभाग से इंजीनियरिंग के सेल्स विभाग में भेज दिया गया। वर्तमान में मैं इस कंपनी में डायरेक्टर मार्केटिंग के पद पर कार्यरत हूं।

**▸ सवाल : क्या शिक्षा के दौरान आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

**जवाब :** मुझे क्रिकेट खेलने का काफी शोक था। साथ ही मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान वाद विवाद प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेता था। जिसमें मुझे कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

**▸ सवाल : समाजसेवा के क्षेत्र में आपने किसकी प्रेरणा से कदम रखा।**

**जवाब :** मेरी बड़ी बहन अर्पणा चक्रवर्ती हमें स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियां सुनाया करती थी। जिससे मुझे समाजसेवा और समाज में व्याप्त कुरूतियों के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिली। उस दौरान मैं आरएसएस के साथ जुड़ गया था। हम गांव गांव जाकर लोगों को कुरूतियों के खिलाफ जागरूक करते थे।

**▸ सवाल : फरीदाबाद में आपने समाजसेवा की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब :** मैं बेटे के स्कूल टीचर एके पंडित के माध्यम से वर्ष 2005 में सेक्टर 16 स्थित कालीबाड़ी मंदिर से जुड़ा था। वर्ष 2010 में अजीवन सदस्यता लेकर मैने मंदिर कमेटी में सक्रिय रूप से काम करना शुरू कर दिया। पिछले सात साल से मैं मंदिर में अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हूं।

**▸ सवाल : अध्यक्ष बनने के बाद समाज कल्याण क्या क्या कार्य शुरू किए।**

**जवाब :** मंदिर में पहले से ही समाज कल्याण के कई कार्य किए जा रहे थे। हमने टीम के साथ मिलकर उन कामों को विस्तार देने का कार्य किया है। मंदिर की तरफ रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं। मंदिर में कंप्यूटर और आर्ट क्लास लगाई जाती है। वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है।

**▸ सवाल : मंदिर कमेटी की भविष्य की क्या योजनाएं हैं।**

**जवाब :** हम मंदिर की तरफ से जल्दी ही नि: शुल्क एम्बुलेंस और बुजुर्गों के लिए ई-रिक्शा सेवा शुरू करने जा रहे हैं। संस्था की तरफ से प्लाज्मा दान करने और कोरोना से बचाव के नियमों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

**▸ सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** वर्तमान स्थिति में हम सिर्फ सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करके ही कोरोना को मात दे सकते हैं। हम सभी को अपना दायित्व समझते हुए अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बचाव के नियमों का पालन करना होगा।

**▸ सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब :** ऐसे लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। हमें अपना कर्तव्य समझते हुए ऐसे लोगों को बार बार जागरूक करना होगा।

**▸ सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने सही समय पर सही कदम उठाया था। इसी वजह से हमारे देश की हालत अन्य देशों के मुकाबले बेहतर है।

---

**शहर का तापमान**

• अधिकतम 24.01 डिग्री सेल्सियस
• न्यूनतम 10.04 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

▸ बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए पुलिस तैनात : सुबह 8 बजे से
▸ बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे
▸ सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों की धरना प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
▸ बीके अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

### ऐसे खरीदें बेचें यूनिटें

**व्यक्ति** म्यूचुअल फंड इकाइयों के माध्यम से या म्यूचुअल फंड वितरकों, दलालों, या सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड के माध्यम से म्यूचुअल फंड यूनिट खरीद और बेच सकते हैं। वितरकों के फायदों में से एक यह है कि एक ही छतरी के नीचे अलग-अलग फंड हाउस की कई योजनाएं मिल सकती हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### नवोदय में कक्षा छह के लिए आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय फरीदाबाद में कक्षा 6 (छठी) हेतु आवेदन फार्म आमंत्रित किए जा रहे हैं। ये जानकारी उपायुक्त यशपाल ने बताया कि इस संबंध में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए 10 अप्रैल 2021 को होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन 15 दिसम्बर 2020 तक आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने जिले के पांचवी कक्षा में पढ़ रहे बच्चों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे इस संबंध में जानकारी हासिल कर अपने पात्र बच्चों के फार्म भरवा कर उनका जवाहर नवोदय विद्यालय मे दाखिला करने के लिये ऑनलाईन फार्म भरकर दाखिला लेने की प्रक्रिया में शामिल हों। अपने बच्चों का दाखिला करवा एनवीएस में करा सकते हैं।

**क्विक न्यूज**

### स्टेट अवार्ड के लिए भेजा नाम

**फरीदाबाद।** जिले से तीन अध्यापकों का नाम शिक्षा निदेशालय की तरफ से स्टेट अवार्ड के लिए भेजा गया। जिस पर निदेशालय की तरफ से जिले में आकर शिक्षा विभाग से दो अधिकारियों ने आकर तीनों अध्यापकों की वेरिफिकेशन की। जिसमें पाया गया कि तीनों ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए हैं। वहीं कोरोना महामारी के इस दौर में भी तीनों अध्यापकों का कार्य बेहतर है। इन तीनों अध्यापकों में चतर सिंह, संस्कृत टीचर सरोज और सतीश शामिल हैं। चतर सिंह गांव एतमादपुर के प्राइमरी स्कूल के हेड इंचार्ज हैं। सरोज गांव सारन के सीनियर सेकंडरी स्कूल में संस्कृत टीचर हैं, जबकि सतीश ओल्ड फरीदाबाद के बॉयज सीनियर सेकंडरी स्कूल में टीचर हैं। सरोज स्काउट एंड गाइड का भी काम देखती हैं। इन तीनों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे। इसमें अध्यापकों की तमाम तरह की गतिविधियों को देखा गया, तभी तीनों के नाम जिले से भेजे गए हैं।

---

# आंदोलन : सीमा पर चरमराई व्यवस्था कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा

## सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**केंद्र** सरकार पर कर्मचारी एवं किसान विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को हुई हड़ताल का खासा असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण जिले के विभिन्न सरकारी विभागों, बैंक और अन्य कार्यालयों में काम काज पूरी तरह ठप रहा है। जिसके कारण अपने काम के सिलसिले में सरकारी कार्यालयों में आने लोगों को वापस लौटना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ आंदोलनकारियों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए बदरपुर और अन्य सीमाओं को छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

बदरपुर सीमा पर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच किए जाने के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। सीमा पर वाहनों की लंबी लाइन लग जाने से जाम लग गया। लोगों को सीमा पार करने में लंबा समय लग गया। वहीं सवारी वाहनों को रोकने की वजह से लोग पैदल इधर से उधर जाना पड़ रहा था। यहां तक कि लोगों को अपना सामान लाद कर पैदल जाना पड़ रहा था। किसानों और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ छेड़े गए इस आंदोलन का खामियाजा सबसे ज्यादा आम लोगों को भुगतना पड़ा। इस हड़ताल का सरकार पर कितना असर हुआ, यह तो भविष्य बताएगा।

### झेलनी पड़ी परेशानी

**बिजली** निगम के अधिकतर कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से बिलों व बिजली संबंधी शिकायतों का निपटारा नहीं हो सका। स्वास्थ्य विभाग के आपातकालीन सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को छोड़कर बाकी ठेका कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हुए। पर्यटन निगम के सूरजकुंड, बड़खल, मेगपाई, गोल्फ कोर्स, होटल राजहंस पर्यटन स्थलों के कर्मचारी हड़ताल पर रहने से तंदूर ठंडे पड़े रहे। जन स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने हड़ताल में शामिल होकर काम काज ठप्प कर दिया और अपना विरोध जताया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग में भी हड़ताल का असर रहा और वीएलडीए हड़ताल में शामिल रहे।

स्कूल बंद होने के कारण सभी अध्यापक व स्टाफ हड़ताल में शामिल हुए। पंचायत विभाग के कर्मचारी, काम करने वाले ग्रामीण सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील वर्करों ने भी बढ़ चढ़ कर हड़ताल में भाग लिया। इस हड़ताल के कारण आईटीआई, वन विभाग सहित अनेक विभागों के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार करके प्रदर्शनों में भाग लिया। इसके अलावा बैंक, बीमा कार्यालय ,डाक विभाग, भूजल बोर्ड, आयकर, प्रतिरक्षा, इंडियन आयल, जेसी बोस विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया। हड़ताल के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।



फोटो: राजेश पुंजानी

**किसान नेता गिरफ्तार**

**आंदोलन** कर रहे किसानों के समर्थन में यहां से भी बड़ी संख्या में लोगों के दिल्ली जाने की सम्भावना थी। जिसके कारण पुलिस ने भी पूरी व्यवस्था पहले से कर रखी थी। राष्ट्रीय जाट एकता मंच के जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी ने संगठन के कार्यकर्ताओं से दिल्ली चलने का आह्वान किया था। जिसके कारण संदीप चौधरी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार सुबह काफी संख्या में लोग बल्लभगढ़ के सेक्टर दो की मार्केट में एकत्रित होने लगे। इस बात की भनक लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उन्हें लौटाने का प्रयास किया। लेकिन दिल्ली जाने की बात पर अड़े रहने के कारण पुलिस ने संदीप चौधरी व एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और थाने ले जाया गया। दोपहर बाद स्थिति नियंत्रण में होने पर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।

**सीमा पर चरमराई व्यवस्था**



**सरकार** द्वारा लाए गए कृषि बिल के विरोध में किसाने ने दिल्ली चलो का नारा दिया था। जिसके तहत हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब और अन्य राज्यों के किसान पहले से ही दिल्ली के लिए रवाना हो रहे थे। पुलिस की तरफ से किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए सीमाओं पर कड़ा पुलिस बंदोबस्त किया गया था। दिल्ली पहुंचने के लिए किसान विभिन्न तरह के उपाय अजमा रहे थे। जिसे देखते हुए पुलिस ने भी कड़े इंतजाम किए थे। फरीदाबाद से दिल्ली जाने वाले सभी रास्तों पर रात से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी तैनात किया गया था। प्रह्लादपुर सीमा पर स्थिति करीब करीब नियंत्रण में थी। लेकिन बदरपुर सीमा पर सुबह से ही यातायात व्यवस्था चरमरा गई थी। पुलिस ने बदरपुर सीमा से गुजरने वाले वाहनों की जांच के लिए कड़े इंतजाम किए हुए थे। वाहनों की गहनता के साथ जांच के बाद दिल्ली में प्रवेश के लिए भेजा जा रहा था। इस दौरान वाहन चालक और सवार लोगों से पूछताछ के अलावा उनके पहचान पत्रों की जांच भी की जा रही थी।

**आम लोगों को परेशानी**



**सरकार** की नीतियों और मांगों को लेकर कर्मचारियों और अन्य संगठनों द्वारा समय समय पर हड़ताल और अन्य आंदोलन छेड़े जाते है। हड़ताल के कारण कई बार कर्मचारियों की मांगों को सरकार द्वारा मान लिया जाता है, लेकिन इससे आम लोगों को होने वाली परेशानियों की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया जाता। हर बार की तरह बृहस्पतिवार की हड़ताल और किसान आंदोलन की वजह से आम लोगों को भारी परेशानी झेलने के लिए मजबूर होने पड़ा। दिल्ली में किसानों के पहुंचने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए सवारी वाहनों को पहले ही रोक कर यात्रियों को उतार कर पैदल सीमा पार भेजा जा रहा था। काम के सिलसिले में दिल्ली आने जाने वाले लोगों को पैदल जाने को मजबूर होना पड़ा। कई लोगों को अपना भारी भरकम सामान सिर पर लाद कर पैदल जाना पड़ रहा था।

---

# संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा

## संविधान दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर अधिकार और कर्तव्यों पर बेटियों ने पेंटिंग बनाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच-तीन** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस द्वारा संविधान दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि वर्ष 2015 में संविधान के निर्माता डॉ. अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के फैसले को अधिसूचित किया था।

संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। इसके कई भाग इंग्लैंड, अमेरिका, जर्मनी, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान के संविधान से लिये गये हैं। इसमें देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री की शक्तियों का वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल प्रति 16 इंच चौड़ी, 22 इंच लंबे चर्मपत्र की शीटों पर लिखी हुई है इस पांडुलिपि में 251 पृष्ठ शामिल थे संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे, यह 26 नवंबर 1949 को पूरा हुआ था। 26 जनवरी 1950 को भारत गणराज्य का संविधान लागू हुआ था। संविधान की मूल कॉपी प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने हाथ से लिखी थी। यह अदभुद कैलीग्राफी के जरिए इटैलिक वर्णमाला में लिखी गई है। इसके हर पृष्ठ को शांतिनिकेतन के कलाकारों ने सजाया था। ब्रिगेड एवम् जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि मूल रूप से भारतीय संविधान में कुल 22 भागों में 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियाँ थी, विभिन्न संशोधनों के परिणामस्वरूप वर्तमान में इसमें 25 भागों में 470 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां हैं। संविधान के तीसरे भाग में 6 मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा विभाग के आदेशानुसार आज छात्राओं ने ऑनलाइन कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और अनुष्का, तबिंदा और तनु ने संविधान दिवस और कर्तव्यों पर पेंटिंग भी बनाई। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने इस अवसर पर सभी अध्यापकों का और विशेष रूप से प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर, प्रियंका शर्मा, पूनम और शीतू का सुंदर आयोजन में सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया।



### पत्रकारिता में है अपार सम्भावनाएं : राकेश

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय में 'जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग' द्वारा 'नेशनल प्रेस दिवस' के उपलक्ष में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का विषय पत्रकारिता अवसर एवं चुनौतियां' रहा।

वेबिनार के मुख्य वक्ता राकेश गौतम ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपने पत्रकारिता के अनुभव साझा किए। उन्होंने पत्रकारिता में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस वेबिनार में विभाग की छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्या नम्रता शर्मा ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। आह्वान किया कि पत्रकारिता के माध्यम से समाज की सेवा करें। राजकीय महिला महाविद्यालय में 26 नवम्बर 2020, राष्ट्रीय संविधान दिवस' के रूप में मनाया गया। यह संविधान दिवस 'चुनाव क्लब' तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संयुक्त रूप से मनाया गया।

---

## संक्षिप्त समाचार

### क्रेडिट शिविर का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गत दिवस एमसीएफ में पीएम सवनिधि के तहत रेहड़ी, पटरी विक्रेता हेतु दिए जाने वाले 10 हजार रूपये के ऋण के लिए क्रेडिट शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य प्रबंधक, जिला अग्रणी कार्यालय फरीदाबाद डॉ. अलभ्य मिश्रा ने सभा को इस योजना की विशेषता के बारे में अवगत कराया। शिविर में उपस्थित अन्य बैंकों के अधिकारियों के सहयोग के साथ 45 आवेदनों को तुरंत मंजूरी दी गई। डॉ. अलभ्य मिश्रा ने शिविर में प्रतिभागियों की सभी शिकायतों का निवारण किया। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल, बैंक सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक, इण्डियन बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक के अधिकारी के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता केंद्र से सुरेश कुमार और केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद के अमित कुमार उपस्थित थे। एमसीएफ अधिकारी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारिका प्रसाद ने कैंप मे लाभार्थियों की फाइल बना वेंडर सर्टिफिकेट प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि दो दिवस मे 125 से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराए गए है।

### यूथ क्रिकेट इलेवन ने छह विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठां ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में यूथ क्रिकेट इलेवन ने सूरज राघव क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। सूरज राघव क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 29.2 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए गर्व कटारिया ने 32 रन, यशवर्धान गोयल ओर सेंडी ने 17-17 रन, ओर ईशान अरोडा ने 13 रन बनाए। यूथ क्रिकेट इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए हिमांशु चौहान ने 4 विकेट, विकास कुमार और इंदर कुमार ने 2-2 विकेट और संजय जोशी ने एक विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्रिकेट इलेवन की टीम ने 35.5 ओवर में 4 विकेट में 149 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सुजल सिंह ने 47 रन, प्रदीप ने 31 रन और हर्ष ने 28 रन बनाए। सूरज राघव क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए ईशान अरोडा ने 2 विकेट, साहिल भारद्वाज और गर्व कटारिया ने 1-1 विकेट लिया। लाखन एंपायर के द्वारा मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार हिमांशु चौहान को दिया गया।

### संविधान दिवस पर डीएवी में ली शपथ



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष में कॉलेज के कला एवं संकाय के इतिहास विभाग एवं एनसीसी यूनिट द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ.सविता भगत द्वारा संविधान की प्रस्तावना, उददेश्य एवं महत्व के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कॉलेज के प्राध्यापक को एवं विद्यार्थियों दृवारा संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मूलभूत अधिकारों के सदुपयोग एवं मौलिक कर्तव्यों का पालन करने के प्रति भी जागरुक किया गया और देश का एक कर्तव्य निष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### पुलिस की आवाज टीम ने बांटी फार्स्ट एड बॉक्स



**फरीदाबाद।** पुलिस की आवाज़ टीम ने 26 नवंबर को मुम्बई ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों की याद में सेक्टर-16 स्थित महिला थाने में तैनात एसीपी जयपाल को फार्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध करवाये। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस की आवाज़ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक झा, जिला अध्यक्ष सुमित शर्मा ने बताया कि यह फार्स्ट एड बॉक्स इसलिए उपलब्ध करवाये गए हैं, ताकि यह पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियों में रखवाए और दुर्गा शक्ति की गाड़ियों की इंचार्जो को उपलब्ध करवाये जा सके। जिससे समय पड़ने पर वह स्वयं भी और मददगार लोगों की मदद कर सके। इस मौके पर दीपक झा के अलावा सुमित शर्मा, नवदीप सिंह, डीडी गोयल, भावना धवन, रितु रतरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सात विकेट से मैच जीता



फरीदाबाद । छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) ने एसकेजेसीए को 7 विकेट से हराया। मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एसकेजेसीए की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 39.3 ओवर में 10 विकेट पर 161 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए यश नर्वात ने 58 रन, राहुल यादव ने 29 रन, ओर साजिद सैफी ने 12 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए करन डेडा ओर अंनु भड़ाना ने 3-3 विकेट, अनिक गौर ने 2 विकेट, हर्ष फागना ओर धीरू सिंह ने 1-1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की टीम ने 25.2 ओवर में 3 विकेट में 162 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए धीरू सिंह ने 86 रन, प्रबल शर्मा ने 36 रन और कृष्णा भड़ाना ने 15 रन बनाए।

### उपायुक्त कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। ये विचार उपायुक्त यशपाल ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में इस सम्बंध मे आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कर्मचारी और अधिकारियों को शपथ भी दिलवाई।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23-11-2020 को समय करीबन सायं 4:00 बजे अपनी मर्जी से घर से बाहर आधा घन्टे की कहकर चला गया था जो अपनी कार नम्बर DL12CK7607 मार्का हुंडाई एलन्टरा व अपनी सफेद रंग की कार अपने साथ लेकर गया है जो वापिस नही आया है मुकद्दमा न. 619 दिनांक 24-11-2020 यू/एस- 346 आईपीसी थाना सुरजकुण्ड जिला फरीदाबाद। हुलिया रंग गेहुवां, लम्बुतरा चेहरा, चेहरे पर चेचक का दाग, हल्का पतला शरीर, कद 5 फिट 7 इंच उम्र 55 साल है। सूचना मिलने पर नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

जांच ऑफिसर, आईएसआई सुनील कुमार पुलिस चौकी ग्रीन फील्ड फरी. - 8901327962
प्रबन्धक अफसर थाना सुरजकुण्ड फरी. - 9582200127, चौकी इंचार्ज ग्रीन फिल्ड - 9582200149

# हिदायतों के साथ चल रहा फसल खरीद का कार्य: अपराजिता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसडीएम** अपराजिता ने कहा कि स्थानीय अनाज मंडी बल्लभगढ़ और मोहना अनाज मण्डी में खरीफ फसल खरीद का कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निरन्तर चल रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों अनाज मण्डियों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बाजरा की सरकारी खरीद एक अक्टूबर से और पीआर किस्म धान की खरीद पांच अक्टूबर से शुरू की गई है।

उपमंडल में बृहस्पतिवार को अब तक धान की कुल 6 लाख 29 हजार 559 क्विंटल, बाजरा 30 की हजार क्विंटल और कपास की 19 हजार 69 क्विंटल खरीद की गई है। खरीद का कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार और दोनों अनाज मण्डियों में कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नियमों की सही पालना के साथ किया जा रहा है।

हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के स्थानीय बल्लभगढ़ अनाज मण्डी के सचिव ऋषि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा हिदायतों के अनुसार मण्डी में कपास, धान व बाजरा की खरीद की जा रही है।

धान की पीआर किस्म की खरीद एमएसपी 1888 रूपये प्रति क्विंटल की दर से और बाजरा की खरीद 2150 रूपये प्रति क्विंटल की दर से सरकारी एजेंसियों द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया की अब तक दो लाख 93 हजार 39 क्विंटल धान की खरीद कर ली गई है। कपास की 19 हजार 69 क्विंटल और बाजरा की 30 हजार क्विंटल खरीद की जा चुकी है।

# कोरोना विस्फोट: 6 मौतें, 457 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 38917

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को जिले में कोरोना के 457 मरीज सामने आए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 38917 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में छह मौतें होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 321 पर पहुंच गया है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 557 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 87.3 प्रतिशत पर पहुंच गया।

## जागरूकता की जरूरत

**शहर** के लोगों और प्रशासन की लापरवाही के कारण कोरोना वायरस जिले में तेजी के साथ अपने पैर पसारता जा रहा है। ऐसे में शहर में पॉजिटिव मरीजों की संख्या भी हर रोज तेजी के साथ बढ़ रही है। यदि



प्रशासन ने जल्दी ही सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले दिनों स्थिति और गंभीर हो सकती है। शहर के गणमान्य लोगों का मानना है कि लॉकडाउन के दिनों की तरह एक बार फिर लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे।

## मृतक और पॉजिटिव

**कोरोना** पॉजिटिव छह मरीजों में एसजीएम नगर निवासी 62 वर्षीय महिला, गांधी मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय महिला, सेक्टर-28 निवासी 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला, खेड़ी कला निवासी 62 वर्षीय महिला, एनआईटी निवासी 76 वर्षीय पुरूष, सेक्टर-29 निवासी 75 वर्षीय पुरूष शामिल है। यह सभी कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से गस्त थे। वहीं 457 पॉजिटिव में भारत कालोनी, सेहतपुर, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, चावला कालोनी, सेक्टर-3, 10, 87, 78, विष्णु कालोनी, पाली, मौजपुर, ग्रीनफिल्ड, सुरजकुंड, चार्मवुड, दयाल नगर, शिव दुर्गा बिहार, चंदावली, कृष्णा कालोनी, सेक्टर-55, 11, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, भूपानी, डबुआ, नेहरू कालोनी, पर्वतीया कालोनी, जवाहर कालोनी, प्रेम नगर, सेक्टर-सात, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, तिगांव, सेक्टर-3, 75, 88, टिकावली, जीवन नगर, गाजीपुर, एनआईटी-5, यादव कालोनी, पाली, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी, एनआईटी, तिरखा कालोनी, आदर्श नगर, शिव कालोनी, अमर नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, चंदावली, नवादा, तिगांव, सेक्टर-21, मेवला महाराजपुर, सेक्टर-9, 49, 25, 10, 18, 16, एनआईटी-एक, मुजेसर, अशोका इंक्लेव, सुभाष कालोनी, राजीव कालोनी और अन्य ऐरियों से मरीज शामिल हैं।

### यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | - 318679 |
| अब तक पॉजिटिव | -38917 |
| अब तक नेगेटिव | - 279317 |
| रिपोर्ट आनी शेष | -445 |
| गंभीर हालत में | - 88 |
| वेंटिलेटर पर भर्ती | -13 |
| अब तक मौते | - 321 |
| अब तक ठीक हुए | - 33989 |

# संक्षिप्त समाचार

## लापता बच्चों को परिवार से मिलवाया



**फरीदाबाद** । थाना एसजीएम नगर ने तीन लापता बच्चों को उनके परिवार से मिलाया है। थाना में सूचना मिली जिस पर थाना प्रबन्धक ने एक पुलिस टीम गठित की। टीम ने बच्चों को एक घंटे में ढूंढने में कामयाबी हासिल की। थाना पुलिस ने बताया कि अमर सिंह निवासी कल्याणपुर झुग्गी एनआईटी फरीदाबाद ने थाना मे आकर आपने दो लडकी एक लडका शादी में आये थे। जो तीनों बच्चे भीड़ में गुम हो गये हैं। जो वहां पर मौजूद बीट ऑफिसर ने वट्सअप ग्रुप में इसकी सूचना अपनी टीम को दी। जिसपर पुलिस टीम ने तीनों बच्चों को पटेल चौक एसजीएम नगर से सकुशल बरामद करके बच्चों को उनके परिजनों को हवाले कर दिया। अक्सर देखने को मिलता है कि भीड़-भाड़ वाली जगह पर बच्चे अपने माता पिता से बिछड़ जाते है और गलत लोगों के हत्थे चढ़ जाते हैं। इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों का ध्यान रखें ताकि वह गलत लोगों कि पहुंच से दूर रहे। पुलिस ने परिजनों को बच्चों के साथ हो रहे अपराध के बारे में अवगत कराया है और हिदायत दी कि वह अपने बच्चों का ध्यान रखें। अपने बच्चों को वापिस पाकर उनके माता पिता बहुत खुश हुए और पूरी पुलिस टीम को उनके द्वारा किये गये कार्य के लिये धन्यवाद किया। पुलिस आयुक्त ने पुलिस टीम की प्रशंसा की और उन्हे प्रशंसा पत्र से सम्मानित करने का फैसला किया।

## पर्स लौटा कर ईमानदारी की मिसाल कायम की



**फरीदाबाद।** पुलिस कर्मी ने ईमानदारी की मिसाल कायम करते हुए नकदी और गाड़ी के कागजात समेत मिला एक पर्स उसके मालिक को लौटाया है। पर्स में करीब ढाई हजार रुपये और ऑटो के कागजात थे। सिपाही की ईमानदारी को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने उसे प्रशंसा पत्र और नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। दरअसल सिपाही राकेश देर शाम सेक्टर-16 में टहल रहे थे कि उन्हें रास्ते एक पर्स मिला। पर्स में नकदी कागजात थे। मालिक का पता लगाने के लिए राकेश ने आईकार्ड तलाशा। लेकिन नहीं मिला। ऑटो के कागजात खंगाने पर एक मोबाइल नंबर मिला। फोन करने पर पता चला कि यह पर्स मालिक के परिचित का है। एक के बाद एक 15-20 लोगों से बात करने के बाद पर्स मालिक से सम्पर्क हो पाया। पता चलने पर बिजली विभाग में कार्यरत पर्स मालिक पलवल निवासी विनोद वहां पहुंचा। पूछताछ के बाद पर्स उन्हें सौंप दिया गया। विनोद ने सिपाही राकेश को 500 रुपये ईमान देना चाहा।

## बच्चों को बांटे गर्म कपड़े और टोपी



**फरीदाबाद।** शहर में जहां एक तरफ कोरोना महामारी के कारण लोग घरों में बैठने को मजबूर है। वहीं दूसरी तरफ समाजसेवी सतीश चौपड़ा कोरोना काल से ही बच्चों, बुजुर्गो और हर आयु वर्ग के लोगों की मदद कर रहे है। जहां लॉकडाउन के दौरान उन्होंने लोगों को राशन, फल व अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया। वहीं अब वह हर आयुवर्ग के लोगों को कपड़े डोनेट कर रहे है। वहीं सर्दियों को ध्यान में रखते हुए झुग्गी, झोपड़ियों व सड़क किनारे रहने वाले बच्चों को गर्म कपड़े व टोपियां पहना रहे हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने सेक्टर-58 स्थित झुग्गियों में रहने वाले गरीब बच्चों को नई जर्सी और टोपी पहनाई। जिसे लेकर बच्चे व उनके परिजन काफी खुश थे। नन्हें बच्चों ने सतीस चौपड़ा का धन्यवाद किया और पायनियर को बताया कि हमें दिवाली पर कपड़े दिए थे और आज नई जर्सी और टोपी दी है। हमारे पास लोग काफी कम आते है, लेकिन सतीश हमेशा हमारा और हमारे परिवार का सहारा बनते है। वहीं समाजसेवी सतीश चौपड़ा ने बताया कि वह नहरपार, मथुरा रोड, सेक्टर-56, 55 और अन्य कई इलाकों में गर्म कपड़े बच्चों को बांट चुके हैं। ताकि सर्दी से बच्चों का बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने 200 से 300 जोड़ी स्वेटर और टोपियां बच्चों को बांटने के लिए मंगवाई है।

## श्वेत क्रांति के जनक की जयंती पर उत्पादकों को डिजिटल अवार्ड

**फरीदाबाद।** श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने दूध उत्पादकों को डिजिटल अवार्ड प्रदान किया है। एनडीडीबी ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर बृहस्पतिवार को कहा कि उसका मकसद देश में डिजिटल ड्राइव को बढ़ावा देते हुए डेयरी से जुड़े किसानों को दूध के दाम का शत-प्रतिशत भुगतान बैंक और डिजिटल मंचों के जरिए करना है। डॉ. कुरियन का जन्म दिन 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर एनडीडीबी के अध्यक्ष दिलीप रथ ने दूध उत्पादकों, दूध से जुड़े सहकारी संस्थाओं व दूध उत्पादक कंपनियों को मिल्क प्रोड्यूसर्स डिजिटल अवार्ड व डिजिटल पेमेंट एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस मौके पर एनडीडीबी के कार्यकारी निदेशक मीनेश शाह और अरुण रास्ते भी मौजूद थे। डॉ. रथ ने कहा,''आज डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती यानी 26 नवंबर 2020 से हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं और इस अवसर पर हम प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले उत्पादक और उत्कृष्ट संस्थानाओं को यह अवार्ड व सर्टिफिकेट प्रदान कर रहे हैं।'' रथ ने कहा कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया ड्राइव के साथ-साथ एनडीडीबी के प्रयासों से डेयरी से किसान निश्चित तौर पर बैंकों से भुगतान प्राप्त करने और अन्य डिजिटल मंचों का उपयोग करने की ओर उत्साहित होंगे। एनडीडीबी के अध्यक्ष ने इस मौके पर डेयरी से जुड़ी सहकारी संस्थाओं में से 62 दूध उत्पादकों और दूध उत्पादक कंपनियों में से 24 दूध उत्पादकों को डिजिटल माध्यम से दूध का भुगतान स्वीकार करने के लिए सम्मानित किया।

# हड़ताल के दौरान तार-तार हुए कोविड-19 के नियम

कविता। फरीदाबाद



**एक** तरफ कोरोना वायरस जिले में बेकाबू होता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शहर के लोग भी बचाव के नियमों के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को विभिन्न विभागों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान तो कर्मचारियों ने कोविड-19 की गाइडलाइंस को पूरी तरह ताक पर रख दिया। हड़ताली कर्मचारियों ने बिना मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग के विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही जुलूस भी निकाला। ऐसे में कोरोना वायरस के फैलने का खतरा और ज्यादा बढ़ गया है।

## टूट गए नियम

**लॉकडाउन** के दौरान कोरोना योद्धा के रूप में जिले में तैनात रह कर लोगों को बचाव का संदेश देने वाले नगर निगम और अन्य विभागों के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल में स्वयं ही कोरोना के सारे नियमों को ताक पर रख दिया। ऐसा ही शहर के विभिन्न स्थानों पर हुए धरने प्रदर्शनों में देखने को मिला। कर्मचारियों ने नारेबाजी, धरना प्रदर्शन के बीच कोविड-19 की गाडलाइंन की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा रखी थी।

## न मास्क, न डिस्टेंस

**कोरोनाकाल** में हुई इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में विभागों के ज्यादातर कर्मचारियों ने न तो मुंह पर मास्क लगा रखा था और न ही किसी तरह का कोई अन्य बचाव का साधन अपना रखा था। वहीं जगह-जगह हुई हड़ताल में विरोध प्रदर्शन कर रहे कुछ कर्मचारियों ने सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ाई। स्पष्ट कहा जाए तो हड़ताल के दौरान जिले में ऐसा कोई स्थान नहीं था, जहां कोरोना गाइडलाइंन का पालन किया गया हो। शहर का बस स्टैंड, कार्यालय, सिविल अस्पताल, कम्पनी, सड़क, ऑटो, रिक्शा या बाजार हर जगह कोरोना गाइडलाइंन की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल लोगों में से कितने लोगों को कोरोना हुआ होगा और इनके सम्पर्क में न जाने कौन कौन आया है, वह आगे कितनों को अब तक पॉजिटिव कर चुके हैं, इसका अंदाजा ही लगाना मुश्किल है।

### चिकित्सकों का कथन

**शहर** के वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि एक तरफ जिले में मरीज बढ़ रहे है। वहीं दूसरी तरफ लोग कोरोना गाइडलाइंन के नियम के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में शहर में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिस तरह से लोग कोरोना के प्रति लापरवाह हो रहे है, उससे साफ है कि सर्दियों में कोरोना का आंकड़ा 50 हजार को पार कर जाएगा। रोजाना 500 से ज्यादा मरीज सामने आ रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि आने वाले दिनों में शहर का हर दूसरा या तीसरा व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव हो सकता है।

# पुलिस ने ली एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ



**फरीदाबाद।** देश भर में संविधान दिवस दिवस बृहस्पतिवार को मनाया गया। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया था। जिसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। 19 नवंबर 2015 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने के निर्णय लिया था।

इसको संविधान दिवस के रूप में मानने का एक मात्र बड़ा कारण वेस्टर्न कल्चर के दौर में देश के युवाओं के बीच में संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है, दरअसल यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था, इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी, इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस' के तौर पर मनाया जाता है।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा कार्यालय पुलिस आयुक्त में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) आदर्श दीप सिंह द्वारा कार्यालय पुलिस आयुक्त में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

# कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री पर राष्ट्रीय ई-कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री पर एक सप्ताह की राष्ट्रीय ई-कार्यशाला तथा हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया और वर्तमान परिदृश्य में कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान के महत्व का उल्लेख किया।



कार्यशाला में डॉ. बीआर अम्बेडकर एनआईटी, जालंधर के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों को कंप्यूटर की गुणवत्ता कौशल विकसित करने, ऊर्जा और पर्यावरण की वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए संख्यात्मक तौर-तरीकों को सीखने के लिए प्रेरित किया। जेएनसीएएसआर बेंगलुरु के प्रो. बालसुब्रमण्यम सुंदरम ने इस अवसर पर आणविक मॉडलिंग पर मुख्य व्याख्यान दिया। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि कार्यशाला ने विद्यार्थियों को कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री टूल्स के क्षेत्र में सीखने का अवसर प्रदान किया जा सके। डीन ऑफ फैकल्टी ऑफ साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित ने विद्यार्थियों से कार्यशाला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया ताकि लॉकडाउन के दौरान व्यावहारिक प्रशिक्षण के नुकसान को दूर किया जा सके और कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री स्किल में दक्षता हासिल की जा सके। इससे पहले रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विभाग विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन मोड में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. अनुराग ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यशाला में कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री के विद्यार्थियों और शोधकर्ता के मूलभूत उपकरणों को प्रशिक्षित करने के लिए आईआईटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, बीएआरसी, बीएचयू आदि से वक्ता शामिल होंगे।

# टीसी न मिलने पर बच्चे खा रहे धक्के

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के अधिकारियों के पास विद्यार्थी निजी स्कूलों की मनमानी से धक्के खाने को मजबूर हैं। छात्रों का आरोप है कि निजी स्कूल उनकी टीसी नहीं दे रहे और शिक्षा विभाग के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे। बृहस्पतिवार को भी शिक्षा विभाग में एक छात्र अपनी पीड़ा लेकर पहुंचा, जहां जिला शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र कौर वर्मा ने संबंधी स्कूल को टीसी देने के लिए कहा।

गौंछी में रहने वाला शुभव हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंधी एक प्राइवेट स्कूल से पिछले साल फेल हो गया था। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया और अपने पिता के साथ मजदूरी करने लगा। एक साल मेहनत मजदूरी कर शुभव इस बार प्राइवेट स्कूल में एडमिशन कराने पहुंचा तो स्कूल वालों ने टीसी मांगी। इसके चलते शुभव प्राइवेट स्कूल में टीसी लेने पहुंचा, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने शुभव पर 18 हजार रुपये बकाया बताकर टीसी देने से मना कर दिया। कई बार शुभव ने टीसी मांगी, पर उसे टीसी नहीं मिली है। इससे की परेशान होकर शुभव शिक्षा विभाग पहुंचा।

# पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण के जन्मदिन पर बांटे फल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोविड**-19 के मद्देनजर हरियाणा के आईएसएस पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा का उनके निवास पर 91 वां जन्मदिन बड़ी सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा ने अपने परिजनों के साथ मिलकर अपने निवास पर अपने पिताश्री की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया। मजदूरों और गरीबों तबके के लोगों को फल वितरित किए। जिसमें पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, समाजसेवी मुनेश शर्मा सहित पूर्व मंत्री के पुराने साथी उपस्थित थे।



पूर्व मंत्री के 91वें जन्मदिवस पर एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि उनके पिताश्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के लोगों की भलाई के लिए हमेशा कार्य किए। वो सुख-दुख में हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते थे, यही कारण है कि क्षेत्र की जनता अब भी उनसे बेशुमार प्यार करती है। वह आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्हीं का आशीर्वाद है, जो जनता ने वोट के रूप में उन्हें दिया और फरीदाबाद से एकमात्र कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा। वह जनता के इस मान-सम्मान और प्यार को हमेशा याद कर अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलते हुए सदैव क्षेत्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और वह यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि परिवार को किसी प्रकार की कोई दुख तकलीफ व कष्ट झेलना पड़े।?

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी का तीसरा चरण शुरू हो चुका है जिसके कारण प्रदेश में कोरोना संक्रमण मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा फरीदाबाद की जनता से अपील की है कि कोविड-19 के मद्देनजर जो सरकार द्वारा नियम जारी किए गए हैं।

# बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने हड़ताल को दिया नैतिक समर्थन

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने देश मे कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नैतिक समर्थन किया।

इस मौके पर प्रदेश के महासचिव सुनील खटाना ने कहा कि बिजली एक आवश्यक और जरूरतमंद सेवा है। इसके बाधित होने से स्वास्थ सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक है। जिसके चलते प्रदेश के अनेक नागरिकों को जान का जोखिम उठाना पड़ सकता है। इसलिए एचएसईबी वर्कर यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि किसी भी प्रदेश वासी की जान को जोखिम में डालने की बजाय संवेदनशील रवैया रखा और राष्ट्रव्यापी 26 नवम्बर 2020 की हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन दिया। जिसके तहत प्रदेश की बिजली निगम की सभी सर्कल स्तर के कार्यालय पर 1 घंटे की गेट मीटिंग कर विरोध जताया। सरकार को बताया कि यूनियन बिजली महकमे में बढ़ते निजीकरण के खिलाफ बिजली बिल संशोधन 2020 के खिलाफ श्रम कानूनों में हो रहे बदलाव के खिलाफ ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

# किसानों-मजदूरों के सच्चे मसीहा थे स्व. रणवीर हुड्डा

## कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता सेनानी की जयंती पर 106 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पूर्व** कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. रणवीर सिंह हुड्डा को नमन करते हुए कहा कि वे धर्म निरपेक्ष, जनतंत्र की नींव रखने वालों में से एक थे, भले ही वह आज हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनके आदर्श हमारे लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्व. रणवीर सिंह हुड्डा एक युगपर्वतक, गांधीवादी व किसानों-मजदूरों के मसीहा थे।

उन्होंने निस्वार्थ भाव से आम आदमी की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था, ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी के आदर्शो को हमें अपनाना चाहिए तभी एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सकता है।

श्री सिंगला आज सेक्टर-17 स्थित रणवीर हुड्डा पार्क में उनकी 106वीं जयंती के अवसर पर माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री सिंगला व अन्य कांग्रेसजनों ने स्व. रणवीर हुड्डा की अष्टधातु की प्रतिमा को गंगाजल से साफ किया और उस पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उनकी 106वीं जयंती पर पार्क में 106 पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इससे पूर्व सोनिया गांधी के राजनैतिक सलाहकार एवं राज्यसभा सांसद कांग्रेसी नेता अहमद पटेल के आकस्मिक निधन पर भी कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को उनकी कमी सदा खलेगी क्योंकि वह पार्टी के एक मजबूत स्तम्भ थे और पार्टी के मुश्किल वक्त में भी वह मजबूती के साथ खड़े रहे। कार्यक्रम के दौरान जहां कांग्रेसियों ने मुंह पर मास्क लगाएं रखे वहीं सोशल डिस्टेसिंग की भी पूरी तरह से पालना की गई।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि स्व. रणवीर हुड्डा के प्रयासों का ही परिणाम है कि हम आज आजादी की खुली हवा में सांस लें रहे है और हमारी युवा पीढ़ी को ऐसे महापुरूषों से प्रेरणा लेकर समाजसेवा व जनसेवा के कार्यो में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे की समाज से बुराईयों का अंत हो सके। उन्होंने कहा कि अपने पिता स्व. रणवीर सिंह हुड्डा के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी अपना समस्त जीवन जनसेवा में समर्पित कर दिया है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत जेसी बोस में रोष प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए कर्मचारी एसोसिएशन फरीदाबाद, वर्कशॉप एम्प्लाइज एसोसिएशन जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए और जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए मिल कमेटी फरीदाबाद ने संयुक्तरूप से लंच टाइम में परिसर में रोष प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की।

हड़ताल का समर्थन करते हुए एसोसिएशन ने युनिवर्सिटी कर्मचारियों की लंबित मांगों की लड़ाई लड़ने के लिए रणनीति तैयार की गई। इस कमेटी में विजय कुमार, अशोक कुमार, अवनीश गौड़, रीचा रानी, पूरन लाल, सतीश परेहा व दीपक सदस्य शामिल रहे। विजय कुमार ने बताया कि जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए कर्मचारी एसोसिएशन जो कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित है।

# कांग्रेसियों ने किया शोक प्रकट, दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, फरीदाबाद द्वारा संविधन दिवस के मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व कोषाध्यक्ष श्री अहमद पटेल तथा असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगई के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया और दो मिनट का मोन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 26/11 को मुंबई हमले में शहीद हुए लोगों को भी याद किया गया। जिले के समस्त कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर संविधान निर्माता समिति के सदस्य स्व. चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा और हरियाणा के पूर्व मंत्री पंडित शिवचरण शर्मा को उनकी जयंती पर उनका पूण्य स्मरण किया।

इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा एवं पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने कहा कि अहमद पटेल कांग्रेस की धुरी थे, उन्होंने पार्टी के विस्तार में अतुलनीय योगदान दिया। पार्टी में उनके योगदान और सहयोग



को हमेशा याद रखा जाएगा। कांग्रेस का सिपाही कैसा होता है, यह सीखने देखने के लिए कांग्रेसजनों को अहमद पटेल जी के जीवन और कार्यों पर एक नज़र डालनी चाहिए। पार्टी के प्रति निष्ठा का उदाहरण देना हो तो भी उनका नाम बार बार आएगा। राजनीति की जटिलता को वे जिस सहजता से सुलझाते रहे वह भी हम सबके लिए एक सबक है। जिनकी आंखें सरकार और सत्ता की चमक-धमक से चौंधिया जाती हैं, उन्हें सीखना चाहिए कि कैसे एक कार्यकर्ता सत्ता से दूर रहकर संगठन के लिए समर्पित होकर कार्य कर सकता है। उन्होंने इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगई को याद किया। श्री शर्मा व कौशिक ने इस मौके पर मुंबई हमले में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्राथना की ओर कहा की भारत के इतिहास में यह घटना सदैव याद रखी जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढींगरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश गौड़, पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कोशिक, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, एच पी.सी.सी कॉर्डिनेटर गौरव ढींगरा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष कौशिक, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव मोनू ढिल्लो, वरिष्ठ नेता अहसान कुरैशी, एआईपीसी जिला अध्यक्ष डॉ सौरव शर्मा, अनिशपाल, अशोक रावल, राजेश आर्य, एडवोकेट विनोद कोशिक, ब्रह्मप्रकाश गोयल, प्रशांत कौशिक, दानिश, जय भगवान भारद्वाज, ताजू खान, के सी शर्मा प्रधान आर.टी.आई सेल, इकबाल कुरैशी, सोहैल सैफी, सरदार सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, टीचर सैल जिला प्रधान त्रिलोक तंवर, पुरण चंद, कमला मालिक, राजिंदर चौहान, अश्वनी कौशिक, सुशांत कौशिक, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

# अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली संविधान की शपथ

## डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव ने नगर निगम कर्मचारियों को दिलाई शपथ




नगर निगम में संविधान की शपथ लेते अधिकारी एवं कर्मचारी। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते एसडीएम डॉ. नरेश कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया।संविधान दिवस पर गुरुवार को नगर निगम के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर कार्य करने की शपथ ली।

## मुंबई हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**तावडू।** संविधान दिवस पर एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने अपने कार्यालय स्टाफको संविधान दिवस की शपथ दिलाई व अपने कर्मियों को संविधान के मार्ग पर चल राष्ट्र व समाज को उन्नत बनाने की अपील की। वहीं एसडीएम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मौजूद शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।डॉ. नरेश कुमार ने अपने स्टाफ से कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। उन्होंने कहा कि इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी वर्गों के हितों के मद्देनजर विस्तृत प्रावधानों को शामिल किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न व्याख्याओं के माध्यम से भी बदलती परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न अधिकारियों को इसमें सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर बीईओ रमेश मलिक, स्कूल प्राचार्य मुकेश शर्मा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सक्षम तावडू अजयपाल सहरावत, बिजली निगम के एसडीओ देशदीप के अलावा स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा में लव-जेहाद पर कानून बनाने को सौंपा ज्ञापन



**गुरुग्राम।** देश के विभिन्न क्षेत्रों में लव-जेहाद की बढ़ रही घटनाओं का विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में सामाजिक संस्था विश्व हिंदू महासंघ द्वारा गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा। संस्था के अंतरिम राष्ट्रीय अध्यक्ष बालयोगी अलखनाथ ने बताया कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश में लव-जेहाद रोधी अध्यादेश लागू कर दिया है। हरियाणा में भी लव-जेहाद की घटनाएं घटित हो रही हैं, जिसका प्रदेशवासी विरोध भी करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया गया है कि जनभावनाओं का आदर करते हुए हरियाणा में भी लव-जेहाद रोधी कानून बनाया जाए, ताकि हरियाणा में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों व अधिवक्ताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। संस्था ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि उनके ज्ञापन को आवश्यक कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को भेज दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में संस्था से जुड़े सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## आईटीआई में छठी काउंसलिंग का शेड्यूल जारी



**पलवल।** आईटीआई मैं पांचवी ऑनलाइन काउंसलिंग के बाद विभाग ने छठी काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। खाली सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी 28 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर दाखिला पा सकते हैं। खाली सीटों का डिस्प्ले 27 नवंबर को होगा। यह जानकारी देते हुए हिंदुस्तान आईटीआई मीतरोल के चेयरमैन देवेंद्र चौहान ने बताया कि दो दिसंबर को मेरिट लिस्ट लगेगी। तीन व चार दिसंबर को ऑनलाइन कागजात जांच किए जाएंगे। तीन से सात दिसंबर तक ऑनलाइन फीस जमा होगी। पांच से नी दिसंबर तक सीटों की कन्फर्मेशन की जाएगी। देवेंद्र चौहान ने बताया कि आईटीआई की पांचवी काउंसलिंग के बाद भी सीटें खाली रह गई है। पांचवी काउंसलिंग व उससे पहले वाले विद्यार्थी भी छठी काउंसलिंग में ट्रेड को अपडेट कर शामिल हो सकते हैं। जिस विद्यार्थी ने ट्रेड रद्द नहीं कराई है, तो वह आवेदन करके ट्रेड अपडेट कर छठी काउंसलिंग में शामिल हो सकता है। पहले जारी हुई सूची में शामिल विद्यार्थियों के कागजात की वेरिफिकेशन होगी। एडमिशन लेने वाले इच्छुक आवेदक के पास निजी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड का होना अनिवार्य है।

## कार सवार चार लोगों ने किया किशोरी का अपहरण

**गुरुग्राम।** जिले के गांव सिवाड़ी में अपना परिवार पहचान पत्र बनवाकर अपनी दादी के साथ घर लौट रही एक लड़की (16) का रास्ते में ही चार लोगों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने दादी के बयान पर एक नामजद समेत चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बुधवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिवाड़ी निवासी बुजुर्ग बिमला ने कहा कि बीती 22 नवम्बर को वह अपनी 16 साल की पोती के साथ परिवार पहचान पत्र बनवाकर घर जा रही थी। गांव के बस अड्डे की तरफ से एक काले रंग की गाड़ी आई। उसमें चार लोग सवार थे। दो व्यक्ति गाड़ी से नीचे उतरे और संजना का अपहरण करने लगे। उसने शोर मचाया तो एक व्यक्ति ने उसको (दादी को) धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद उनकी पोती का गाड़ी में अपहरण करके फरार हो गए। बुजुर्ग बिमला के मुताबिक चारों में से एक व्यक्ति को वह पहचानती है। वह पटौदा गांव का रहने वाल विजयपाल है। फर्रूखनगर थाना पुलिस ने विजयपाल समेत चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बारात में हुई हवाई फायरिंग से पांच मासूम बेटियां हुई घायल

**सोहना।** गांव खरौदा में वरमाला के अवसर पर बराती द्वारा की गई हवाई फायरिंग से हड़कंप मच गया। इस हर्ष हवाई फायरिंग के दौरान निकले छर्रों से पांच बेटियों जख्मी हो गईं। जिन्हें देर रात को ही अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल कराया गया। सोहना सदर थाना पुलिस ने गांव के ही निवासी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पहचान करना शुरू कर दिया है। मामला बुधवार की रात को स्थानीय निवासी शीशराम पुत्र सम्पूर्ण की बेटी की बारात जिला फरीदाबाद के गांव निमका से आई थी। बारात चढ़त के बाद जब दुल्हा-दुल्हन वरमाला कर की रश्में पूरी कर रहे थे। उसी समय भीड़ में खड़े अज्ञात व्यक्ति ने जमीन की तरफ दो हवाई फायरिंग कर दीं। इस दौरान निकले छर्रे भीड़ में शामिल पांच मासूम बेटियों को जा लगे और वे घायल हो गईं। बेटियों की उम्र 10 से 12 वर्ष बताई जा रही है। सभी को बेटियों को नागरिक अस्पताल से डॉक्टरों ने दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसमें पूजा को गुरुग्राम के मेदान्ता अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अन्य चार को दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में दाखिल किया गया। जहां पर सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सोहना सदर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश चंद ने बताया कि पुलिस ने गांव के निवासी ललित पुत्र ऋषि की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात आरोपी की पहचान में जुट गई है। जिसके लिए शादी में तैयार की जा रही वीडियो ग्राफी को भी जांचा जा रहा है।

## आंदोलन को लेकर प्रशासन दिखा सतर्क, बढ़ाई सुरक्षा



**पलवल।** भारतीय किसान यूनियन के दिल्ली चलो आह्वान के मद्देनजर हरियाणा यूपी करमन बार्डर पर पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए। पलवल जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर अधिक लोगों की भीड़ एकत्रित करने व घातक हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। डीएसपी बलवीर सिंह ने बताया कि किसान आंदोलन को लेकर करमन बॉर्डर पर भरपूर फोर्स लगाई गई है। उत्तर प्रदेश से आने वाली प्रत्येक गाड़ी को चेक किया जा रहा है। भारी पुलिस बल चेकिंग के लिए उपलब्ध है। लगातार चेकिंग की जा रही है। किसान आंदोलन की आड़ में कोई शरारती तत्व दिल्ली में जाकर के किसी भी तरह का उपद्रव ना कर सके और किसानों को बदनाम ना कर सके इसलिए गहनता से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। किसान आंदोलनकारी उत्तर प्रदेश की तरफ अभी तक नहीं आया है। यदि कोई असामाजिक तत्व आएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में हड़ताल का नहीं दिखा असर

**गुरुग्राम।** सर्व कर्मचारी संघ ने गुरुवार को किए हड़ताल के आह्वान का गुरुग्राम जिले में कोई असर दिखाई नहीं दिया। जिला प्रशासन की ओर से यह दावा करते हुए कहा गया कि जिला में सभी सरकारी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। सभी में अन्य कार्य दिवसों की तरह कर्मचारी व अधिकारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि कर्मचारियों की हड़ताल गुरुग्राम जिला में पूर्ण रूप से असफल कही जा सकती है, क्योंकि सभी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह लगे।

# देशव्यापी हड़ताल में शामिल हुए श्रमिक, निकाला जुलूस



गुरुग्राम में देशव्यापी हड़ताल के दौरान जुलूस निकालते श्रमिक।



हड़ताल में भाग लेने के बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## श्रमिक और किसान विरोधी कानूनों को वापिस लेने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मजदूर** व किसान विरोधी कानूनों को निरस्त कराने को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल की गई। विभिन्न श्रमिक संगठनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सिविल लाइंस क्षेत्र से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक पर इसका समापन भी किया।

श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव अनिल पंवार, सीटू के सतबीर सिंह, एचएमएस के जसपाल राणा, कंवरलाल यादव का कहना है कि केंद्र सरकार ने श्रमिकों व किसानों का शोषण करने के लिए जो कानून बनाए हैं उनको निरस्त कराने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों व मजदूर विरोधी कानूनों को वापस लिया जाए, न्यूनतम वेतन 24 हजार किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का निजीकरण बंद किया जाए, छंटनीग्रस्त श्रमिकों व कर्मचारियों का रोजगार बहाल किया जाए, श्रमिक कल्याण बोर्ड से लाभ लेने की औपचारिकताओं में ढील दी जाए, केंद्र व प्रदेश सरकार की मजदूर विरोधी कार्यवाही पर रोक लगाई जाए, श्रमिकों का शोषण कर रहे प्रतिष्ठानों की प्रबंधन पर लगाम लगाई जाए।

प्रदर्शन में शामिल श्रमिक सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने आंदोलन कर रहे किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को रिहा करने की मांग भी की। अपने हाथों में मांगों से संबंधित बैनर लिए श्रमिक प्रदर्शन में शामिल हुए। इस प्रदर्शन में श्रमिक नेता कामरेड बलवान सिंह, एसएन दहिया, बजीर सिंह, वीएस यादव, सतपाल नैन, खुशीराम भी श्रमिकों के साथ शामिल हुए। प्रदशर्न में नपीनो ऑटो, मुंजाल शोवा, परपटी, पीएन राइटर, लूमेक्स, हीरो मोटोकॉर्प, मारुति सुजूकी, सुजूकी पॉवर ट्रेन, एमके ऑटो, सुब्रोस, सत्यम ऑटो, टालब्रोस, बेलसोनिका आदि प्रतिष्ठानों की श्रमिक यूनियनों ने भी भाग लिया। जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए हुए थे, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सके।

**सर्व कर्मचारी संघ ने दिखाई ताकत :** बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में सर्व कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रधान रामलाल की अध्यक्षता में एकजुट हुए। यहा पर नगरपरिषद से यूनिट प्रधान महेन्द्र सिंह, अग्निशमन विभाग से यूनिट प्रधान नरेश कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग की तरफसे जिला प्रधान रविन्द्र शर्मा अपने-अपने कार्यकर्ताओं को धरना पर लेकर पहुंचे।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल का रहा मिलाजुला असर, हड़ताली कर्मियों ने भरी हुंकार

**सोहना।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल का गुरुवार को मिलाझुला असर रहा। हड़ताल में शामिल 60 फीसदी कर्मचारियों ने राज्य व केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए मांगों को पूरा करने की मांग की। वहीं हड़ताल से दूर रहने वाले सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने अपना रोजाना की तरह से कार्यालय में कामकाज किया। गुरुवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आम जनजीवन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं हुआ है, लेकिन राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने वाले अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ तथा कर्मचारी महासंघ के बैनर नीचे बैठकर राज्य व केन्द्र सरकारों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में नगर परिषद के स्थाई व अस्थाई सफई कर्मचारी, बिजली निगम, अग्निशमन विभाग, सिंचाई विभाग, नहरी विभाग, ग्रामीण सफई कर्मचारी, टूरिज्म निगम आदि विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। जबकि हरियाणा रोडवेज, स्वास्थ्य विभाग, मार्केट कमेटी विभाग, पंचायत विभाग, एसडीएम कार्यालय आदि कार्यालयों के कर्मचारियों ने हड़ताल से तालमेल नहीं रखा।

**कर्मचारी महासंघ ने भी किया प्रदर्शन :** जनस्वास्थ्य विभाग के बिल ब्रांच कार्यालय परिसर में कर्मचारी महासंघ के ब्रांच यूनिट प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता में इक्कठें हुए। वक्ताओं ने सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को पूरा करने की मांगें रखी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने को नागरिक सहयोग करें



गुरुग्राम में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर बैठक लेते नगर निगम के संयुक्त आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन धीरज कुमार।

## नगर निगम के संयुक्त आयुक्त धीरज कुमार ने ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार ने नगर निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम इस बार नागरिकों के सहयोग एवं समर्थन से स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में 62 से नंबर-1 का सफर तय करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में गुरुग्राम को स्वच्छता रैंकिंग में 62वां स्थान प्राप्त हुआ था। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगर निगम गुरुग्राम का उद्देश्य देश में नंबर-1 स्वच्छता रैंकिंग प्राप्त करना है, जो गुरूग्राम के नागरिकों के सहयोग एवं समर्थन से प्राप्त किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के नागरिक प्राथमिक स्तर पर कचरे को अलग-अलग करके, होम कंपोस्टिंग करके तथा अपने आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का ध्यान रखकर स्वच्छता में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नागरिकों को कचरा अलगाव के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से थ्री-बिन सेल्फी ड्राईव की भी शुरूआत की गई है, जिसमें 20 बेहतरीन सेल्फी को पुरस्कार देने के साथ ही ड्राईव में भागीदारी करने वाले प्रत्येक नागरिक को प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाएगा।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने यहां तीन डस्टबिन रखें तथा हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा तथा पीले रंग के डस्टबिन में घरेलू हानिकारक व मेडिकल वेस्ट अलग-अलग रखें। नगर निगम द्वारा संचालित डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन गाड़ी में इस कचरे को अलग-अलग की डालें।

# तावडू में हड़ताल का रहा आंशिक असर

## प्रशासन और पुलिस रही अलर्ट मोड पर



पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**राष्ट्रव्यापी** हड़ताल का तावडू में मिला जुला असर देखा गया। जहां बिजली, नपा, अग्निशमन विभाग सहित जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी महकमों के कुछ कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को हड़ताल का समर्थन कर कामकाज ठप्प रखा, वहीं अन्य महकमों में सुचारू रूप से कामकाज जारी रहा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन व पुलिस सहित खुफ्यिा विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा।

एसडीएम ने जहां कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, वहीं पुलिस अधिकारियों ने पेट्रोलिंग सहित नाकों को चेक किया। जबकि खुफ्यिा विभाग के कर्मचारी अपने आकाओं को पल-पल की रिपोर्ट प्रेषित कर रहे थे। एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कार्यालयों के निरीक्षण में पाया कि बिजली निगम, नगरपालिका अग्निशमन विभाग सहित जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कुछ कर्मी हड़ताल पर हैं।

इन विभागों के काफी कर्मचारी व अधिकारी हड़ताल पर नहीं हैं व सुचारू रूप से कार्य करते मिले। वहीं तावडू सदर थाना के एसएचओ व ट्रेनिंग आईपीएस हेमेंद्र मीणा ने बताया कि तावडू में हड़ताल का खास असर नहीं देखा गया। वहीं दिल्ली में किसानों के प्रदर्शन में यहां से किसान नहीं गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में तावडू में पूरी तरह शांति व्यवस्था रही।

## लूट की योजना पर बनाते तीन युवक अवैध तमंचा समेत गिरफ्तार

**तावडू।** गांव राहडी से धुलावट गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर लूट की योजना बना रहे तीन युवकों को अपराध शाखा तावडू ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

संदीप कुमार उप सहायक निरीक्षक अपराध शाखा तावडू ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक पर सवार तीन युवक अवैध हथियार के बल पर गांव राहडी से गांव धुलावट जाने वाले कच्चे रास्ते पर आने जाने वाले राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तीनों युवकों को अवैध तमंचा व चोरी की बाइक साथ काबू कर लिया। तावडू सदर थाना प्रभारी आईपीएस हेमेंद्र मीणा पुलिस ने आरोपी सौहिल निवासी गांव बावला, वसीम उर्फ नन्नी निवासी गांव सिलखो व नेहना उर्फ रहमुदीन निवासी गांव पचगांवा थाना तावडू के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गुरुग्राम नगर निगम : 10 विकास कार्य प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

## मेयर मधु आजाद ने विकास कार्यों में गुणवत्ता का भी ख्याल रखने के दिए निर्देश



गुरुग्राम में वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक लेती मेयर मधु आजाद।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को नगर निगम गुरुग्राम की वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में विभिन्न 10 विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए, जिन पर विचार-विमर्श करने उपरान्त सभी को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

इन विकास कार्यों में 2.20 करोड़ रूपये की लागत से सेक्टर-23 के 11 पार्कों का विकास एवं नवीनीकरण करने, 2.12 करोड़ रूपये की लागत से गांव चौमा स्थित हरीजन चौपाल का पुनर्निर्माण करने, 2.42 करोड़ रूपये की लागत से सेक्टर-23 में बैडमिंटन, कब्बडी, कुश्ती, बॉक्सिंग व टेबल टेनिस आदि खेलों के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने, 1.70 करोड़ रूपये की लागत से गांव चौमा स्थित वाल्मिकी चौपाल का पुनर्निर्माण करने तथा 1.63 करोड़ रूपये की लागत से सेक्टर-40 में फुटपाथ एवं सिविल कार्य करने संबंधी कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही गांव कार्टरपुरी स्थित नन्दीधाम गौशाला में मौजूदा शैड, क्वार्टर, अस्पताल, वाटर टैंक स्टोरेज का नवीनीकरण एवं न्यू कैटल शैड के निर्माण के लिए 2.41 करोड़ रूपये, कार्टरपुरी स्थित कामधेनू गौशाला में मौजूदा शैड, क्वार्टर, अस्पताल, वाटर टैंक स्टोरेज का नवीनीकरण एवं न्यू कैटल शैड के निर्माण के लिए 2.48 करोड़ रूपये, सेक्टर-23 में मौजूदा फुटपाथों का नवीनीकरण तथा नए फुटपाथ बनाने के लिए 2.37 करोड़ रूपये, सेक्टर-42 स्थित नगर निगम जोनल कार्यालय में स्टोरेज उद्देश्य के लिए शैड का निर्माण करने के लिए 1.41 लाख रूपये तथा लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया राजकीय कन्या विद्यालय में सिविल कार्यों, पलम्बिंग एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए 1.17 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को भी वित्त एवं संविदा कमेटी ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।

# डांस मेरे जीवन का हिस्सा ही नहीं जीवन भी है : टाइगर पॉप

## इंडियाज बेस्ट डांसर रियलिटी शो की ट्रॉफी विजेता ने खास बातचीत में कहा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**भारत-नेपाल** की सीमा पर झीलों से घिरे गांव दोधारा कंचनपुर से अपने तीन बच्चों की अच्छी परवरिश को वर्ष 2003 में दो थाली, दो कटोरी, एक कढ़ाही व मिट्टी के तेल से जलने वाला स्टॉव लेकर गुरुग्राम आए दंपति गणेश कुमार व तुलसी देवी भले ही अब तक जीवन की जद्दोजहद से जूझते रहे हैं, लेकिन उनके छोटे बेटे ने उनके सपनों को पंख लगा दिए हैं। डांस की दुनिया में धमाल मचाकर आज बेटा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में चमकता सितारा बन गया है। जिन्हें उनके डांस और संगीत से चिढ़ थी। वे आज उसका स्वागत कर रहे हैं।

हम बात कर रहे हैं गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 में छोटे से किराए के मकान में परिवार के साथ रहने वाले टाइगर पॉप यानी अजय सिंह की। सोनी एंटरटेनमेंट चैनल पर प्रसारित किए गए इंडियाज बेस्ट डांसर रियलिटी शो में टाइगर पॉप ने खूब पसीना बहाया। अपने डांस फॉर्म पॉप डांस से टाइगर पॉप ने ऐसा धमाल मचाया कि भारत से नेपाल सीमा तक ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उनका डंका बज गया। जिन डांस की हस्तियों के डांस को देखकर टाइगर सदा सीखने का प्रयास करते रहे, वे हस्तियां टाइगर पॉप को उनकी सफलता पर बधाइयां दे रहे हैं। टाइगर को इनाम के रूप में 15 लाख रुपए व एक मारुति सुजूकी विटारा ब्रेजा कार मिली है। टाइगर से मिलने वालों का दिनभर उनके घर पर तांता लगा रहता है। खासकर बच्चे उनके काफी चहेते हैं।



रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर की विजेता ट्रॉफी उठाए टाइगर पॉप व उनके परिजन, अपने एक फैन के साथ सेल्फी लेते टाइगर पॉप।

**मां घरों में करती है सफाई और खाना बनाने का काम :** चढ़ते सूरज को तो सब सलाम करते हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने में टाइगर पॉप ने जो मेहनत की है, वह हर कोई नहीं जानता। उससे हम आपको रूबरू कराते हैं। इसके पीछे परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान है। टाइगर बताते हैं कि उनकी मां घरों में सफाई करने और खाना बनाने का काम करती हैं। पिता एक कंपनी में काम करते थे। वर्ष 2011 में 12 साल की उम्र में टाइगर को डांस के रियलिटी शो देखकर डांस करने का शौक चढ़ा। वह शौक धीरे-धीरे उसका जूनून बन गया। रंग-बिरंगी रोशनियों के बीच माया नगरी मुंबई में गरीब परिवार के इस चिराग ने सपना देख लिया। स्कूल के कार्यक्रमों में उसने अपनी प्रतिभा को निखारा। किराए के मकान में मात्र 6 बाई 8 फिट के कमरे में उसने डांस करना शुरू किया। यहां भी उसकी प्रतिभा को दबाने का बिल्डिंग में रहने वालों ने प्रयास किया। फिर टाइगर ने पार्कों में, गोशाला में जाकर डांस की रिहर्सल करनी शुरू की।

**डांस कला ही है मेरा जीवन :** टाइगर कहते हैं कि डांस कला उनके जीवन का हिस्सा नहीं, बल्कि उनका जीवन है। अपनी आर्ट के जरिए वह इस मुकाम तक पहुंचा है। हर किसी को यही संदेश है कि मेहनत करें, कभी हार ना मानें। अगर हमारी मेहनत पूरी होगी तो सफलता गारंटी से मिलेगी। भविष्य में खुद भी नए कलाकारों को प्रेरित करेंगे। बताएंगे कि सफलता किसी अमीर घराने की मोहताज नहीं है। टाइगर की मां तुलसी देवी कहती हैं कि पूरे परिवार की यही सपना था कि टाइगर कामयाब हो जाए। अपने सपने उन्होंने टाइगर में देखे और आज पूरी दुनिया का टाइगर चहेता बन गया।

### गुरुग्राम में ही ली है 12वीं तक शिक्षा

**टाइगर** पॉप बताते हैं कि गुरुग्राम के प्रकाशदीप स्कूल में पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की। इसके बाद रेलवे स्टेशन के पास भीमगढ़ खेड़ी के सरकारी स्कूल में छठी से दसवीं तक पढ़े। कक्षा 11वीं व 12वीं उन्होंने सेक्टर-4/7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से की। 12वीं तक पढ़ने के बाद दो साल पूरे डांस को ही समर्पित किए। बेशक कोई सफलता नहीं मिली, लेकिन जुनून कम नहीं हुआ। माता-पिता ने डांस छोड़कर पढ़ाई करने का दबाव दिया, ताकि पढ़कर कोई नौकरी कर लेगा। परिजनों की मन रखने को टाइगर पॉप ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित भगत सिंह कालेज में बीए में दाखिला ले लिया। वहां भी उसने पढ़ाई से ज्यादा अपने डांस को महत्व दिया।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल का कई महकमों में व्यापक असर

## ट्रेड यूनियनों ने शहर में प्रदर्शन कर किसानों का किया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी


रादौर में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

**सभी** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी फैडरेशनों के आह्वान पर की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का कई महकमों में व्यापक असर हुआ तथा कुछ में आंशिक प्रभाव पड़ा। हड़ताल के कारण बैंक, बीमा, नगरपालिका, डाकखाना, जन स्वास्थ्य, शिक्षा बोर्ड, आईटीआई, बीएण्डआर, वन विभाग, बिजली, सिंचाई, ट्यूरिज्म में हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला और अधिकतर काम काज ठप रहा। रोडवेज, मिनि सचिवालय, पटवारखाना, खजाना आदि विभागों में आंशिक असर रहा।

विभिन्न ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर कर्मचारी व मजदूर नेहरू पार्क में एकत्रित हुए। जिसकी संयुक्त अध्यक्षता एटक से फूल सिंह इंदौरा, सीटू से रत्न कुमार जिंदल, इंटक से सतबीर फरटिया, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सुरजभान जटासरा, एचएमएस से कविता दहिया, ऑल इंडिया यूटीयूसी से राज कुमार बासिया, हरियाणा बैंक इम्लाइज फैडरेशन से दीपक कुमार, पीटीआई से विनोद सांगा द्वारा की गई। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए विभिन्न नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर हमला बोला। सभी ने एक स्वर में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बड़े बड़े कारपोरेट की शह पर उनके मुनाफे बढ़ाने के लिए सभी महकमें व खेती को उन्हें मुफ्त में दिया जा रहा है। परिणाम स्वरूप बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, महंगाई, छटनी, ठेका प्रथा बढ़ रही है। नियमित रोजगार खत्म कर दिया गया है। किसान विरोधी कृषि कानून लाकर किसानों के हितों को कारपोरेट के गिरवी रखा जा रहा है। इससे खाद्य, आत्म निर्भरता व आर्थिक सम्प्रभुता तथा देश की आत्म निर्भरता को खत्म किया जा रहा है। श्रम कानूनों व कृषि कानूनों को बदलकर किसान, कर्मचारी, मजदूरों को पूंजीपतियों का बंधक बनाया जा रहा है। किसानों की जगह जगह गिरफ्तारी करके खट्टर और मोदी सरकार तानाशाही से आंदोलन को कुचलने का काम कर रही है। जनता इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी। उन्होंने सभी किसानों को तुरंत रिहा करने की मांग की।

### आम हड़ताल का रादौर में भी देखने को मिला असर

**रादौर।** सभी ट्रैड यूनियनों के आह्वाहन पर वीरवार को देशव्यापी आम हड़ताल का असर रादौर में भी देखने को मिला। हड़ताल को सफल बनाने के लिए ब्लॉक रादौर में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सेंटर फॉर ट्रैड यूनियन (सीटू) के बैनर तले हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन, आशा वर्कर्स, रिटायर कर्मचारी संघ पुराने बस स्टैंड रादौर में एकत्रित हुए।

कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व लालचंद कांबोज ने किया। कर्मचारी नेता यशपाल चमरोड़ी, प्यारेलाल तंवर, पूजा रानी, रेखा रानी, संदीप, रानी देवी, लालचंद आदि ने कर्मचरियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विभागों एवं उपक्रमों के किए जा रहे निजीकरण पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर प्रदर्शन में सुनीता, संतोष, गीता, संदीप चानना, मनीष तंवर, स्नेहलता, कांता, सुदेश, सीमा, पुष्पा, गुड्डी, भारती, बेबी रानी, मंजीत, ममता, कृष्णा, बिमला, रिम्पी देवी, निशा देवी, बलविंदर कौर, सोनिया वोरा, विकास कुमार, मंजेश, रोशनलाल, छोटालाल, अमरनाथ, रजनी, संतोष, सुखवंत, किरणपाल, यशवंत राणा आदि ने हिसा लिया।

## कर्मचारियों ने हड़ताल कर की नारेबाजी


ताज पार्क में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारी

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संघों के आह्वान पर जिला के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए और सेक्टर 10 स्थित ताज पार्क में धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश ने की। हड़ताल में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। संचालन जिला कैशियर मास्टर दयानंद ने किया।

हड़ताल में मुख्य रूप से आनंद सिंह ब्लॉक प्रधान थानेसर, सुरेंद्र यादव पब्लिक हेल्थ ब्रांच प्रधान, भीम सिंह सैनी, सुनील कुमार सीआईटीयू, मास्टर राजेंद्र रिटायर कर्मचारी संघ, जितेंद्र स्वास्थ्य विभाग, रोशनी देवी मिड डे मील प्रधान, मानसिंह जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ, पिंकी देवी आशा वर्कर प्रधान, सुरेंद्र कुमार राज्य ऑडिटर मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन, करनैल सिंह निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, बलवंत देशवाल रोडवेज डिपो प्रधान, उषा देवी जन संघर्ष मंच हरियाणा, मेवाराम मनरेगा मजदूर, रणबीर रोहिल्ला हेमसा, रामेश्वर सैनी, महावीर सिंह दहिया आंगनबाड़ी यूनियन राज्य कैशियर, सुरेश गुड्डा वरिष्ठ उपप्रधान सर्व कर्मचारी संघ, कर्मवीर सिंह वीएलडीए, सेवाराम बैंक कर्मचारी संघ, वीरेंद्र कुमार जिला सचिव अध्यापक संघ, अशोक चौहान ने भी भाग लिया।

कुरुक्षेत्र के पिहवा, लाडवा, शाहबाद, केयूके, कुरुक्षेत्र मैक्स कर्मचारी कुरुक्षेत्र, नगर पालिका कुरुक्षेत्र, बिजली बोर्ड कुरुक्षेत्र में भी पूर्ण रूप से हड़ताल में भाग लिया। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा श्रम कानूनों में किए गए मजदूर-कर्मचारी विरोधी सुधारों के विरोध में आहूत राष्ट्रयापी हड़ताल का जन संघर्ष मंच हरियाणा ( घटक मासा), मनरेगा मजदूर यूनियन व निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन ने पुरजोर समर्थन किया है। जन संघर्ष मंच हरियाणा व इसकी सहयोगी यूनियनों के साथी नया बस स्टैण्ड कुरुक्षेत्र पर पहुंचे। धरने को मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला प्रधान कामरेड नरेश व जिला सचिव कामरेड मेवा राम, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रांतीय प्रधान कामरेड करनैल सिंह चांदीराम, कुलदीप स्योसर, कुलदीप सारसा, कोमल, पूजा, नेहा, मनदीप, संतोष आदि ने भी सम्बोधित किया।

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर दिनभर पुलिस प्रशासन रहा सक्रिय


रादौर में किसान आंदोलन को लेकर शहर के कस्तूरबा आश्रम चौक पर नाका लगाकर ड्यूटी देते कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** रादौर

**भारतीय** किसान यूनियन की ओर से अपनी मांगों को लेकर वीरवार 26 नवंबर को दिल्ली कूच किये जाने की घोषणा को लेकर पुलिस व प्रशासन दिनभर सक्रिय रहा।

किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए पुलिस की ओर से शहर में कस्तूरबा आश्रम चौक, त्रिवेणी चौक, सांगीपुर नाके, गांव बापा व सढुरा, झीवरेहडी, जमालपुर व गुमथला में नाके लगाये गये थे। जिन पर पुलिस भारी संख्या में तैनात रही, लेकिन क्षेत्र के किसान पुलिस को चकमा देकर दूसरे रास्तों से दिल्ली कूच के लिए रवाना हो गये। लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। क्षेत्र के किसान दिल्ली कूच को लेकर काफी संख्या में जीटी रोड से गुजर रहे किसानों के काफिले में जाकर शामिल हुए। जिसका नेतृत्व भाकियू प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढुनी कर रहे थे। पुलिस अधिकारी दिनभर रादौर क्षेत्र में गश्त करके किसानों की गतिविधियों पर नजर गढ़ाए रहे, लेकिन रादौर क्षेत्र में कही भी किसान सड़कों पर दिल्ली कूच के लिए रवाना होते नजर नहीं आये। उधर पुलिस ने दिल्ली कूच को लेकर भाकियू ब्लॉक उपप्रधान सीटू नंबरदार को रादौर के एक बैंक में जाते गिरफ्तार किया। जिसे तहसीलदार के समक्ष पेश किया। जमानत न मिलने पर किसान नेता सीटू नंबरदार को पुलिस ने जेल भेज दिया। जिसे अब 27 नवंबर को तहसीलदार के समक्ष पेश किया जायेगा। पुलिस ने किसान नेता नाथीराम निवासी दौहली को भी गांव से गिरफ्तार किया था, लेकिन नाथीराम की तबीयत खराब होने के बाद उसे पुलिस ने वापस गांव भेज दिया, लेकिन एतियात के तौर पर पुलिस का एक कर्मचारी किसान नेता नाथीरा दौहली के निवास पर तैनात किया गया है। पुलिस पिछले 2 दिनों से किसान नेताओं व कार्यकर्ताओं की धरपकड को लेकर उनके गांवों में छापे मार रही है।

# यूनियनों-फैडरेशनों के नेताओं ने किया प्रदर्शन

## पीएम के नाम प्रशासनिक अधिकारी को दिया मांग पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन नेता आरके नागर।

**केंद्र** सरकार की मजदूर, कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी फैडरेशनों के आह्वान पर अंबेडकर पार्क से शहर के प्रमुख स्थानों गीता भवन चौक, पुरखास अड्डा, शनि मंदिर, पंचायत भवन होते हुए इंकलाब जिंदाबाद, काले कानून वापस लो, सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करो, सभी पदों को तुरंत भरो आदि नारे लगाते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन दिया।

विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान कामरेड इंद्र सिंह, एटक के प्रधान कामरेड ओम कुमार जांबाज, हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच जेपीए के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड आरके नागर ने किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं और देश का नौजवान नौकरी के लिए मारा- मारा फिर रहा है। आज देश का किसान कृषि विरोधी तीन कानून व बिजली संसोधन बिल के खिलाफ दिल्ली कूच कर रहा है। हुड्डा से निकाले गये कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लेने, आंगनबाड़ी के सेंटरों के किराये व अन्य स्थानीय मांगों को पूरी करने समेत आवाज बुलंद कर रहे हैं। आज के इस विरोध प्रदर्शन में अनीता दहिया, विष्णु भारद्वाज, विनोद शर्मा, सूबे पहलवान, कामरेड महावीर नागर, बिजेंद्र शर्मा, सुरेश रोहिल्ला, बिजेंदर रिवाल, ईश्वर सिंह राठी, बलवान सिंह और बलबीर सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

## सेना में खुली भर्ती अब एक मार्च से 12 मार्च 2021 को

**भिवानी।** कोरोना वायरस संक्रमण के चलते अब सेना में खुली एक मार्च से 12 मार्च 2021 को राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी में होगी, जो पहले दो से 12 दिसंबर तक थी। भर्ती कार्यालय चरखी दादरी द्वारा दी जानकारी के अनुसार सेना में खुली भर्ती जो पहले दो दिसंबर से 12 दिसंबर 2020 को होनी थी, अब वह कोरोना वायरस के चलते एक मार्च से 12 मार्च 2021 को राव तुला राम स्टेडियम रेवाड़ी में होगी। इच्छुक प्रार्थी के भर्ती प्रवेश-पत्र ईमेल द्वारा जारी कर दिए जाएंगे। खुली सेना भर्ती के पात्र उम्मीदवारों का प्रवेश-पत्र पर दी गई तारीख व समय पर रेवाड़ी स्थित राव तुला राम स्टेडियम में पहुंचना जरूरी है।

# किसान और प्रशासन आमने-सामने

## ट्रैक्टर पर दिल्ली कूच के लिए निकले किसानों को मुंढ़ाल नाके पर रोका

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**कृषि** कानूनों के विरोध में किसान दिल्ली कूच को लेकर सड़कों पर प्रशासन के आमने-सामने होते रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

वीरवार को गांव मुंढाल से किसान नेता जोगेंद्र तालु के नेतृत्व में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर पर दिल्ली कूच के लिए निकले थे। इस दौरान सरकार के तानाशाही रवैया के कारण भारी पुलिस बल द्वारा किसानों को आगे नहीं जाने दिया और किसानों को रोक लिया तो किसान पैदल ही दिल्ली के लिए निकल पड़े। जिसके बाद किसानों को पैदल भी दिल्ली नहीं जाने दिया, जिससे गुस्साएं किसानों ने नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे धरना दिया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि सरकार ने किसानों की आवाज दबाने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है उन्होंने कहा कि आज देश में किसान और कर्मचारियों को सरकार दबाने का काम कर रही है रही है और आरोप लगाया कि सरकार रोजगार खत्म कर निजीकरण को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को जितना दबाएगी आंदोलन उतना तेज होगा। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी कृषि कानून लाकर किसानों के हितों को कारपोरेट के गिरवी रखा जा रहा है। इससे खाद्य, आत्म निर्भरता व आर्थिक सम्प्रभुता तथा देश की आत्म निर्भरता को खत्म किया जा रहा है। श्रम कानूनों व कृषि कानूनों को बदलकर किसान, कर्मचारी, मजदूरों को पूंजीपतियों का बंधक बनाया जा रहा है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

न आंसू-गैस के गोले, न हों यूँ वार अपनों पर
न हो लाठी, न हो यूँ पानी की बौछार अपनों पर
ये धरती-पुत्र हैं ओ रहनुमा ये अन्नदाता हैं
ख़ुदा से डर, चला मत ज़ुल्म की तलवार अपनों पर

# झज्जर पॉवर प्लांट एनसीआर का सर्वाधिक पर्यावरण अनुकुल घरेलू कोयला-आधारित पावर प्लांट

**पायनियर समाचार सेवा।** झज्जर / गुरुग्राम

### एनसीआर का पहला और इकलौता ऐसा प्लांट जिसमें वायु प्रदूषण घटाने वाली फ्लू गैस डीसल्फराइज़ेशन टेक्नोलॉजी का किया जाता है प्रयोग

**सीएलपी** इंडिया की सहायक झज्जर पावर लिमिटेड (जेपीएल), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर का पहला और इकलौता ऐसा पावर प्लांट है जिसमें वायु प्रदूषण घटाने के लिए फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन (एफजीडी) टेक्नोलॉजी का प्रावधान किया गया है। इससे प्लांट समेत आसपास के इलाकों में पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में मदद मिलती है। एफजीडी उन्नत और स्वच्छ टेक्नोलॉजी है जो सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली सल्फर डाइऑक्साइड का उत्सर्जन घटाने में सहायक है। एफजीडी के फुल लोड परिचालन के परिणामस्वरूप, जेपीएल ने सल्फर डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में 985 प्रतिशत तक कमी की है।

भारत के उत्तर-पश्चिमी इलाकों, खासतौर से दिल्ली-एनसीआर में, लगातार बढ़ता वायु प्रदूषण हाल के वर्षों में काफी गंभीर समस्या बन चुका है। इस परेशानी से निपटने के लिए, भारत के पर्यावरण मंत्रालय ने 2015 में नए पर्यावरण मानकों को अधिसूचित किया था जिनके माध्यम से, सभी ताप विद्युत संयंत्रों में एफजीडी को अपनाने के निर्देश दिए गए थे। सीएलपी इंडिया ने इस निर्देश के लागू होने से पहले ही, 2012 में प्लांट के निर्माण के दौरान एफजीडी स्थापित करने का फैसला कर लिया था। उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली फरवरी 2019 में पूरी तरह चालू हो गई थी। इसके अलावा, जेपीएल ने स्रोत पर ही पार्टिकूलेट मैटर (पीएम) तथा एनओ एक्स घटाने के लिए भी अन्य प्रभावी टेक्नोलॉजी को अपनाया है।

इस पहल के बारे में, राजीव रंजन मिश्रा, प्रबंध निदेशक, सीएलपी इंडिया का कहना है, सीएलपी इंडिया का जेपीएल भारत के आधुनिकतम तथा सर्वाधिक स्वच्छ ताप संयंत्रों (पावर प्लांट्स) में से है। इसके निर्माण के दौरान, अपनायी गई टेक्नोलॉजी को अब धीरे-धीरे इस क्षेत्र के अन्य प्लांट्स में भी नए उत्सर्जन मानकों के साथ लागू किया जा रहा है। हम वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए, भारत में एफजीडी को शुरुआती चरण में ही अपनाने वाले कंपनी बनने पर गौरवान्वित हैं। सीएलपी ग्रुप के क्लाइमेट विजन 2050 कार्बन मानकों से संबंधित लक्ष्यों तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने ध्यान केंद्रित करते रहेंगे।

## सफाई कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन : संदीप सारसर

**सोनीपत।** नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान अजीत रिडलान ने सफाई कर्मचारी आयोग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर संदीप सरासर को अपनी मांगों के बारे में ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने ज्ञापन में बताया कि ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए पुराने सफाई कर्मचारियों को हटा देते हैं। जिस कर्मचारी की छटंनी की जाती है, उनको हटाया जाता है। उन सभी कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर रखा जाए। संदीप सारसर ने कर्मचारी संघ से मिलकर उनको विश्वास दिलाया कि जिन पुराने सफाई कर्मचारियों को हटाया गया है उन्हें जल्द से जल्द वापस लगाया जाएगा। सफाई कर्मचारी आयोग पंचकूला हरियाणा के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार से बात करेंगे और इस समस्या का समाधान जल्द से सफाई आयोग द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर सावन वाल्मीकि, आनंद कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### अदालत को गुमराह करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** नाबालिग शोषण कांड में अदालत को गुमराह करते हुए धोखाधड़ी कर फर्जी प्रमाण पत्र देने के मामले का भंडाफोड़ होने के बाद थाना शहर थानेसर पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी ली है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बताया कि बीते माह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीष दुआ की अदालत से शिकायत मिली थी कि आदर्श थाना में नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के मामले में आरोपी मामचंद धौला के खिलाफ मामला दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### डीसी ने राजस्व विभाग की फाइल से की ई-ऑफिस की शुरुआत

**भिवानी।** उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने वीरवार को अपने कार्यालय में राजस्व विभाग की फाइल से ई-ऑफिस कार्य-प्रणाली का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस के तहत कार्य करना सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य बिना पेपर के होगा। सरकार के निर्देशानुसार समय के अनुरूप इसे अन्य कार्यालयों में लागू किया जाएगा, जिससे फाईलें ऑन लाईन मूव करेंगी। ई-ऑफिस कार्य-प्रणाली का शुभारंभ करते हुए आर्य ने बताया कि प्रथमचरण में उपायुक्त कार्यालय, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, जिला मुख्यालय का एसडीएम कार्यालय, नगराधीश कार्यालय, जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस के तहत कार्य करने में जहां एक तरफ कार्य बिना पेपर से कंप्यूटर पर किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर कार्य में पारदर्शिता भी आएगी। कार्य का रिकार्ड कंप्यूटर में सुरक्षित रहेगा। उन्होंने बताया कि इन कार्यालयों में कार्यरत संबंधित कर्मचारियों की ई-मेल आईडी और अकाउंट बनाए जा चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि कर्मचारी अवकाश के दिन घर बैठकर भी मोबाइल से अपना कार्य कर सकेंगे।

### किसानों और कर्मचारियों को कांग्रेस का पूर्ण समर्थन

**कुरुक्षेत्र।** बाबा साहेब अंबेड़कर ने देश का संविधान बनाकर हर नागरिक को बोलने की आजादी, बराबरी का अधिकार, शांतिपूर्ण आंदोलन सहित अनेक सवैंधानिक अधिकार दिए थे लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा सरकार संविधान दिवस पर लोगों के सवैंधानिक अधिकार छिनने में लगी हुई है। यह आरोप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने लगाया है। अरोड़ा ने कहा कि किसान तीन काले कानूनों के विरूद्ध शांतिपर्ण आंदोलन कर रहे हैं लेकिन कड़कती ठंड में किसानों पर पानी की बौछारें की जा रही हैं अश्रु गैस व लाठियां बरसाई जा रही हैं। भाजपा सरकार यह सब केवल अड़ानी और अंबानी को खुश करने के लिए कर रही है।

### कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** नॉर्थ जोन इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसिएशन के बैनर तले बृहस्पतिवार को जीवन बीमा निगम के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर पूरा दिन रोष व्यक्त किया। शाखा प्रधान कामरेड रामकुमार व शाखा सचिव अशोक यादव ने कर्मचारियों की सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आज कुरुक्षेत्र में धरना दिया। प्रधान रामकुमार व सचिव अशोक यादव ने कहा कि श्रम कानूनों में फेरबदल रद्द करो। एलआईसी का 2017 से देय वेतन बढ़ोतरी शीघ्र लागू करें। एलआईसी के आईपीओ के तहत शेयर को बेचने की नीति रद्द करो। किसान विरोधी बिल रद्द करो । 1995 की पेंशन स्कीम लागू करो सभी को पेंशन दो आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन दिया। कर्मचारियों ने इंकलाब जिंदाबाद मजदूर किसान कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर देव कुमार, महेंद्र सिंह, राजबाला, बबीता अग्रवाल, राखी, बुद्धिराजा, अनुवाला, अंजूल गुप्ता,मनीषा, राजेंद्र भारद्वाज, वैभव, प्रदीप शर्मा, रश्मि शर्मा आदि मौजूद थे।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना बरोदा की पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी से रूपये लेने की घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनुज निवासी गुप्तेश्वर रोड़ दोसा जिला जयपुर राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि गत 07 अक्तूबर को राजेश निवासी आहुलाना ने थाना बरोदा में शिकायत दी थी कि जेपी सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली में नौकरी लगवाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 14 हजार 899 रूपये लिए है। अनुसंधान टीम कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल आरोपी अनुज निवासी गुप्तेश्वर रोड़ दोसा जिला जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेशकर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शीघ्र ही घटना में शामिल अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चांदनी धर्मार्थ समिति ने की जरूरतमंद बेटी की शादी में मदद



**सोनीपत।** चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति ने तारानगर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में जरूरतमंद बेटी की शादी में जरूरी सामान दिया। दरअसल लड़की के मां-बाप की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह अपनी बेटी की शादी में जरूरी सामान देने में असमर्थ थे। उन्होंने सोनीपत की सभी सामाजिक संस्थाओं से शादी में सहायता करने की गुहार लगाई थी। ऐसे में चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति ने आगे आकर उस जरूरतमंद बेटी के सिर पर हाथ रखा और उनके माता-पिता को आश्वासन दिया कि लड़की की शादी का जरूरी सामान संस्था की ओर से दिलाएंगे। लड़की की मां घरों के अंदर साफ-सफाई का काम करती है, लड़की के पिता काफी समय से बीमार है। ऐसे में उन्हें अपनी बेटी की शादी के समान की चिंता सता रही थी। लड़की तारा नगर की रहने वाली है। चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की प्रधान मैडम चांदनी व मंदिर की कीर्तन मंडली ने 2500 रुपये नगद कन्यादान, वह शादी का सभी जरूरी सामान कपड़े, चप्पल, जूते, कंबल, इलेक्ट्रॉनिक सामान, राशन आदि दिया। लड़के के कपड़े वह जरूरी सामान शादी में दिया। चांदनी ने आश्वासन दिया है कि जो जरूरतमंद मां-बाप अपनी बेटी की शादी में जरूरी सामान देने में असमर्थ हैं। संस्था के दरवाजे उनके लिए सदा खुले हुए हैं। ऐसे में उन्हें 20 से 25 दिन पहले बताना होगा और साथ में लड़की और लड़के का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व शादी का कार्ड उनके पास जमा कराना होगा, ताकि संस्था आधार कार्ड के आधार पर यह देख सके कि लड़की और लड़का दोनों बालिग है या नाबालिग है। इस मौके पर चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति के महासचिव डॉ दर्शन लाल मल्होत्रा, माता वैष्णो देवी मंदिर की कीर्तन मंडली की प्रधान राजबाला, सोना देवी, अंजू, पवन, राजू राणा, मीनू, निर्मला, दर्शना, गीता, सरला, मधु, ओमपत्ती व गीता कश्यप आदि मौजूद थे।

## पायनियर क्लासीफाइड

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बामनीखेड़ा तह0 होडल जिला पलवल अपने ग्राम की भट्टा वाली, सूकटा वाली व नेशनल हाईवे वाली जोहड़ों को दिनांक 14. 12.2020 को प्रातः 10:00 बजे पंचायत घर पर 8 वर्ष के लिए ठेके पर छोड़ेगी। तमाम शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

महावीर शर्मा सरपंच
मोबाईल नंबर 9729929938

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कांग्रेस में एक युग का अंत

## पटेल व गोगोई का निधन

**अहमद** पटेल व तरुण गोगोई के निधन से कांग्रेस में पुरानी व्यवस्था और कमजोर हुई है तथा पुनर्जीवन और कठिन हो गया है। शायद कांग्रेस अपने अंतिम वर्षों में है, लेकिन शायद वह अपने वारिसों में ऐसी भावना पैदा कर सके कि वे पार्टी को बचा लें। चुनावी रूप से वह उभरने का प्रयास कर रही है, पर संगठनात्मक रूप से अत्यधिक विभाजित है। अहमद पटेल व तरुण गोगोई वरिष्ठ संगठन बनाने वाले नेता थे जिन्होंने विरोध का लाभ उठा कर पार्टी को मजबूत और एकजुट किया। पटेल का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है क्योंकि कांग्रेस ने अपना चाणक्य खो दिया है। वे पार्टी के रणनीतिकार थे और उन्होंने उसी प्रकार पार्टी चलाई जिस प्रकार स्व. प्रणव मुखर्जी ने इंदिरा से सोनिया तक अनेक नेताओं के नेतृत्व में सरकारें चलाई थीं। हालांकि, अहमद पटेल ने कभी अपनी आकांक्षा नहीं दिखाई और वे पार्टी को एक के बाद दूसरे संकटों से उबारते रहे तथा संख्याबल कम होने पर सहयोगियों के साथ सरकारें बनवाते रहे, पार्टी के लिए फंड एकत्र करते रहे और पार्टी को किसी भी नेता से बड़ा बनाया। परोक्ष रूप से वे ऐसी पार्टी बन गए जिसका प्रतिनिधित्व गांधी परिवार के लोग करते थे। पार्टी के भीतर और बाहर उनके अनेक नेताओं से अच्छे संबंध थे। वे कार्यकर्ताओं की पहुंच में थे तथा जमीन पर नजर बनाए रखते हुए वे उनकी शिकायतों का समाधान करते थे। इस प्रकार पटेल वरिष्ठ नेताओं और युवा नेताओं के बीच पुल का काम करते थे। गठबंधन युग में वे पार्टी तथा गठबंधन सहयोगियों के बीच सेतु तथा विपक्ष से संपर्क बनाए रखने का काम करते थे। इसके साथ ही कार्पोरेट जगत से उनके संबंध थे और इसी कारण राहुल गांधी ने उनको कोषाध्यक्ष बनाया था तथा उनको अपने माता-पिता के समान स्थान दिया था। 1977 में भरूच सीट से चुनाव जीत कर वे इंदिरा गांधी के निकट आए थे तथा राजीव गांधी ने उनको पार्टी का महासचिव बनाया था। इसके बाद वे परिवार



का हिस्सा बन गए। हालांकि, नरसिम्हा राव के आलोचक होने के बावजूद उन्होंने कभी उनको परेशान नहीं किया। 2004 में सोनिया गांधी के राजनीतिक उभार व लोकसभा चुनाव में विजय के बाद वे उनके रणनीतिकार और सलाहकार बन गए। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' अभियान का मुकाबला किया तथा मोदी लहर में भी गुजरात विधानसभा में कांग्रेस की अच्छी उपस्थिति बनाए रखी। सबसे अच्छी बात यह है कि पटेल ने कभी अपने लिए मुस्लिम कार्ड नहीं खेला। तरुण गोगोई ने भी अपने व्यक्तिगत आकर्षण तथा सहमति बनाने की क्षमता से असम में चरमपंथ समाप्ति के बाद कांग्रेस के लिए मजबूत स्थान बनाया तथा मुख्यमंत्री के रूप में अपने लंबे कार्यकाल में विकास व शांति सुनिश्चित कर प्रदेश को हाशिए से बाहर निकाला। दोनों नेताओं ने पार्टी को मुख्यधारा में बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया। कांग्रेस की समस्या यह है कि अब कोई उसे दिशा देने वाला नहीं है। वरिष्ठ नेता नेतृत्व को यह समझाने में विफल रहे कि पार्टी को नामांकन की संस्कृति से मुक्ति पा कर संगठन में लोकतंत्र लाना चाहिए। सोनिया के पास नए विचारों का अभाव है और अब पटेल का भी निधन हो गया है जो ऐसे किसी व्यक्ति को बाहर रखने में सक्षम थे जो गांधी परिवार को चुनौती दे सकता था। कांग्रेस में सीडब्लूसी के चुनाव 1998 में हुए थे और अब इनके माध्यम से ही जमीनी कार्यकर्ताओं व नेताओं को जोड़े रखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल व पंजाब के अमरिंदर सिंह जैसे नेताओं ने सिद्ध कर दिया है कि वे मजबूत संगठनकर्ता हैं तथा राष्ट्रीय मुद्दों पर भी पार्टी के साथ खड़े हो सकते हैं। यदि कांग्रेस वर्तमान मुश्किलों से उबरना चाहती हो तो उसके पास अपना रास्ता ठीक करने तथा उठ खड़े होने का यह अंतिम अवसर है। इसके लिए उसे अहंकार त्याग कर ईमानदार सलाह सुननी होगी तथा व्यापक राजनीतिक विरासत के पक्ष में निहित स्वार्थ छोड़ने होंगे। यदि राहुल गांधी आगे बढ़ना चाहते हों तो उनको चुनाव के माध्यम से कार्यकर्ताओं का सम्मान और विश्वास प्राप्त करना होगा।

# पश्चिम बंगाल का पुनर्जीवन

**पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए बहुत अधिक निवेश की आवश्यकता नहीं है। यह काम केवल सरकार की इच्छाशक्ति व प्रबंधन से संभव है।**

प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)





यदि मैं अब भी पश्चिम बंगाल का निवासी होता तो आगामी विधानसभा चुनावों में मेरी पहली पसंद अपने राज्य की पहचान बनाए रखना होता। इसे कभी बांग्लादेश या उसके सरोकारों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। हमें याद करने की आवश्यकता है कि 1947 में विभाजन से पहले सर अब्दुल रहीम तथा लोकप्रिय किसान नेता फजलुर रहमान कोलकाता में नेताजी के भाई शरत बोस को यह समझाने आए थे कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बजाय एकीकृत बंगाल एक तीसरा विकल्प हो सकता है। उस समय कम्युनिस्ट पार्टी ने अविभाजित बंगाल के विचार का समर्थन किया था। कायदे आजम जिन्ना ने भी इसका समर्थन किया था क्योंकि मुस्लिम प्रभुत्व वाला बंगाल चाहे-अनचाहे भारत के बजाय पाकिस्तान का पक्ष लेता।

गीत, संगीत, भाषा व साहित्य के मामले में सभी बंगाली अपने आप पर गर्व करते हैं। लेकिन स्मृतियों का मामला सामने आने पर अधिकांश बांग्लादेशी जमींदारों व उनके समर्थकों के हाथों अपने सामाजिक उत्पीड़न की याद करते हैं। बहुत से लोगों को याद है कि उनको विवाह समारोहों में भोजन के लिए बुलाए जाने पर भी अलग बैठने को कहा जाता था तथा उम्मीद की जाती थी कि भोजन के बाद वे अपने पत्तल व बर्तन उठाएंगे। ऊंचनीच की यह भावना इतनी गहरी थी कि एकीकृत बंगाल भी अंततः भीतर से विभाजित हो जाता। कुछ साल पहले ढाका के कुछ परिचितों से बात करते हुए मुझे यह आश्चर्य हुआ कि विभाजन के समय पूर्वी बंगाल को कोलकाता न दिए जाने से वे नाराज थे, हालांकि यह शहर जेस्सोर से थोड़ी ही दूर है। उनका विश्वास था कि अंग्रेजों ने अंतिम क्षण यह परिवर्तन किया था और पाकिस्तान को लाहौर देने के बावजूद उनके साथ यह घोर अन्याय हुआ था। कोलकाता पर कब्जे की मांग इसलिए थी कि यह आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र व बंदरगाह था। यह कच्चे जूट की सप्लाई करता था ओर कोलकाता के व्यापारी राजकुमार जूट मिलों व अनेक अन्य बिजनेसों का लाभ उठाते थे। मुहम्मद अली जिन्ना कोलकाता पर कब्जे के लिए बेचैन थे और उनके दिमाग में अपने सक्षम वार्ताकार होने का अहंकार था। लेकिन वे इस मामले में शायद इसलिए पराजित हुए क्योंकि उनके फेफड़े बेकार हो रहे थे और उनका दिल पाकिस्तान बनाने में लगा था। उनके लिए पूर्वी बंगाल तथा उसके हितों की ज्यादा प्राथमिकता नहीं थी। संयोग से फरवरी, 1948 के पहले कायदे आजम कभी पूर्वी बंगाल नहीं गए थे। उसे सिल्हट जिले के रूप में एकमात्र उद्योग मिला था जहां चाय के बागान थे। बांग्लादेश के पास चावल व मछली जैसे जीवित रहने के संसाधनों को छोड़ कर बहुत कम आर्थिक संसाधन थे। इसी कारण उसने विदेशों से कच्चा माल आयात कर उसे उच्च प्रौद्योगिकी के माध्यम से निर्यात के लिए नए उत्पादों में बदलने का जापानी माडल अपनाया। लेकिन किसी के लिए जापानियों की तरह तकनीकी-उद्यमिता महारत प्राप्त करना आसान नहीं है। अब सोनार बांग्ला का सपना टूट रहा है क्योंकि 6 पश्चिमी जिलों में पहले की तरह बरसात नहीं होती है और उसे भारत से नदी जल की आवश्यकता है। उसका दुर्भाग्य है कि अधिकांश जमीन नीची है और समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि दो दशक में बांग्लादेश का 17 प्रतिशत भू क्षेत्र पानी में डूब जाएगा। इन सभी कारणों से दुनिया के दूसरे हिस्सों में जाने वाले आप्रवासियों में बांग्लादेशियों की संख्या सबसे ज्यादा है। लेकिन पश्चिम बंगाल को इस घुसपैठ का सामना करना पड़ा है।

कुछ साल पहले मेरा दिल आनन्द से भर गया था जब ममता बनर्जी ने अपनी सारी गुस्सा दिखाते हुए लोकसभा अध्यक्ष की मेज पर कागज फेंके थे। उस समय वे घुसपैठ-रहित पश्चिम बंगाल की मांग कर रही थीं। राज्य के पास थोड़ी भूमि और बड़ी संख्या में जनता थी जिससे उसके संसाधनों पर अनेक वर्षों से भारी दबाव था। ऐसे में शरणार्थी बोझ और बढ़ा रहे थे। इसके अलावा अतीत के वर्षों में ट्रेड यूनियनों व खराब प्रबंधन के कारण पहले से मौजूद राज्य का गौरव समझे जाने वाले अनेक छोटे, मझोले व बड़े उद्योग औद्योगिक कब्रिस्तानों में बदल गए थे।

बंगाली निश्चित रूप से बहुत बुद्धिमान लोग हैं, लेकिन कभी-कभी वे निरक्षर लोगों की तरह व्यवहार करते हैं। यदि उनकी प्रतिभा का समुचित उपयोग होता तो राज्य की अर्थव्यवस्था बेहतर हो सकती थी। राज्य का पुनर्जीवन बहु-प्रतीक्षित है और इसके लिए जल्द ही नया आर्थिक एजेंडा बनाया जाना चाहिए। नया उद्योग लगाना एक ब्रांड स्थापित करने की तरह है जिसके लिए वैश्वीकरण के युग में भारी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसका लाभ बंगाल को स्वाभाविक रूप से मिलता है तथा इस कारण सम्मान भी प्राप्त होता है। पहला जोर मुख्यतः स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों पर दिया जाना चाहिए। यहां एक बड़ी ज्ञान अर्थव्यवस्था का निर्माण हो सकता है क्योंकि इसके दायरे में उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, असम व पूर्वोत्तर तथा बांग्लादेश आ सकता है। इनमें से कोई भी क्षेत्र नौजवानों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम नहीं है।

मैं चिकित्सा अध्ययन से बात शुरू करूंगा। सक्षम प्रबंधन व योग्य डाक्टरों के साथ राज्य में अनेक अस्पतालों की दयनीय व्यवस्था पेशेवर प्रबंधकों द्वारा सुधारी जानी चाहिए जिसमें चिकित्सक अपना योगदान करेंगे। डाक्टरों को उनका विशेषज्ञतापूर्ण काम करने दें। प्रबंधन तथा चिकित्सा व शल्यक्रिया में घालमेल नहीं होना चाहिए। इसके बाद मेडिकल कालेजों तथा अस्पतालों की अधिकाधिक स्थापना होनी चाहिए। मेडिकल कालेजों की स्थापना में काफी निवेश करना होगा। सरकार द्वारा कर्ज की गारंटी लेने पर विश्व बैंक इसके लिए पैसा दे सकता है। यथासंभव अस्पताल के विस्तार का विकल्प होना चाहिए ताकि एक और कालेज उसमें जोड़ा जा सके। भारत में इसके लिए सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध है।

वर्तमान समय में सामान्य छात्रों के बजाय उत्कृष्ट छात्रों की आवश्यकता है जिनको हास्टल सुविधायें मिलें। नई शिक्षा नीति निजी क्षेत्र में ऐसे स्कूलों की स्थापना में सहयोग कर सकती है जिनमें बेहतर सुविधायें हों। इनके लिए राज्य भूमि का आबंटन कर सकता है अथवा इसे सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कालेजों और विश्वविद्यालयों के लिए भी ऐसी ही नीति बनाई जानी चाहिए। इससे बंगाल बौद्धिक क्षेत्र के रूप में गौरवान्वित होगा।

सरकार को पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। सिलीगुड़ी के निकट स्थित बागडोगरा में एक शानदार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनाने के लिए काफी स्थान है। यहां से दार्जिलिंग, कलिमपोंग या सिक्किम में गैंगटोक पहुंचा सकता है। दुनिया के सबसे दर्शनीय पहाड़ इन हिल स्टेशनों के निकट हैं। दार्जिलिंग 6,000 फीट की ऊंचाई पर है और इससे 6,000 फीट ऊपर मोटर से संदकफू पहुंचा जा सकता है। यहां से साफ दिन एवरेस्ट दिखाई पड़ता है। विश्व स्तरीय होटल समूह और एयरलाइनों को यहां समुचित सहायता, बेहतर कानून व्यवस्थ तथा बाधायें समाप्त करने के माध्यम से आकर्षित किया जा सकता है। हिमालयी बंगाल अपने आप में प्रकृति का एक ब्रांड बन सकता है। इसके लिए अप्रतिम सौंदर्य वाला उत्तरी बंगाल सर्वाधिक उपयुक्त है। इस प्रकार बिना बहुत अधिक निवेशों के भी पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था का तेजी से पुनर्जीवन शुरू हो सकता है, लेकिन इसके लिए सरकार की इच्छाशक्ति तथा उत्कृष्ट प्रबंधन जरूरी है।

# छोटे उद्योगों की वित्त व्यवस्था

> **छोटे व मझोले उद्योगों-एसएमई का वित्तीय व्यवहार व प्रणाली समझना महत्वपूर्ण है जो बड़ी फर्मों से पूरी तरह अलग है।**

हिमा बिंदू कोटा
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



हालांकि, पूंजी किसी बिजनेस के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है, पर यह छोटे एवं मझोले उद्यमों-एसएमई के लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए सामान्य रूप से सभी उद्यमों व खासकर एसएमई के लिए नकद प्रवाह व कार्यकारी पूंजी का प्रबंधन सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनौती है। कार्यकारी पूंजी की प्रकृति अल्पकालीन होती है और यह फर्म के रोजमर्रा काम वाला पैसा है। बिजनेस शब्दावली में इसे एकाउंट्स इन्वैरियेबल कहते हैं जिसमें कर्जदारों को व कोई पूर्व भुगतान, स्टाक व इन्वेंटरी शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें एकाउंट्स पेएबिल भी शामिल हैं। किसी उद्यम की जीवनरखा नकदी प्रवाह व अन्य तरल परिसंपत्तियां हैं जो बिजनेस चक्र से आती हैं। इसे कैश कन्वर्जन साइकिल भी कहते हैं। इसलिए बिजनेस की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कितनी जल्दी वस्तुएं नकदी में बदलती हैं। अपने वित्तीय व्यवहार व निर्णय लेने में एसएमई बड़ी फर्मों से अलग हैं जिसका कारण उनका चरित्र तथा स्वामित्व है। इससे उनकी वित्तीय आदतें प्रकट होती हैं। पूंजी उपलब्धता का एक महत्वपूर्ण मुद्दा इनका आकार है। शोध के अनुसार स्टार्टअप चरण में स्वामी की व्यक्तिगत बचत पैसे का महत्वपूर्ण साधन होती हे। नवोदित व छोटी फर्मों का स्थापित ट्रैक रिकार्ड नहीं होता है और उनकी पहचान सूचना संबंधी अपारदर्शिता से होती है जिससे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थान उनको कर्ज देने से बचते हैं। चार साल से कम आयु वाली फर्में फंडिंग के अनौपचारिक स्रोतों पर ज्यादा निर्भर होती हैं। लेकिन जब एसएमई का आकार बढ़ जाता है तो बेंकों का बड़ा नेटवर्क उनको पैसा देने के लिए तैयार हो जाता है। अनेक बैंकों व अन्य कर्जदाता एजेंसियों से निपटने की फर्म की क्षमता आमतौर से उसकी वृद्धि व आकार पर निर्भर होती है। इसलिए वे दीर्घकालीन कर्ज व बाहरी फाइनेंसिंग तथा बैंक कर्जों पर निर्भर हो जाती हैं।

स्वामित्व का प्रकार फंडिंग स्रोत निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्रोप्राइटरशिप जैसे स्वामित्व वाली एसएमई को मामूली फाइनेंसिंग के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि उसे कर्ज के औपचारिक स्रोतों तक पहुंचने में कठिनाई होती है।



कर्जदाता के दृष्टिकोण से ऐसी एसएमई में स्वामी और फर्म की कोई अलग पहचान नहीं होती है, सूचना की उपलब्धता कम होती है तथा बंधक पूंजी नहीं होती है। दूसरी ओर प्राइवेट लिमिटेड एसएमई को कर्जदाता एजेंसियां ज्यादा सुगठित व विश्वसनीय मानती हैं। इसके परिणामस्वरूप उनको औपचारिक वित्त आसानी से उपलब्ध होता है। तीसरा, स्टार्टअप के स्थान का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। बैंकों से निकट होने की स्थिति में उसकी फंडिंग प्राप्त करने की क्षमता अच्छी होती है। शोध से यह भी स्पष्ट है कि कंपनी की विफलता का एक कारण उसकी खराब स्थिति होती है जिससे ग्राहकों व सप्लायरों को उस तक पहुंचने में कठिनाई होती है। इसलिए भारी किराए के बावजूद एसएमई बेहतर ढांचागत संरचना तथा फंडिंग आसानी से मिलने के लिए शहरों में जाना पसंद करती हैं।

अनेक शोधकर्ताओं ने प्रमाण दिए हैं कि एसएमई के कार्यक्षेत्र से उसको मिलने वाली फंडिंग प्रभावित होती है। इससे उसे मिलने वाला अल्कालीन व दीर्घकालीन कर्ज प्रभावित होता है। विनिर्माण एसएमई की तुलना में अल्पकालीन कर्ज थोक व खुदरा व्यापार वाली एसएमई को आसानी से मिलता है। निर्माण क्षेत्र, होटल, अतिथि सत्कार व खनन उद्योगों को दीर्घकालीन फाइनेंसिंग पर ज्यादा निर्भर होना पड़ता है। फंड एकत्र करने में परिसंपत्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कर्जदाता के दृष्टिकोण से बंधक पूंजी उसके बचाव के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह कर्ज के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रासांगिक है। शोधकर्ता ओनो व उइसुगी के अनुसार जापानी एएमई कर्ज बाजार बंधक पूंजी से संबंध होने पर सकारात्मक व्यवहार करता है तथा बैंक कर्ज व अन्य फाइनेंसिंग में सहायता करता है। इससे यह बात भी समझ मे ंआती है कि कम परिसंपत्तियों वाली फर्म को फंड प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

इसके साथ ही कर्ज पाने में फर्म के स्वामी का चरित्र व जेंडर भी प्रभावी होता है। विभिन्न देशों में किए अनेक शोधों से स्पष्ट है कि अपने बिजनेस के लिए कर्ज प्राप्त करने में पुरुष व महिला में भेद किया जाता है। महिला उद्यमियों को कम पूंजी से अपने स्टार्टअप शुरू करने पड़ते हैं जो वास्तव में पुरुषों द्वारा शुरू उद्यमों के आधे से भी कम हो सकते हैं। इसके साथ ही महिलाओं को बैंकों व अन्य संस्थाओं में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह महिला उद्यामियों से ब्याज की अधिक दर लेने से स्पष्ट है। उनसे अधिक बंधक पूंजी मांगी जाती है तथा कर्ज देने से इनकार करने की दर अधिक होती है। स्वामी की आयु का भी फाइनेंसिंग पर प्रभाव पड़ता है। अधिक आयु वाले एसएमई स्वामियों से अतिरिक्त फाइनेंस कम लेने की उम्मीद की जाती है। नौजवान स्वामियों को कर्ज, ओवरड्राफ्ट, क्रेडिट कार्ड व व्यक्तिगत बचत जैसे अनेक साधनों की जरूरत हो सकती है।

एसएमई किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी की तरह हैं। इसलिए उनका वित्तीय व्यवहार व प्रणालियां समझना बहुत जरूरी है जो बड़ी कंपनियों के वित्त प्रबंधन से पूरी तरह अलग हैं। इससे नीति निर्माताओं को ऐसे तरीके तलाशने में सहायता मिलेगी जिससे उनका फाइनेंसिंग परिदृश्य बेहतर हो सके क्योंकि मजबूत एसएमई मजबूत अर्थव्यवस्था का आधार हैं।

# आप की बात

## निवेशकों को सोचना होगा!

**विगत** कुछ समय से चिटफंड कपनियों के धोखाधड़ी की खबरे समाचार पत्रों में सुर्खियों में है। और कहि जगह लोग इनकी धोखाधड़ी से परेशान भी है। और जहां जहां इनकी रिपोर्ट दर्ज हुई। वहां पर इनके इंसाफ के लिए कारगर कदम भी उठाए जा रहे है। अब इस तरह से अगर निवेशको के साथ, खाता धारकों के साथ होगा तो यह सोचने और विचारणीय समय है लोगो ने अब अपने विवेक से काम लेना होगा कोई भी अनजान लोगों के लुभावने सब्जबाग बताने वाली बातों पर न आये। कंपनी और व्यक्ति की सही प्रामाणिकता बगैर अपनी उम्र भर की मेहनत की कमाई को इस तरह बर्बाद न करे। अक्सर देखा जाता है कि कुकुरमुतो की तरह चिटफंड कंपनियां अपना स्वार्थ सिद्ध कर के लोगो के साथ धोखा कर के उनकी राशी को हड़प कर गायब हो जाती है। बहुत जरूरी है इन पर नकेल कसना। इनको कठोरतम रूप से सजा के प्रावधानों में बांधना। ऐसे में आमजनो को भरोसा ही उठ जाएगा। आमजन अब सतर्कता और सावधानी रखें। किसी भी प्रलोभन, लालच,धन दुगना हो जाएगा। ऐसे दिवा स्वप्नों और झांसों में न आये।अपनी बैंक खाता, एटीएम, आधार कार्ड, पेन नम्बर किसी भी अनजान लोगों या कंपनी को नही सौंपे।

**- योगेश जोशी**

## स्वागतयोग्य कदम

**मध्य** प्रदेश सरकार गोपालन और संवर्धन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। शासन द्वारा आंगनबाड़ियों में बच्चों को अंडे के स्थान पर गाय का दूध प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। शिवराजसिंह सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुरातन काल से हमारे देश में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गौमाता में सभी देवी देवताओं का निवास बताया गया है। गाय का दूध, गोमूत्र एवं गोबर सभी अमृततुल्य माने गए हैं। देसी गायों की नस्ल को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गोपालन करने वाले लोगों को यह ताकीद की जाना चाहिए कि गाय अभक्ष वस्तुओं का सेवन न करें। गौशालाओं में भी इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। पॉलिथीन को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। भैंस के स्थान पर गाय के दूध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गौ मांस पर हमारे देश में पूर्णतया रोक लगना चाहिए। गौ मांस का निर्यात भी प्रतिबंधित होना चाहिए। अवैध रूप से पशुधन की तस्करी बंद की जाना चाहिए। गोमूत्र पर व्यापक रूप से अनुसंधान की आवश्यकता है, ताकि आयुर्वेदिक दवाओं में इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जा सके।

**- ललित महालकारी**

## निवार का निवारण

**भारत** के दक्षिण राज्यों में तबाही मचाने वाले निवार नामक तूफ़ान के आने को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था। मौसम विभाग के अनुसार तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत कई दक्षिण भारत के इलाकों में भारी तबाही के आने का अंदेशा लगा रहे थे। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने एनडीआरएफ के सभी राहत कार्य को इस बाबत पहले ही सतर्क कर दिया, जिससे तूफान के कारण कम से कम जान माल का नुकसान हो सके। पिछले कई घंटो से लगातार बारिश होने के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। तटीय इलाकों में मौजूद सभी मछुआरों और नाविकों को भी जागरूक कर दिया गया है। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार के जान - माल के नुक़सान की खबर नहीं है।मौसम विभाग समेत सभी बचाव राहत टीम को तैयार रखा गया है। दक्षिण के कई क्षेत्रों में दो से तीन फुट पानी भर गया है, जिससे गरीब, किसान और रोजमर्रा के मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। उम्मीद है जल्द ही निवार का निवारण हो जाएगा और स्थितियां फिर से सामान्य होंगी।

**- अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# फरमाया



**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई को लेकर राज्यपाल महोदय से हुई चर्चा को लेकर मैं संतुष्ट हूं।

**- एम के स्टालिन**
द्रमुक अध्यक्ष



**हम** कोई जोखिम नहीं ले सकते। हमें अभी भी प्रतीक्षा करनी होगी और यह देखना होगा कि कब शिक्षण संस्थाओं को खोला जा सकता है। हम विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे।

**- पिनराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री



**हमें** अपनी कला और संस्कृति की वैश्विक पहुंच स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयास करते रहना होगा। ये नम्य शक्ति भविष्य में देश की मजबूत छवि बनाने में मददगार होगी।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# किसान नेशनल हाईवे पर पुलिस बैरिकेड तोड़कर दिल्ली की ओर बढ़े

## पुलिस ने किसानों पर वाटर कैनन व आंसू गैस के गोले छोड़कर किया दिल्ली कूच रोकने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**बुधवार** रात से ही करनाल की सीमा में डटे किसान दिल्ली कूच करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने करण लेक के पास बैरिकेड लगाकर उन्हें रात भर रोकने का प्रयास किया।

गुरुवार को पूरा दिन पुलिस प्रशासन और किसानों के बीच दिल्ली कूच को लेकर जद्दोजहद रही आखिर आज सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने देर शाम पुलिस बैरिकेड को तोड़ते हुए दिल्ली की ओर कूच किया किसानों के आंदोलन को देखते हुए हालांकि जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। लेकिन किसानों के हौसले के आगे सब धरे रह गए। कल रात से ही किसानों के आंदोलन को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से जाम रहा और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए 5 से 9 घंटे के जाम का सामना करना पड़ा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि किसान संगठनों द्वारा दिल्ली कूच के आह्वान को लेकर जिला प्रशासन ने मुस्तैदी से शांति व कानून व्यवस्था कायम रखी, जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और न ही कोई अप्रिय घटना घटित हुई है।

उन्होंने किसान संगठनों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि कानून को अपने हाथ में न लें, प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कर्ण लेक स्थित जीटी रोड पर बैरिकेट लगाकर किसानों को दिल्ली जाने से रोका गया, लेकिन किसान दिल्ली चलो जोश के साथ बैरिकेट तोड़कर आगे बढ़े। इसके बावजूद पुलिस अधीक्षक व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कानून व्यवस्था भंग नहीं होने दिया और किसानों का काफिला शांतिपूर्वक जिले की सीमा पार करते हुए आगे निकल गया।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे, सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक पुलिसबल तैनात किया गया था। बसताड़ा टोल पर अधिक भीड़ को देखते हुए टोल को आने-जाने के लिए खोल दिया गया और वाहनों की आवाजाही के लिए अनेक रास्ते बनाए गए थे, जिन पर पहले ही वाहनों को डाइवर्ट कर दिया गया था। वीरवार शाम तक जिले की सभी सीमाओं में शांति है, किसी भी किसान संगठन की ओर से कोई प्रदर्शन की चेतावनी नहीं दी गई है। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया की देखरेख में पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए है। शांति बनाए रखने के लिए जिले में संबंधित उपमंडलाधीशों को नोडल बनाया गया है और अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# कबूतरबाजों पर हरियाणा पुलिस ने कसी नकेल

## अब तक 435 मामलों में 377 अपराधी किए गिरफ्तार

## एक करोड़ से अधिक की नगदी की बरामद

**चंडीगढ़।** गैरकानूनी तरीके से विदेश भेजने और कबूतरबाजी को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा गठित की गई एसआईटी ने अब तक 435 अभियोगों में 377 अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 1 करोड़ 12 लाख 88 हजार 600 रुपये की बरामदगी की गई है।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एसआईटी प्रमुख भारती अरोड़ा के नेतृत्व वाली टीम द्वारा अवैध एजेंटों के विरुद्ध हरियाणा के अलग-2 जिलों में इमीग्रेशन एक्ट के तहत कबूतरबाजी के मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें काफी अपराधी ऐसे भी हैं जिनके विरुद्ध 2 से अधिक अभियोग अंकित हैं। ऐसे 15 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। विज ने बताया कि इन अपराधियों में पेहवा के बिट्टू के विरुद्ध कबूतरबाजी के चार मामले दर्ज हैं और हाल ही मोहाली में रह रहे पूंडरी निवासी सतपाल के विरुद्ध ऐसे नौ मामले दर्ज किये गए हैं। इनके अलावा कैथल के महाबीर के विरुद्ध कबूतरबाजी के दो मामले, कैथल के राजकुमार के विरुद्ध के 4 अभियोग, अम्बाला शहर के सुरेन्द्र सिंह के विरुद्ध के 14 अभियोग, मक्खन सिंह के विरुद्ध 6 अभियोग तथा अमनजोत सिंह के विरुद्ध 3 अभियोग अंकित हैं।

एसआईटी प्रमुख ने बताया कि पानीपत के ओमप्रकाश के विरुद्ध 24 अभियोग, बलवान के विरुद्ध 7 अभियोग, सोहन लाल के विरुद्ध 3 अभियोग, प्रदीप के विरुद्ध 3 अभियोग अंकित हैं। इसी प्रकार करनाल निवासी राजेश के विरुद्ध 2 अभियोग, असंध निवासी हरदीप सिंह के विरुद्ध 3 अभियोग, करनाल के कृष्ण के विरुद्ध 4 अभियोग तथा जगदीश के विरुद्ध कबूतरबाजी के 5 अभियोग अंकित हैं। इन 15 अपराधियों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोली गई है ताकि पुलिस द्वारा इन अपराधियों पर निगरानी रखी जा सके और ये अपराधी भविष्य में किसी भी व्यक्ति को बहका-फुसलाकर कर विदेश भेजने के नाम पर अपने जाल में न फंसा सकें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 124 अभियोगों में 38 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया चल रही है, जो शीघ्र पूरी हो जाएगी।

# संक्षिप्त-समाचार

### शिक्षा किसी भी समाज की खुशहाली के लिए पहली सीढ़ी



**निगदू।** कांग्रेस के पूर्व नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा शिक्षा किसी भी समाज व घर की खुशहाली की पहली सीढ़ी है। हर समाज को बच्चों को शिक्षित करने पर जोर देना चाहिए। डॉ. तंवर गांव सावंत के सरपंच सूरजभान के निवास स्थान पर पहुंचे थे। इस दौरान डॉ. तंवर ने ग्रामीणों से बातचीत भी की। सरपंच सूरजभान ने उन्हें मौजूदा पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। सरपंच ने बताया गांव में दसवीं कक्षा तक ही स्कूल था। उसके आगे की शिक्षा के लिए बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ता था। ग्राम पंचायत ने स्कूल को अपग्रेड कराकर अब 12वीं कक्षा तक कराया है। ताकि बच्चों को 10वीं कक्षा के बाद की पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े। गांव में अम्बेडकर पुस्तकालय का निर्माण कराया हैं। डॉ. अशोक तंवर ने गांव में मनरेगा विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। मौके पर बीआर अम्बेड़कर जन चेतना संगठन प्रधान मनीष कुमार, बाल्मीकि सभा प्रधान ऋषि पाल, नंबरदार नरसी, जय पाल सिंह, ताना राम, गुलाब सिंह, संजीव कुमार, संजू कुमार, राजू, नफे सिंह, रतन सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाजपा के कला प्रकोष्ठ के जिला प्रधान संजय दुआ को पितृ शोक

**भिवानी।** भाजपा के कला एंव संस्कति प्रकोष्ठ के जिला प्रधान संजय दुआ के पिता श्रीकृष्ण लाल दुआ का देहांत हो गया। करीब 85 वर्षीय श्रीकृष्ण लाल कई दिनों से श्वांस रोग से पीड़ित थे। दो दिन पूर्व उनकी तकलीफ बढ़ गई थी। बुधवार को उनको अस्पताल में दाखिल कराना था पर इससे पहले ही वे चल बसे। वे अपने समय में सैशन जज के पीए रहे थे। उस समय में तेज गति से टाइप करने का उनका अपना रिकार्ड था। सिद्धांतवादी श्रीकृष्ण लाल धार्मिक प्रवृति के थे। गुरुवार को बैकुंठधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे राजकुमार दुआ ने उनको मुखाग्नि दी। व्यापार मंडल, रेडीमैड यूनियन और भाजपा के पदाधिकारियों के अलावा शहर के प्रमुख लोगों ने उनको भावभीनी अंतिम विदाई दी। मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अनिल काठपालिया, भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पार्षद हर्षदीप डुडेजा, कोच दर्शन मिढ़ा, निगरानी कमेटी के चेयरमैन धीरज सैनी, भाजपा भिवानी मंडल के प्रधान विनोद चावला, सुनिल कालड़ा, उमेद सिंह, अंचल अरोड़ा, नवीन धमीजा, आशु कामरा, अशोक सरदाना, पत्रकार अनिल अरोड़ा व मुकेश वत्स प्रमुख थे।

### हरियाणा सरकार ने बदले दो एचसीएस अधिकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने दो एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। जींद के अतिरिक्त उपायुक्त और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए), जींद के सचिव सत्येंद्र दुहन को पलवल का अतिरिक्त उपायुक्त और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए), पलवल का सचिव लगाया गया है। उत्कर्ष सोसाइटी की प्रशासनिक अधिकारी, जिला परिषद, पंचकूला की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, पंचकूला की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशु सिंघल को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए), पंचकूला के सचिव का कार्यभार सौंपा गया है।

### जूट के थैले उपयोग में लाना बेहद आवश्यक : मदान



**सोनीपत।** युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने वीरवार को शहर के सेक्टर 14 में फल और सब्जी विक्रेताओं को जूट के बने थैले वितरित किये। निखिल मदान ने बताया कि विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा पॉलीथिन हटाओ पर्यावरण बचाओ मुहिम की शुरुआत की गई है। निखिल मदान ने बताया कि आज प्लास्टिक पॉलीथिन के अत्याधिक उपयोग के चलते पर्यावरण बेहद संकट में है। पॉलीथिन लगभग 100 साल तक अपशिष्ट के रूप में मौजूद रहती है और पेड़ पौधों एवं जीव जंतुओं के लिए खतरा बनी रहती है। कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा राजू फ्रूट्स, पाहूजा डिपार्टमेंटल स्टोर, ईजी डे स्टोर और अन्य सब्जी विक्रेताओं को जूट के थैले दिए गए। सभी दुकानदारों ने निखिल मदान एवं उनकी सोसाइटी का इस पहल के लिए धन्यवाद किया और पॉलीथिन बंद करने का आश्वासन भी दिया। निखिल मदान ने बताया की कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए ही शहर में 10000 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए हैं और वो सब शहरवासियों से अपील करते है कि सब्जी फल एवं अन्य घरेलू सामान की खरीदारी के लिए वो सब कपड़े या जूट के बने थैले ही उपयोग करें। निखिल मदान ने सभी दुकानदारों से भी ग्राहकों को जूट एवं कपड़े के थैले देने की बात कही। इस दौरान शुभम, राजू, सन्तोष, कुलदीप, तुषार, रमेश, अजय, संदीप मलिक, दिनेश हुड्डा आदि लोग मौजूद रहे।

### सर्वखाप महिला महापंचायत ने किया संगठन का विस्तार

**कुरुक्षेत्र।** सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी के गठन का ऐलान किया है। डॉ. संतोष दहिया ने इसके साथ ही उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की जिला कार्यकारिणी के कई पदाधिकारियों की भी घोषणा की है। डॉ. संतोष दहिया ने बताया कि उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी में सरोजिनी गिरी को अध्यक्ष, संगीता सिंह, डॉ. नीना, गीता विष्ट, कायना श्रीवास्तव, संदीपा राणा और अनुपमा सांडिल्य को उपाध्यक्ष बनाया है।

# किसानों के अधिकारों का हनन-कृष्ण कुटेल

## इनेलो का कार्यकर्ता किसानों के साथ

**करनाल।** केन्द्र की सरकार द्वारा कृषि संबधित लाए गए तीन कानूनों के विरोध में किसान संगठनों द्वारा किए जा रहे आंदोलन का करनाल पहुंचने पर समर्थन करते हुए इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुटेल ने कहा कि आज जो किसान सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं यह सब केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण है।

किसानों के विरोध में जो तीन अध्यादेश कृषि सम्बधित पारित किए इसका इंडियन नेशनल लोकदल कड़े शब्दों में निन्दा करती है। अगर कोई अध्यादेश राज्य सरकार व किसान संगठनों की सहमति से तैयार किया जाता तो यह स्थिति देखने को ना मिलती क्योंकि किसान देश को अन्न पैदा कर जीवन चलाने का काम करता है लेकिन आज जिस प्रकार से किसानों के साथ जो जुल्म ज्यादती हो रही है उनके शांति प्रिय प्रदर्शन को बार्डर सील कर किसान नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज कर गिरफ्तार करना यह एक प्रजातांत्रिक देश में असहनीय कार्य है। प्रजातंत्र में यह किसानों के अधिकारों का हनन है और इंडियन नेशनल लोकदल इसकी कड़ी निन्दा करती है और इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तैयार है और उनके आंदोलन का पूर्ण रूप से समर्थन करता है। किसानों पर इतना कुठाराघात होने के बावजूद किसान अपना आन्दोलन शांति प्रिय ढंग से चलाते हुए दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं।

# चौधरी बंसी लाल विवि में संविधान दिवस पर राष्ट्रीय हुई वेबिनार

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर एनएसएस सेल के सौजन्य से राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में विवि कुलपति प्रो.राजकुमार मित्तल ने एनएसएस स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के विकट दौर और विषम परिस्थितियों में विश्वविद्यालय ने सरकार के निर्देशानुसार नकल रहित परीक्षाओं का सफल संचालन, समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करना, निरंतर ऑनलाइन कक्षाएं, सफल दाखिला प्रक्रिया करके एक मिसाल पेश करते हुए विकास यात्रा को जारी रखा है, जिसके लिए विवि के सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, विद्यार्थियों का पूर्णतया सहयोग मिला है इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

# हरियाणा सरकार ने लव जिहाद कानून के लिए बनाई स्टडी कमेटी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

## आईपीएस, आईएएस और एडिशनल एडवोकेट जनरल कमेटी में शामिल

**हरियाणा** सरकार ने लव जिहाद पर कानून बनाने के लिए स्टडी कमेटी का गठन कर दिया है। यह कमेटी पड़ोसी राज्यों के कानून को स्टडी करने के साथ-साथ हरियाणा के संबंध में अपनी सिफारिशें देगी। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार द्वारा प्रदेश में लव जिहाद कानून लागू किया जाएगा।

के गृह मंत्री अनिल विज के आदेशों पर सरकार ने लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। वरिष्ठ आईपीएस, आईएएस और एडिशनल एडवोकेट जनरल वाली इस तीन सदस्यीय कमेटी को सभी प्रकार के अधिकार दिए हैं। कमेटी को हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित उन सभी राज्यों की स्टडी करने को कहा है, जहां लव जिहाद के मामलों से निपटने के लिए कानून बने हुए हैं।

कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) नवदीप सिंह विर्क के अलावा गृह विभाग के सचिव आईएएस टीएस सत्यप्रकाश व एडिशनल एडवोकेट जनरल दीपक मनचंदा को कमेटी में शामिल किया गया है। यह कमेटी उन राज्यों का भी अध्ययन करेगी जहां अभी तक कानून तो नहीं बना है, लेकिन इसके लिए बिल ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है। विज ने इस बाबत गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा को गत दिवस ही निर्देश दिए थे।

बृहस्पतिवार को विभाग ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने की अधिसूचना भी जारी कर दी गई। विज ने खुद अपने ट्वीटर हेंडल पर इस बाबत ट्वीट करके खुलासा किया है। विज ने कहा कि कमेटी को जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही, कमेटी को निर्देश दिए है कि वह दूसरे राज्यों के कानूनों की स्टडी करके हरियाणा के लिए सख्त कानून का ड्रॉफ्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसा कानून बनेगा ताकि कोई भी धर्म परिवर्तन के नाम पर किसी को प्यार के जाल में न फंसा सके।

# 'हरियाणा के जोश के बारे में सुना था आज महसूस कर रहा हूं'

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

## पार्टी का विचार और सरकार का काम लेकर हर घर तक जाएंगे : अन्नपूर्णा देवी

## धनखड़ की मौजूदगी में भाजपा प्रभारी का स्वागत किया



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी अन्नपूर्णा देवी का हरियाणा पहुंचते ही प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा प्रभारी और सह प्रभारी के चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भाजपा कार्यालय पहुंचते ही कार्यकर्ताओं द्वारा ढ़ोल नगाड़ों के साथ स्वागत और अभिनन्दन किया।

ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रभारी और सह प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा हरियाणा के प्रभारी का दायित्व मिलने के बाद पहली बार हरियाणा आगमन पर हम सब कार्यकर्त्ता हमारे प्रभारी और सह प्रभारी का बहुत बहुत स्वागत और अभिनन्दन करते है। उन्होंने कहा कि तावड़े जी और अन्नपूर्णा जी दोनों के लम्बे राजनितिक अनुभवों का मार्गदर्शन हमें मिलेगा, जिससे पार्टी के काम को नई दिशा मिलेगी।

भाजपा हरियाणा के नवनियुक्त प्रभारी विनोद तावड़े ने कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए कहा कि मैने अब से पहले हरियाणा के लोगों के जोश के बारे में सुना था आज देख भी लिया। कार्यकर्ताओं का जोश संगठन के काम के लिए बहुत ही जरूरी है और जोश से ही काम करने का आनंद भी आता है। उन्होंने कहा कि जब किसी जगह सरकार हमारे संगठन की हो तो वहां हम सब कार्यकर्ताओं कि जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। जिसका निर्वहन हम सबको मिलकर करना है और संगठन को आगे बढ़ाना है।

किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए तावड़े ने कहा कि कुछ लोग किसानों को भ्रमित करके आंदोलन कर रहे है। ये आंदोलन किसानों का कम और पंजाब सरकार का आंदोलन ज्यादा लग रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को ध्यान में रखते हुए कानून लेकर आए है यदि किसी ने इन कानूनों का लाभ नहीं लेना तो ना ले परन्तु किसानों को गुमराह करके राजनीति न करें। उन्होंने कहा कि आज हम सब कार्यकर्ताओं कि यह जिम्मेदारी बनती है कि हम हमारे किसान भाइयों को सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के बारे में बताएं और उनको सतर्क करें कि कुछ लोग आपको गुमराह करके अपना राजनितिक हित साधना चाहते हैं।

भाजपा सह प्रभारी अन्नपूर्णा ने भी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के सह प्रभारी के नाते मुझे दायित्व सौंपा है जिसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व की बहुत आभारी हूँ। अब हम सबको साथ मिलकर काम करना है, पार्टी संगठन के विचार, सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब मिलकर पार्टी संगठन को और अधिक गति प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर गृहमंत्री अनिल विज, भाजपा प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, प्रदेश, महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रणदीप घनघस, संजय आहूजा समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संविधान ने आधुनिक भारत देश को दी नई दिशा : सूरजभान कटारिया

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने कहा कि भारतीय संविधान भारतवर्ष को समता-स्वतंत्रता-बंधुत्व के एक सूत्र में बांधने वाला सामाजिक क्रांति का दस्तावेज है और सभी देशवासियों को संविधान दिवस पर्व के रूप में मनाना चाहिए। भारतीय संविधान के निर्माता, सामाजिक न्याय के पुरोधा, क्रांतिकारी डॉ भीमराव आंबेडकर को सिर्फ शोषित, वंचित, पिछड़ों के नेता तक ही सीमित करना जातिगत मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि आज हमें अगर कहीं भी खड़े होकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति करने की आजादी है, समानता का अधिकार है तो यह डॉ आंबेडकर के संघर्षों से मुमकिन हो सका है।

# श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण कमेटी कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार रात्रि कालेश्वर महादेव मंदिर के निकट स्थित श्रीखाटू श्याम मंदिर निर्माण स्थल पर श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया। जानकारी देते हुए प्रधान मित्रसेन गुप्ता ने बताया कि श्री श्याम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में कराये गए आयोजन में काठमांडू के विख्यात ज्योतिषाचार्य गणेश जी पवन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि नगर परिषद की अध्यक्षा उमा सुधा व समाजसेवी धीरज गुलाटी विशिष्ट अतिथि रहे। श्रीश्याम जी का जन्मदिवस मनाने को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह रहा। कई भक्तों ने केक काटकर श्याम जी के प्रति अपनी भक्ति एवं श्रद्धा प्रकट की।

## प्रेरणा



**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

वो जो माटी से सोना उपजा सकता है,
ध्यान रखना वो माटी में भी मिला सकता है,
सरकार का तख्त हिलाना तो कोई बड़ी बात नहीं,
वो चाहे तो सिंहासन ब्रह्म का भी हिला सकता है।

# दिशाहीन व्यक्ति समाज में अपना विशेष योगदान नहीं दे सकता : रतन लाल कटारिया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



भिवानी लघु सचिवालय में शपथ दिलाते उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य।



रादौर के जेएमआईटी कॉलेज में बच्चों व स्टाफ सदस्यों को शपथ दिलवाते निदेशक।



सोनीपत में संविधान दिवस पर शपथ लेते कर्मचारी।

**भारत** सरकार के जलशक्ति, सामाजिक न्याय सशक्तिकरण राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया ने कहा है कि आज का दिन भारतवर्ष के लिए महान है जो हमें याद दिलाता है कि किस प्रकार हमारे देश के कर्णधारों ने मिलकर 26 नवम्बर 1949 के भारत को ऐसा महान संविधान दिया है जो विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान में से एक है। भारत का संविधान हमारे देश के लोकतंत्र का प्रतीक हैं।

वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर फार डॉ. अम्बेडकर स्टडीज द्वारा 71वें संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. बीआर अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता विषय पर गूगल मीट के माध्यम से आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उड़ती हुई पतंग का कोई ध्येय नहीं होता, पता नहीं होता कि वो कब दिशाहीन हो जाए। इसी प्रकार दिशाहीन व्यक्ति समाज में अपना विशेष योगदान नहीं दे सकता।

बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर संविधान के शिल्पी थे जिन्होंने भारतवर्ष के लिए महान संविधान बनाया। वेबिनार में मुख्य वक्ता दिल्ली विवि के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर प्रकाश सिंह ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण की मुख्य जिम्मेदारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर को इसलिए दी गई थी क्योंकि तात्कालिक परिस्थितियों में ऐसा व्यक्तित्व केवल उन्हीं का था। कार्यक्रम के संरक्षक कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर 20वीं शताब्दी के श्रेष्ठ चिन्तकों में से एक हैं। कार्यक्रम में यूजीसी के ज्वाइंट सेक्रेटरी गम्भीर सिह चौहान व देश-विदेश से 200 से अधिक लोगों ने प्रतिभागिता की।

**संविधान दिवस पर उपायुक्त ने दिलाई कर्मचारियों को शपथ**

**भिवानी।** संविधान दिवस पर लघु सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई।

अपने सम्बोधन में उपायुक्त आर्य ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश की शासन-प्रशासन व्यवस्था चलाने के लिए संविधान का निर्माण किया। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में गठित संविधान निर्माता समिति ने संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ। संविधान में जहां एक तरफ हमें अधिकार दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे कर्तव्य भी दिए हैं।

**जेएमआईटी कॉलेज में छात्रों और स्टाफ ने ली सविधान की शपथ**

**रादौर।** जेएमआईटी इंजि कॉलेज में वीरवार को 71 वां संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बच्चों व स्टाफ सदस्यों को सविधान की शपथ दिलवाई। कॉलेज के निदेशक डॉ एसके गर्ग ने कहा कि भारत को संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक प्रभुता-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने में देश के संविधान की अहम भूमिका है। डॉ एसके गर्ग ने छात्र छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को इस अवसर पर बधाई दी और उन्हें संविधान के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा दी।

**उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ**

**सोनीपत।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में वीरवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश की शासन-प्रशासन व्यवस्था को चलाने के लिए संविधान का निर्माण किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में गठित संविधान निर्माता समिति ने संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ। इसी के चलते सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

# 26/11: भारत के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति दृढ़ : अमेरिका

### मुंबई में 26 नवंबर 2008 को भीषण आतंकवादी हमला हुआ था

**ललित के झा।** वाशिंगटन




**अमेरिका** ने कहा है कि वह भारत के साथ है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए दृढ़ है। साथ ही मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को भीषण आतंकवादी हमला हुआ था।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की उप प्रवक्ता काल ब्राउन ने बुधवार को कहा, न्याय के लिए इनाम योजना के जरिए हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इस जघन्य हमले के सभी दोषियों को न्याय के दायरे में लाया जाए। ब्राउन ने कहा, मुंबई 26/11 हमले की 12वीं बरसी पर अमेरिका दोषियों को न्याय के दायरे में लाने और अमेरिका के छह नागरिकों सहित सभी पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। अपने भारतीय साझेदारों के साथ खड़े रहते हुए हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति दृढ़ हैं। गौरतलब है कि पकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दस आतंकवादियों ने पूरे मुंबई में चार दिन तक 12 आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था। 26 नवंबर 2008 को हुए इन हमलों में छह अमेरिकियों और नौ आतंकवादियों सहित कम से कम 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। ताजमहल होटल, ओबेरॉय होटल, लियोपोल्ड कैफे, नरीमन (चबाड) हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन आदि को निशाना बनाया गया था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि न्याय के लिए इनाम कार्यक्रम इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के संबंध में सूचना देने पर 50 लाख डॉलर तक का इनाम देने की पेशकश करता है। इस बीच भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुंबई 26/11 हमलों में मारे गए लोगों को इजराइल में दी गई श्रद्धांजलि

**यरुशलम।** भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए इजराइल में कई आयोजन किए गए हैं। इजराइल के लोग पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की निंदा कर रहे हैं और हमले को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इजराइली नागरिक और भारतीय छात्रों ने मुंबई हमले में मारे गए लोगों को यरुशलम, रेहोवोत और तेल अवीव में बुधवार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, भारत जैसे शांति के समर्थक देश से मैत्रीपूर्ण संबंध होना इजराइल के लोगों के लिए गर्व की बात है। हम प्रार्थना करते हैं कि हमारी दोस्ती और मजबूत हो। पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तय्यबा आतंकी संगठन के दस आतंकवादियों ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर सुनियोजित तरीके से 12 हमले किए थे। गोलीबारी और बम से किए गए इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे जिनमें छह यहूदी शामिल थे। चार दिन तक चले इस हमले में तीन सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। ऐलात के लोगों ने मुंबई हमले में मारे गए लोगों की याद में एक स्मारक बनाने का आग्रह किया है।

# इस साल लोकतंत्र की परीक्षा थी लोग इसमें खरे उतरे : बाइडन

### उन्होंने कहा कि देश की कोरोना वायरस से लड़ाई जारी है

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**नवनिर्वाचित** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच अमेरिकी चुनाव लोकतंत्र की एक परीक्षा थी और रिकॉर्ड मतदान कर लोग इसमें खरे उतरे।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की कोरोना वायरस से लड़ाई जारी है और साथ ही इसे मात देने के लिए अपने प्रयास दोगुने करने का आह्वान किया। डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने थैंक्सगिविंग संबोधन में बाइडन ने कहा, हमें लोकतंत्र का आभारी होना चाहिए। इस साल चुनाव में, हमने देखा कि रिकॉर्ड संख्या में अमेरिकियों ने अपने पवित्र अधिकार का इस्तेमाल किया...वह है मताधिकार... अपनी इच्छा को मतदान पेटी तक पहुंचाया। जरा सोचें कि वैश्विक महामारी के बीच, अमेरिका के इतिहास में सबसे अधिक लोगों ने वोट किया। उन्होंने कहा, 15 करोड़ से अधिक लोगों ने वोट दिया। यह बेहद असाधारण है।

बाइडन ने कहा, अगर आपको जानना है कि अमेरका के दिल की गहराई में क्या धड़कता है तो यह लोकतंत्र है। अपने जीवन, अपने अधिकार और अपने नेता को चुनने का अधिकार। सुनवाई का अधिकार। इस साल हमरे लोकतंत्र की परीक्षा हुई और हमने पाया कि इस देश के लोग इसमें खरे उतरे। उन्होंने कहा, अमेरिका में, हमारे पास पूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हैं और फिर हम परिणामों का सम्मान भी करते हैं। इस देश के लोग और इसके काननू किसी और चीज के लिए नहीं है। वोट के जरिए, हमें नए सिरे से यह याद दिलाया जाता है कि प्रगति संभव है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने देश से एकजुट होने का आह्वान भी किया।

उन्होंने कहा, आप चाहते हैं कि डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन्स और निर्दलीय सभी एक साथ आएं और एक साथ काम करें। मेरे दोस्तों उ मैं भी यही करना चाहता हूं। इस थैंक्सगिविंग पर यह बहुत कठिन लग रहा होगा, लेकिन हम एक बार फिर बड़ा सपना देखेंगे।

कोरोना वायरस के खिलाफ जंग पर बाइडन ने कहा कि इस देश में अमेरिकी करीब एक साल से वायरस से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे हमें दर्द मिला, हमें काफी नुकसान हुआ और हममें काफी कुंठा पैदा हुई है और करीब 2,60,000 अमेरिकियों की मौत हुई है और यह आंकड़ा अब भी बढ़ता जा रहा है। इसने हमें विभाजित कर दिया, हमें गुस्सा दिलाया और हमें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया। मुझे पता है कि देश इन सब से थक चुका है।

बाइडन ने कहा, लेकिन हमें याद रखना होगा कि हम वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, एक-दूसरे के खिलाफ नहीं। यह वही क्षण है, जहां हमें अपने प्रयास दोगुने करने होंगे.... याद रखें हम इसके खिलाफ एकसाथ हैं।

# अबू धाबी के राजकुमार के साथ भारत-यूएई संबंधों को लेकर विदेश मंत्री ने की चर्चा

**एजेंसी।** अबू धाबी



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने खाड़ी देश की यात्रा के दौरान अबू धाबी के शाहजादे शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान के साथ कोविड महामारी के बाद भारत और यूएई के बीच रणनीतिक सहयोग और संबंधों के बेहतर होने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत की।

जयशंकर बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स के छह दिवसीय दौरे के दूसरे पड़ाव में बुधवार रात को यहां पहुंचे। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बीच जयशंकर की बहरीन की पहली यात्रा काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है। जयशंकर ने बुधवार देर रात ट्वीट किया, अबू धाबी आने पर मेरा स्वागत करने के लिए मोहम्मद बिन जाएद का धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुभकामनाएं दी हैं। यूएई के भारतीय समुदाय की तरफ यूएई का देखभाल भरा रवैया सराहना योग्य है। उन्होंने कहा, कोविड के बाद के दौर में हमारे रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। कोरोना वायरस के कारण यूएई में अब तक कुल 1,63,000 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 563 लोगों की मौत हो चुकी हैं। विदेश मंत्री के दौरे से पहले ही विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यूएई में 30 लाख से अधिक भारतीय रहते हैं और रोजगार करते हैं।

अबू धाबी में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार, लगभग 30.4 लाख का भारतीय प्रवासियों का समुदाय संयुक्त अरब अमीरात में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और देश की कुल आबादी का 30 प्रतिशत है। अपने दौरे के अंतिम चरण में विदेश मंत्री 27 और 28 नवंबर को सेशेल्स की यात्रा करेंगे। सेशेल्स में जयशंकर वहां के नेतृत्व से वार्ता करेंगे।

# बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए योजना के तहत मिलेगी छूट




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारी 12 अक्टूबर 2020 से 31 मार्च 2021 के बीच बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए दी गई प्रीमियम को एलटीसी नकद वाउचर योजना के तहत भुना सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले व्यय विभाग ने अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) का तीसरा सेट जारी करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि कार जैसी वस्तुओं की खरीद पर इस योजना का फायदा लेने के लिए कर्मचारी मूल बिल के बजाए बिल की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी जमा कर सकते हैं। व्यय विभाग ने कहा कि मौजूदा बीमा पॉलिसियों का प्रीमियम भुगतान एलटीसी नकद वाउचर योजना के तहत नहीं किया जाएगा। योजना के तहत लाभ पाने के लिए बिल या वाउचर 31 मार्च 2021 को या उससे पहले जमा करना होगा।

सरकार ने 12 अक्टूबर को एलटीसी नकद वाउचर योजना की घोषणा की थी, जिसका लाभ पाने के लिए कर्मचारियों को 12 प्रतिशत या उससे अधिक जीएसटी दर वाली वस्तुओं या सेवाओं की खरीद करनी जरूरी है। साथ ही ऐसी खरीद का भुगतान डिजिटल मोड, चेक या डिमांड ड्राफ्ट अथवा एनईएफटी या आरटीजीएस के जरिए किया जाना है। अभी तक कर्मचारियों को अवकाश यात्रा छूट का लाभ सिर्फ यात्रा करने पर ही मिलता था।

# भारत और नेपाल के रिश्ते बहुत मजबूत हैं : श्रृंगला

### नेपाली विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के आमंत्रण पर पहुंचे श्रृंगला का गर्मजोशी से स्वागत किया

**शिरीष प्रधान।** काठमांडू



**भारत** के विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला नेपाल की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत का नेपाल के साथ रिश्ता बेहद मजबूत है और भारत, द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करना चाहता है।

यात्रा के दौरान श्रृंगला, अपने नेपाली समकक्ष और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। नेपाली विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के आमंत्रण पर पहुंचे श्रृंगला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं यहां पहले भी आना चाहता था लेकिन कोविड-19 के चलते नहीं आ सका था। यहां आकर मैं बहुत खुश हूं। मैं काठमांडू पहले भी आया हूं, हालांकि विदेश सचिव के तौर पर यह मेरी पहली नेपाल यात्रा है। हमारे सबंध बहुत मजबूत हैं। इस रिश्ते को और प्रगाढ़ करने का हमारा प्रयास होगा।

उन्होंने कहा, मैं नेपाल की सरकार और विदेश सचिव को गर्मजोशी से किए गए इस स्वागत के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हम महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक करने वाले हैं। मेरी पहली मुलाकात नेपाल के विदेश सचिव से होगी और उसके बाद मैं विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली से भेंट करूंगा। मैं काठमांडू में गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करूंगा। नेपाली विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि यह दौरा दोनों पड़ोसी देशों के बीच जारी उच्च स्तरीय बातचीत का एक हिस्सा है। मंत्रालय के अनुसार श्रृंगला बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से भी मुलाकात करेंगे। शुक्रवार को वह काठमांडू में स्थित होटल सोल्टी क्राउन प्लाजा में भारत-नेपाल संबंधों पर एक व्याख्यान देंगे और गोरखा में भारत की सहायता से निर्मित हुए तीन स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। शुक्रवार को यात्रा के समापन से पहले श्रृंगला, नेपाली सरकार को कोविड-19 से मुकाबले के लिए सहायता सामग्री सौंपेंगे। वर्ष 2015 में आए भूकंप के केंद्र गोरखा में पचास हजार घरों का निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था जिनमें से चालीस हजार घरों का निर्माण पूरा हो चुका है।

श्रृंगला, तिब्बत सीमा पर स्थित मनंग जिले में एक बौद्ध मठ का उद्घाटन भी करेंगे जिसका पुनर्निर्माण भारत की सहायता से किया गया है। इस बीच, श्रृंगला के भारत लौटने के कुछ समय बाद ही चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगे के नेपाल दौरे पर आने का कार्यक्रम निर्धारित है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यहां जानकारी दी। वेई रविवार को यहां चार दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं, हालांकि यात्रा की तारीख की आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

# धोखा देने वाले उपकरण के कथित इस्तेमाल पर स्कोडा फॉक्सवैगन को नहीं मिली राहत

### कंपनी ने यूपी में एक ग्राहक की एफआईआर को चुनौती दी थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**उच्चतम** न्यायालय ने गुरुवार को जर्मन कार विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक उपभोक्ता द्वारा उसकी डीजल कार में कथित रूप से धोखा देने वाले उपकरण के इस्तेमाल पर उत्तर प्रदेश में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन की पीठ ने यह फैसला सुनाया और ऑटोमोबाइल निर्माता की याचिका को खारिज कर दिया। कंपनियां प्रदूषण उत्सर्जन परीक्षणों में हेरफेर करने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित धोखा देने वाले उपकरण का इस्तेमाल करती हैं। फॉक्सवैगन पर कुछ साल पहले वैश्विक स्तर पर इस तरह के कदाचार का आरोप लगा था। इससे पहले चार नवंबर को शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था कि मामले की जांच क्यों नहीं होनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान ऑटोमोबाइल विनिर्माता ने दलील दी कि इस बारे में दिसंबर 2015 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में शिकायत की गई थी, और मार्च 2019 में उस पर जुर्माना लगाया गया, जिसे शीर्ष न्यायालय ने रोक दिया था। इस संबंध में उत्तर प्रदेश में भी एक प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसे रद्द कराने के लिए कंपनी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय ने एफआईआर को रद्द करने से इनकार करते हुए स्कोडा की याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद कंपनी ने उच्चतम न्यायालय में अपील की, जहां उसे कोई राहत नहीं मिल सकी।

इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने चार नवंबर को स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कंपनी ने अपने खिलाफ उत्तर प्रदेश में एक ग्राहक की प्राथमिकी (एफआईआर) को चुनौती दी थी। ग्राहक ने कंपनी की डीजल कार में उत्सर्जन स्तर छिपाने के लिए धोखाधड़ी वाले उपकरण के उपयोग के आरोप में यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। पिछली सुनवाई में पीठ ने कहा था कि प्रथम दृष्ट्या मामले में जांच जारी रहनी चाहिए। न्यायालय ने कहा, आपराधिक जांच से निपटने को लेकर कई रास्ते हैं... हम जानते हैं कि फॉक्सवैगन वाहन बनाने वाली नामी कंपनी है। हम उसके प्रशंसक हैं... लेकिन आप यहां आए हैं, इस समय यह गलत है।

स्कोडा की तरफ से पेश वरिठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से कहा था कि जब मामला एनजीटी और शीर्ष अदालत देख रही है, ऐसे में नया मामला कैसे शुरू किया जा सकता है। हालांकि शीर्ष अदालत ने कहा कि ए दोनों अलग-अलग मामले हैं। सिंघवी ने कहा कि ग्राहक ने वाहन 2018 में खरीदा और कंपनी को कोई शिकायत नहीं की। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा था कि वाहन धोखाधड़ी वाले उपकरण का उपयोग हुआ हो या नहीं, यह जांच का विषय है और अदालत उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश के गलत व्याख्या के आधार पर इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

# मजदूर संगठनों की हड़ताल से सरकारी बैंकों में कामकाज आंशिक रूप से प्रभावित



**नई दिल्ली।** मजदूर संघों की एक दिन की हड़ताल में कुछ बैंक कर्मचारी संगठनों के शामिल होने से गुरुवार को देश भर में सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग सेवाएं आशिंक रूप से प्रभावित हुईं।

इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों की शाखाओं में जमाओं सहित नकद लेनदेन प्रभावित हुआ, जबकि विदेशी मुद्रा और सरकारी लेनदेन पर भी असर पड़ा। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक और निजी क्षेत्र के बैंकों में कामकाज सामान्य है। भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर 10 केंद्रीय मजदूर संगठनों ने सरकार की विभिन्न नीतियों के खिलाफ गुरुवार को एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया है।

इस बीच बैंक ऑफ महाराष्ट्र सहित कई बैंकों ने अपने ग्राहकों को सूचित किया है कि वे बैंकिंग संबंधित लेनदेन और अन्य सेवाओं के लिए इंटरनेट, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम जैसे डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करें। ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (एआईबीईए), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लॉइज (एनसीबीई) और बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) से जुड़े बैंक कर्मचारी हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं।

बैंक अधिकारियों के एक संगठन- अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने हड़ताल को समर्थन दिया है। एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने कहा कि यूनियनों की हड़ताल सरकार की श्रमिक विरोधी नीति के खिलाफ है और बैंक के कर्मचारी निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप ने पूर्व एनएसए माइकल फ्लिन को दी माफी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल फ्लिन को माफी देने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। फ्लिन पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के अभियान दल और रूस के बीच संभावित मिलीभगत को लेकर एफबीआई के समक्ष गलत बयान देने का आरोप लगाया गया था। ट्रंप ने बुधवार को कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि जनरल माइकल टी. फ्लिन को पूरी तरह माफ कर दिया गया है। जनरल फ्लिन और उनके परिवार को बधाई। मुझे पता है यकीनन अब आप अच्छे से थैंकसगिविंग मना पाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनेनी ने कहा, राष्ट्रपति ने जनरल फ्लिन को माफी दे दी है क्योंकि उन पर कभी मुकदमा चलाया ही नहीं जाना चाहिए था। न्याय विभाग द्वारा जनरल फ्लिन के मामले की एक स्वतंत्र समीक्षा की गई और वह इस निष्कर्ष का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, न्याय विभाग दृढ़ता से इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि फ्लिन के खिलाफ आरोप हटाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, यह पूर्ण क्षमा, अंततः एक निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ पक्षपातपूर्ण मुकदमे को खत्म करती है।

### धनिया वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को धनिया की कीमत 12 रुपये की गिरावट के साथ 6,420 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 12 रुपये अथवा 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,420 रुपये प्रति क्विंटल रह गई जिसमें 3,620 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण मुख्यतः यहां धनिया वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई। हालांकि, धनिया के जनवरी 2021 माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत छह रुपये अथवा 0.1 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,290 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 260 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### रिफाइंड सोया वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिसके कारण वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को रिफाइंड सोयातेल की कीमत 30 पैसे की हानि के साथ 1,053.8 रुपये प्रति 10 किलोग्राम रह गई। एनसीडीईएक्स में रिफाइंड सोयातेल के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 30 पैसे अथवा 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,053.8 रुपये प्रति 10 किलोग्राम रह गई जिसमें 51,790 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी प्रकार, रिफाइंड सोयातेल के जनवरी 2021 के महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 90 पैसे अथवा 0.09 प्रतिशत की हानि के साथ 1,052.2 रुपये प्रति 10 किलोग्राम रह गई जिसमें 14,340 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि पर्याप्त स्टॉक के मुकाबले कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से मुख्यतः वायदा कारोबार में रिफाइंड सोयातेल की कीमतों में गिरावट दर्ज हुई।

### ट्रंप ने एक बार फिर किया जीत का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत के बेबुनियादी दावे किए और मतदान में धोखाधड़ी की जांच किए जाने की बात दोहराई। ट्रंप ने बुधवार को गेट्टीसबर्ग में एक होटल में पेंसिल्वेनिया रिपब्लिकन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, यह वह चुनाव थे, जिनमें हमने आराम से जीत हासिल की। हम भारी मतों से जीते। ट्रंप को यहां 1,50,000 मतों से हार मिली है और पेंसिल्वेनिया ने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन की जीत पर मंगलवार को मोहर भी लगा दी थी। ट्रंप और उनके वकील रूडी गिउलिआनि द्वारा चुनाव के नतीजों को लेकर भ्रांति फैलाने का यह ताजा प्रयास था। हालांकि सत्ता हस्तांतरण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है और कई रिपब्लिकन भी अब बाइडन को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मानने लगे हैं। ऐसे ही कार्यक्रम एरिजोना और मिशिगन में भी होने वाले हैं। ट्रंप ने यहां कार्यक्रम में फोन के जरिए 11 मिनट भाषण दिया और एक बार फिर इस बात पर जोर दिया कि बाइडन के लिए चुनाव में धांधली की गई। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, जिसमें बाइडन को विजेता घोषित किया जा चुका है। लेकिन ट्रंप ने अभी तक अपनी हार स्वीकार नहीं की है और चुनावी नतीजों के खिलाफ कई मुकदमें भी दायर कर रखे हैं।

### पाकिस्तान : बिलावल भुट्टो कोरोना वायरस से संक्रमित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी कोरोना वारयस से संक्रमित पाए गए हैं। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के 32 वर्षीय अध्यक्ष और देश की दो बार प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद से वह पृथक-वास में चले गए हैं। बिलावल ने ट्वीट किया, मैं कोविड-19 से संक्रमित पाया गया हूं और स्वयं पृथक-वास में हूं। मुझमें बीमारी के मामूली लक्षण हैं। मैं घर से काम करना जारी रखूंगा और वीडियो लिंक के माध्यम से पीपीपी स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करूंगा। उनके राजनीतिक सचिव जमील सूमरो के संक्रमित पाए जाने के बाद, उन्होंने बुधवार को खुद को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखने का फैसला किया था। इस बीच पाकिस्तान में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3,306 नए मरीजों की पुष्टि हुई जिसके बाद बृहस्पतिवार को कुल मामले बढ़कर 3,86,198 पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीमारी के कारण 40 और लोगों ने दम तोड़ दिया है। मृतक संख्या 7,843 पहुंच गई है। उसने बताया कि देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 43,963 है।

### बीएमडब्लू ने भारत में एक्स5 एम कॉम्पिटिशन एसयूवी पेश की

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू ने गुरुवार को भारत में अपनी नई बीएमडब्ल्यू एक्स5 एम कॉम्पिटिशन एसयूवी पेश की, जिसकी कीमत 1.95 करोड़ रुपये है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि बीएमडब्ल्यू एक्स5 एम कॉम्पिटिशन को पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयात किया जा रहा है और अब यह भारत में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर उपलब्ध है। इस मौके पर बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पाहा ने कहा कि बीएमडब्ल्यू एम को प्रामाणिक मोटरस्पोर्ट कार्यक्षमता के साथ प्रतिदिन इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है। इस गाड़ी में वी8 पेट्रोल इंजन है, जो 600 हॉर्स पावर की शक्ति देता है और इसके जरिए सिर्फ 3.8 सेकेंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की जा सकती है।

### श्रीलंका ने पूर्व नौसैनिक अधिकारी को जनसुरक्षा मंत्री बनाया

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को रियर एडमिरल शरत वीरासेकेरा को नवनिर्मित जन सुरक्षा मंत्रालय का मंत्री नियुक्त किया। वीरासेकेरा प्रांतीय परिषदों के प्रभारी राज्य मंत्री भी हैं। उन्होंने यहां राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति राजपक्षे के समक्ष शपथ ली। उनकी नियुक्ति रविवार को सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के गठन की सूचना के गजट में प्रकाशन के कुछ दिनों बाद हुई है। मंत्री का देश के 88,000 पुलिसकर्मियों वाले पुलिस बल पर नियंत्रण होगा और आवश्यकता के अनुसार आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी। कई अलंकरणों से सुसज्जित पूर्व वरिष्ठ नौसेना अधिकारी,वीरसेकरा की कैबिनेट में पदोन्नति, अक्टूबर में संविधान में 20वें संशोधन के बाद से राजपक्षे द्वारा मंत्रिमंडल में किया गया पहला बदलाव है।

### बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को बिनौलातेल खली की कीमत 31 रुपये की तेजी के साथ 2,143 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के दिसंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 31 रुपये अथवा 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,143 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 36,500 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बिनौलातेल खली के जनवरी 2021 के महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 32 रुपये अथवा 1.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,165 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 19,020 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि पशुचारा निर्माता कंपनियों की बढ़ती मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में तेजी आई।

# किसानों पर लाठियां और पानी की बौछार मारना तानाशाही : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाद्रा ने किसानों पर पानी की बौछार मारे जाने का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने किसानों के दिल्ली चलो मार्च का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार कृषकों की आवाज सुनने के बजाय उन पर सर्दियों में पानी की बौछार और लाठियां मार रही है, जो उसके तानाशाही होने का प्रमाण है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह सवाल भी किया कि आखिर दिल्ली दरबार के लिए किसान कब से खतरा हो गए? कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों पर पानी की बौछार मारे जाने का एक वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, किसानों से समर्थन मूल्य छीनने वाले कानून का विरोध का रहे किसान की आवाज सुनने की बजाय भाजपा सरकार उन पर भारी ठंड में पानी की बौछार मारती है। किसानों से सबकुछ छीना जा रहा है और पूंजीपतियों को थाल में सजा कर बैंक, कर्जमाफी, एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन बांटे जा रहे हैं।

सुरजेवाला ने आरोप लगाया, भीषण ठंड के बीच अपनी जायज़ मांगों को लेकर गांधीवादी तरीक़े से दिल्ली आ रहे किसानों को ज़बरन रोकना और पानी की तेज बौछार मारना मोदी-खट्टर सरकार की तानाशाही का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा, खेती बिलों के विरोध को लेकर हमारा पूर्ण समर्थन किसानों के साथ है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने ट्वीट किया, आज देश का मजदूर हड़ताल पर है, आज देश के बैंक कर्मी हड़ताल पर हैं, आज देश का अन्नदाता किसान हड़ताल पर है, आज देश का बेरोजगार युवा हड़ताल पर है, पर क्या मोदी सरकार को देशवासियों की परवाह है? क्या ये राष्ट्रसेवा है या राष्ट्र हितों का विरोध? देश फैसला करे। उन्होंने सवाल किया, मोदी जी, दिल्ली दरबार को देश के अन्नदाताओं से ख़तरा कब से हो गया? किसानों को रोकने के लिए उन्हीं के बेटे, यानी सेना के जवान खड़े कर दिए। काश, इतनी चौकसी चीन सीमा पर की होती तो चीन देश की सरजमीं पर घुसपैठ करने का दुस्साहस नही करता। आपकी प्राथमिकताएं सदा गलत ही क्यों होती हैं? उल्लेखनीय है कि पंजाब के बहुत सारे किसान केन्द्र के कृषि संबंधी कानूनों के खिलाफ दिल्ली चलो मार्च के तहत राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने की कोशिश में हैं।

### रोकने को लेकर अमरिंदर का खट्टर पर निशाना

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की ओर मार्च कर रहे किसानों को रोकने के लिए भाजपा नीत हरियाणा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ कठोर बल का इस्तेमाल पूरी तरह अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। पंजाब के किसानों को केन्द्र के कृषि संबंधी कानूनों के खिलाफ प्रस्तावित दिल्ली चलो मार्च के लिए हरियाणा से लगी सीमाओं के पास इकट्ठा होता देख, हरियाणा ने पंजाब से लगी अपनी सभी सीमाओं को पूरी तरह सील कर दिया है। सिंह ने ट्वीट किया, हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर की सरकार किसानों को दिल्ली जाने से क्यों रोक रही है? शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानों के खिलाफ क्रूर बल का इस्तेमाल अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि कानून के खिलाफ दो महीने से पंजाब में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं।

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से रोकना गलत: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से किसानों को रोकना और उन पर पानी की बौछार करना बिल्कुल गलत है। केजरीवाल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना किसानों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने ट्वीट किया, केंद्र सरकार के तीनों खेती बिल किसान विरोधी हैं। ये बिल वापस लेने की बजाय किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है, उन पर पानी की बौछार की जा रही है।

# सरकारी निर्णयों को मापने का एकमात्र आधार राष्ट्रहित हो राजनीति से देश का नुकसान:मोदी

### मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस से 80 वें अखिल भारतीय सम्मेलन संबोधित कर कहा

एजेंसी। केवडिया (गुजरात)।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी निर्णयों को मापने का एकमात्र मापदंड राष्ट्रहित होना चाहिए और इसमें जब राजनीति हावी हो जाती है तो इसका नुकसान देश को उठाना पड़ता है। उन्होंने यहां स्थित सरदार सरोवर बांध से आज देश को मिल रहे लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसका निर्माण कार्य राजनीति की वजह से बरसों तक अटका रहा जिसका देश को बहुत नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को कोई पश्चाताप भी नहीं है।

मोदी यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के 80वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिन का यह सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ था जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, हमारे हर निर्णय का आधार एक ही होना चाहिए। इसे एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए...एक ही मानदंड होना चाहिए और वह है राष्ट्रहित। जब निर्णयों में देशहित और लोकहित की बजाय राजनीति हावी होती है तो उसका नुकसान देश को उठाना पड़ता है। सरदार सरोवर बांध भी इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। पीठासीन अधिकारियों से मुखातिब प्रधानमंत्री ने कहा कि केवड़िया प्रवास के दौरान आप सभी ने सरदार सरोवर बांध की विशालता, भव्यता और उसकी शक्ति देखी होगी लेकिन इसका काम बरसों तक अटका रहा और फंसा रहा।

उन्होंने कहा कि आज इस बांध का लाभ गुजरात के साथ ही मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के लोगों को हो रहा है। इस बांध से गुजरात की 18 लाख हेक्टेयर जमीन को, राजस्थान की 2.5 लाख हेक्टेयर जमीन को सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि गुजरात के नौ हजार से ज्यादा गांव, राजस्थान और गुजरात के अनेकों छोटे-बड़े शहरों को घरेलू पानी की आपूर्ति इसी सरदार सरोवर बांध की वजह से हो पा रही है। मोदी ने कहा, ये सब बरसों पहले भी हो सकता था। लेकिन बरसों तक जनता इनसे वंचित रही। जिन लोगों ने ऐसा किया, उन्हें कोई पश्चाताप भी नहीं है।

# गृहमंत्री का मुख्यमंत्रियों को तूफान में मदद का भरोसा



एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्हें निवार चक्रवात के मद्देनजर केंद्र की ओर से हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। शाह ने कहा कि चक्रवात के तट से टकराने के बाद केंद्र सरकार तमिलनाडु और पुडुचेरी में स्थिति पर करीब से निगाह रख रही है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मी जरूरतमंदों की मदद के लिए वहां मौजूद हैं। गृह मंत्री ने ट्वीट किया, चक्रवात निवार के मुद्देनजर हम तमिलनाडु और पुडुचेरी में स्थिति पर करीब से निगाह रख रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री के पलानीस्वामी और (पुडुचेरी के मुख्यमंत्री) श्रीवी नारायणसामी से बात की और केंद्र की तरफ से उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एनडीआरएफ की टीमें जरूरतमंदों की मदद के लिए पहले से ही वहां पर हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि निवार चक्रवात बृहस्पतिवार तड़के पुडुचेरी तट से टकराया। इसके बाद केंद्र शासित प्रदेश और पड़ोसी तमिलनाडु में भारी बारिश होना शुरू हो गई। निवार के तट से गुजरने के बाद यह कमजोर होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया।

### चक्रवाती तूफान: तमिलनाडु में जन सुविधाएं फिर से हुई शुरू

**चेन्नई।** पुडुचेरी में चक्रवाती तूफान निवार के पहुंचने के बाद बृहस्पतिवार को तमिलनाडु में हवाई अड्डे का संचालन, मेट्रो रेल और बस परिवहन फिर से शुरू हो गया। चेन्नई हवाई अड्डे ने ट्वीट किया, सुबह नौ बजे से चेन्नई हवाई अड्डे पर परिचालन फिर से शुरू हो गया है और घरेलू विमानों के आगमन और प्रस्थान का कार्यक्रम भी है। विल्लुपुरम, कुड्डालोर, नागापट्टिनम, तिरुवरुर, तंजावुर और पुडुकोट्टई जिलों में 24 नवंबर से स्थगित की गई बस परिवहन सेवाएं आज दोपहर से फिर शुरू हो गई हैं।

# हर वर्ग को सामाजिक-आर्थिक न्याय दिलाने को मोदी सरकार संकल्पित

• संविधान दिवस



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर देश के पहले कानून मंत्री बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को नमन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान के अनुरूप समाज के हर वर्ग को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाने के प्रति संकल्पित है।

शाह ने ट्वीट किया, भारत की एकता और विकासशीलता की सबसे बड़ी शक्ति हमारा प्रगतिशील संविधान है। आज संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के शिल्पी बाबासाहेब जी को नमन करता हूं। मोदी सरकार देश के महापुरुषों के स्वप्न और संविधान के अनुरूप देश के हर वर्ग को सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलाने के प्रति संकल्पित है। देश में आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन देशभर में राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है और देश में संविधान को अपनाए जाने का स्मरण कराता है। देश की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अंगीकार किया था।

# प्रधानमंत्री 28 को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का दौरा करेंगे

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पुणे स्थिति सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) का दौरा करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोविड-19 के टीके के लिए एसआईआई ने वैश्विक दवा निर्माता एस्ट्राजेनका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने पूर्व नैदानिक जांच, परीक्षण और विश्लेषण के लिए सात कंपनियों को कोविड-19 टीके के निर्माण की इजाजत दी है। इनमें से दो एसआईआई और जेन्नोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स हैं। पुणे के मंडलायुक्त सौरभ राव ने कहा, हमें शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया आने की पुष्ट जानकारी प्राप्त हुई है ।

# 26/11 : शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में शहीद सुरक्षाकर्मियों व नागरिकों को बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र अपने जवानों के बलिदानों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।

उन्होंने ट्वीट किया, मुंबई 26/11 आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इन हमलों में आतंकियों का डटकर सामना करने वाले वीर सुरक्षाकर्मियों को कोटि-कोटि नमन। यह राष्ट्र आपकी वीरता और बलिदान के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के 10 आतंकवादी 26 नवंबर 2008 को समुद्र के रास्ते मुंबई में घुस आए थे और उन्होंने 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। साठ घंटे तक चली जवाबी कार्वाई में कई लोग घायल भी हो गए थे। इस हमले में आतंकरोधी दल के प्रमुख हेमंत करकरे, सेना के मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय सालस्कर और सहायक उप निरीक्षक तुकाराम ओम्ब्ले शहीद हो गए थे।

# भाजपा सरकारें समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : जेपी नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली



**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संविधान दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धंजलि अर्पित की। कहा कि भाजपा की सरकारें उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट कर देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

नड्डा ने कहा, भाजपा की बाबासाहेब के विचारों के प्रति कटिबद्धता के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनकी याद में भव्य पंचतीर्थ का निर्माण कर उन्हें विशिष्ट सम्मान दिया। भाजपा सरकार उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को एक सुदृढ़ संविधान देने वाले आम्बेडकर को नमन किया और कहा कि एक निष्ठ कर्मयोगी के रूप में उन्होंने संविधान द्वारा भारतीय समाज को परिवर्तित करने का अद्वितीय कार्य किया। उन्होंने कहा, उनका कर्मयोग, संघर्ष व सुधारवाद सभी के लिए प्रेरणास्पद है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले ग्रन्थ को समर्पित संविधान दिवस की समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं। संविधान में हमारे जीवन, मूल्य, व्यवहार एवं परंपरा का समावेश है और इसकी मजबूती के कारण ही हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की ओर अग्रसर हैं।

# कोरोना:प्रौद्योगिकी से अवसर में बदलें छात्र

### उप राष्ट्रपति ने ई-दीक्षांत में कहा छात्रों को जीवन की चुनौतियों से निपटने की शिक्षा मिले

एजेंसी। नई दिल्ली

**उप राष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने छात्रों से कोरोना महामारी को संकट के रूप में देखने के बजाय इसे प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अवसर में बदलने पर ध्यान देने की अपील करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नौजवानों के रोजगार प्रदाता बनने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान है।

उन्होंने विश्वविद्यालयों का आह्वान किया कि वे छात्रों को ऐसी शिक्षा दें कि वह जीवन की वास्तविक चुनौतियों से प्रभावी तौर पर निपट सकें। नायडू ने सिक्किम के आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के 13वें ई-दीक्षांत समारोह को आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपमें से जो भी रोजगार प्रदाता बनना चाहते हैं, उनके लिए इस समय भारत से बेहतर कोई देश नहीं है, जहां वे अपने व्यवसाय संबंधी इरादों को लागू कर सकते हैं, क्योंकि इस समय हम अपने प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत परिकल्पना को व्यवहार में ला रहे हैं।

उप राष्ट्रपति के मुताबिक, इस महामारी से सबक लेना है और भविष्य में इस तरह के खतरों से निपटने के समाधान तलाशने के लिए मिलकर काम करना है। नायडू ने छात्रों से कहा, कोविड महामारी के रूप में उनके सामने यह एक पहली बड़ी चुनौती आई है। छात्रों को इसे एक संकट के रूप में लेने की जगह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर इसे अवसर के रूप में बदलने पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमारी प्राचीन व्यवस्था में मूल्यों पर हमेशा जोर दिया गया, हमारे वेदों और उपनिषदों में खुद अपने प्रति, अपने परिवार के प्रति, अपने समाज और प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों की ओर इंगित किया गया है। हमें प्रकृति के साथ पूरे सामंजस्य से रहना सिखाया गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इन्हीं आदर्शों का पालन करने और भारत को एक बार फिर से विश्वगुरू का स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।



### संविधान दिवस : राष्ट्रपति कोविंद ने संविधान की प्रस्तावना का किया पाठ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के मौके पर लोगों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में प्रस्तावना पढ़ी। इसका दूरदर्शन ने सीधा प्रसारण किया और इस दौरान देश भर से लोग उनके साथ जुड़े। गुजरात के केवडिया में भी एक बड़े स्क्रीन पर इसे दिखाया गया। केवडिया में पीठासीन अधिकारियों के 80वें अखिल भारतीय सम्मेलन के आयोजन के दौरान इसका प्रसारण हुआ। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति के साथ अन्य प्रतिभागियों ने भी प्रस्तावना पढ़ी। बयान में कहा गया, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी।।

# संयुक्त विधानमंडल सत्र को बिहार के राज्यपाल ने संबोधित किया

### चौहान ने कहा कि बिहार में पिछले 15 साल में विकास की दर दोहरे अंकों में रही

एजेंसी। पटना

**बिहार** विधानमंडल की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल फागू चौहान ने कानून का शासन स्थापित करने तथा कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए समय पर कदम उठाने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार की सराहना की। विपक्षी दलों के सदस्यों ने विकास और कानून व्यवस्था को लेकर किए गए दावों का विरोध किया।

राज्यपाल के भाषण के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उप-मुख्यमंत्रियों- तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी तथा विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने विशेष सत्र में भाग लिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री और विधान परिषद के सदस्य सुशील कुमार मोदी अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ अग्रिम पंक्ति में बैठे। चौहान ने कहा कि बिहार में पिछले 15 साल में विकास की दर दोहरे अंकों में रही है और समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिला है, जिससे राज्य में गरीबी दर में खासी गिरावट आई है।

चौहान ने कहा कि राज्य में हाल में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें लोगों ने नीतीश कुमार नीत सरकार के विकास के एजेंडा को स्वीकार करते हुए उसे सत्ता में लौटा दिया। उन्होंने भाषण पढ़ते हुए कहा कि राज्य सरकार का संकल्प न्याय के साथ विकास के सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज के हर क्षेत्र और वर्ग के विकास के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ‘कानून का शासन’ कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार की नीति अपराध,भ्रष्टाचारऔर सांप्रदायिकता को कतई बर्दाश्त नहीं करने की की रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का हैदराबाद निकाय चुनावों को घोषणापत्र जारी

**हैदराबाद।** भाजपा ने बृहस्पतिवार को वादा किया कि वह महानगर में हाल के समय में बारिश से प्रभावित हर परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, 100 यूनिट से कम खपत वाले परिवारों को नि:शुल्क बिजली, महानगर की बसों और मेट्रो ट्रेन में महिलाओं को मुफ्त में सफर की सुविधा देगी। हैदराबाद के नगर निकाय चुनावों के लिए जारी घोषणापत्र में पार्टी ने यह वादा किया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की तरफ से जारी घोषणापत्र में कहा गया है कि केंद्र की सलाह के मुताबिक सभी को कोविड-19 टीका मुहैया कराया जाएगा। इसने कहा कि महानगर में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाएगी, जिसमें महानगर में हर किसी को मुफ्त में वायरस की जांच की सुविधा मिलेगी। घोषणापत्र में नि:शुल्क पेयजल आपूर्ति, हर वर्ष तीन नए महिला थानों का निर्माण और महिलाओं के लिए हर एक किलोमीटर पर शौचालय का निर्माण, महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच में आ रही दिक्कतों को देखते हुए सरकारी स्कूलों के छात्रों को नि:शुल्क टैबलेट का भी वादा किया गया है। बृहद हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) का चुनाव एक दिसंबर को होने वाला है।

### लेह वायु सेना स्टेशन पर स्थापित हुई सौर ऊर्जा परियोजना

**लेह।** लद्दाख संघ शासित प्रदेश में सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई है। केंद्र सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत लेह में स्थित भारतीय वायु सेना के स्टेशन पर यह परियोजना स्थापित की गई है। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि प्रोविजन ऑफ सोलर फोटो वोल्टाइक पावर प्लांट 1.5 मेगावाट नामक परियोजना का कार्य 31 मार्च 2021 को पूरा होना था लेकिन इसे 12 महीने पहले ही पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र के लेह में भारतीय वायु सेना स्टेशन पर सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि यह अब तक की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना है और केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा रक्षा क्षेत्र को तीन चरणों में 300 मेगावाट और लेह क्षेत्र को 14 मेगावाट ऊर्जा दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रवक्ता ने कहा कि 122 करोड़ की इस परियोजना का हाल ही में पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल वी आर चौधरी द्वारा उद्घाटन किया गया था।

### बॉलीवुड ने 26/11 के पीड़ितों और शहीदों को किया याद

**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बच्चन, अक्षय कुमार, उर्मिला मातोंडकर और कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों व नागरिकों को बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि दी। कहा कि राष्ट्र अपने जवानों के बलिदानों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के 10 आतंकवादी 26 नवंबर 2008 को समुद्र के रास्ते मुंबई में घुस आए थे और उन्होंने 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। करीब साठ घंटे तक चली जवाबी कार्वाई में लगभग 300 लोग घायल भी हो गए थे। अक्षय कुमार ने ट्वीट कर कहा, मुंबई के लोग 26/11 को कभी नहीं भुलेंगे। मुंबई आतंकी हमले के शहीदों और पीड़ितों को मेरी श्रद्धांजलि। हम जवानों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे। मुंबई पुलिस के एक ट्वीट पर जवाब देते हुए 46 वर्षीय अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने शहीदों की तस्वीरों का एक कोलाज साझा किया और लिखा, 26/11 के शहीदों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि। मुंबई शहर के लोगों की मजबूती और खुले दिल को सलाम। आपके बलिदानों के लिए हम सब हमेशा ऋणी रहेंगे और आप हमारे दिलों में रहेंगे। अभिनेता रणवीर शौरी और अभिनेत्री रवीना टंडन ने भी हमले के पीड़ितों और शहीदों के लिए दुआ करते हुए कहा कि वे उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भूल पाएंगे। अभिनेता रणदीप हूडा ने 26/11 हमले के बम निरोधी श्वान दस्ते का एक वीडियो साझा किया है जिसने हमलों के दौरान कई बमों तथा आरडीएक्स का पता लगाने में मदद की थी।

### भाजपा सांसद के उस्मानिया विवि में जबरन घुसने पर केस

**हैदराबाद।** कर्नाटक के भाजपा सांसद और पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बिना अनुमति के उस्मानिया विश्वविद्यालय में कथित तौर पर जबरन घुसपैठ की। उनके एवं उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि तेलंगाना आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए उन्होंने बैरीकेड हटाकर परिसर में प्रवेश किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) के अधिकारियों की शिकायत पर हैदराबाद महानगर पुलिस अधिनियम के संबंधित प्रावधानों और भादसं की धारा 447 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि ओयू के रजिस्ट्रार ने शिकायत में भाजपा नेता पर परिसर में बिना अनुमति के बैरीकेड हटाकर जबरन घुसपैठ करने और वहां सभा करने का आरोप लगाया। सांसद ने आरोप लगाए थे कि पुलिस ने उन्हें रोका। बहरहाल, पुलिस ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने ऐसा कुछ नहीं किया अथवा पुलिस के साथ कोई संघर्ष नहीं हुआ और सांसद अपने समर्थकों के साथ परिसर में गए तथा शांतिपूर्ण तरीके से सभा की। अलग तेलंगाना राज्य के लिए हुए प्रदर्शन के केंद्र बिंदु में यह विश्वविद्यालय था।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर दरोगा निलंबित

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोप में पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) के एक गोपनीय सहायक निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और साथ ही इस मामले में विभागीय कार्यवाही के भी आदेश दिए हैं। पुलिस विभाग के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) के गोपनीय सहायक निरीक्षक गुडाकेश त्रिपाठी को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो साझा करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने एक बयान में कहा कि त्रिपाठी को सोशल मीडिया पर गलत एवं भ्रामक जानकारी देने के आरोप में निलंबित किया गया है तथा जांच आख्या मिलने के बाद आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### बिछड़ा परिवार तलाशने रवाना होगी पाकिस्तान से लौटी गीता

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** बहुचर्चित घटनाक्रम में पाकिस्तान से पांच साल पहले भारत लौटी मूक-बधिर युवती गीता अपने बिछड़े परिवार की तलाश के लिए महाराष्ट्र के मराठवाड़ा अंचल और इससे सटे तेलंगाना के इलाकों की यात्रा पर जाने वाली है। उसका यह हफ्ते भर लंबा सफर दो दिसंबर से शुरू होना है। राज्य के सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त जन कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि दिव्यांगों की मदद के लिए चलाई जा रही आनंद सर्विस सोसाइटी शहर में गीता की देख-रेख कर रही है। इस गैर सरकारी संगठन को उसके माता-पिता की खोज का जिम्मा भी सौंपा गया है। संगठन के संचालक और सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ ज्ञानेंद्र पुरोहित ने कहा, इशारों की जुबान में गीता से कई दौर की बातचीत के दौरान हमें संकेत मिले हैं कि गीता का मूल निवास स्थान महाराष्ट्र के मराठवाड़ा अंचल और इससे सटे तेलंगाना में हो सकता है जहां वह करीब दो दशक पहले अपने परिवार से बिछड़ गई थी। इन संकेतों की कड़ियां जोड़ते हुए गीता के परिवार की खोज के लिए हम उसके साथ दो दिसंबर को रवाना होंगे। उन्होंने कहा, हम गीता को सबसे पहले मराठवाड़ा के नांदेड़, परभणी और जालना जिलों के उन स्थानों पर ले जाएंगे जो रेलवे स्टेशनों के आस-पास स्थित हैं। बचपन की धुंधली यादों के आधार पर उसका कहना है कि उसके गांव के पास एक रेलवे स्टेशन था और गांव में नदी के तट के पास देवी का मंदिर था।

### व्यापार संघ की हड़ताल से बंगाल में जनजीवन प्रभावित

**कोलकाता।** केंद्र की आर्थिक नीतियों के विरोध में कई व्यापार संघों द्वारा बुलाई गई हड़ताल के कारण बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। केंद्रीय श्रमिक संगठनों की संयुक्त समिति द्वारा बुलाए गए 24 घंटे के बंद की शुरूआत सुबह छह बजे हुई। एक अधिकारी ने कहा कि बंद समर्थक सीआईटीयू और डीवाईएफआई जैसे माकपा से संबद्ध संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता, जाधवपुर, गरिया, कमलगाजी, लेक टाउन और दमदम इलाकों में रैलियां निकालीं, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। बंद समर्थकों ने दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने को कहा।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 27 नवंबर 2020



# किसान आंदोलन के चलते लगा लंबा जाम

## नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर पुलिस के जवानों के साथ सीआरपीएफ की भी लगी ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर कड़ी चौकसी के चलते लंबा ट्रैफिक जाम लगा रह जो खबर लिखे जाने तक बना रहा। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के दिल्ली चलो विरोध मार्च को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी सख्त कर रखी थी। इससे डीएनडी और दूसरे सभी बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी।

पुलिस ने कहा कि सीमा पर दिल्ली पुलिस ने किसानों द्वारा संचालित ट्रैक्टरों की आवाजाही रोकने के लिए रेत से भरे ट्रकों को खड़ा किया हुआ है। यह पहला मौका है जब शहर की पुलिस ने सीमा पर रेत से भरे ट्रकों को खड़ा किया था। पुलिस ने बताया कि सीमा को सील नहीं किया गया है लेकिन वे राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच कर रहे हैं।



नोएडा बॉर्डर पर लगी वाहनों की कतारें। फोटो : दीपक यादव

पुलिस उपायुक्त पूर्वी दिल्ली जसमीत सिंह ने कहा, हमारा मुख्य ध्यान गाजीपुर सीमा, चिल्ला सीमा और डीएनडी पर है। वहां पहले से ही पुलिस कर्मियों की भारी तैनाती की गई जो चौबीसों घंटे मुस्तैद रहेंगे। साथ ही बॉर्डर पर अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है। पुलिस जिले की अन्य छोटी सीमाओं की भी जांच करेगी। सभी सीमाओं पर पुलिस को सक्रिय कर दिया गया है।

इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने 26 और 27 नवंबर को केंद्र के नए कृषि

### दोपहर तक मेट्रो सेवा भी रही प्रभावित

कानूनों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने के विभिन्न किसान संगठनों के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया था। पुलिस ने मंगलवार को कहा था कि अगर वे कोविड-19 महामारी के बीच किसी भी सभा के लिए शहर में आते हैं तो विरोध करने वाले किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

किसानों के मार्च को देखते हुए दिल्ली मेट्रो सेवा भी खबर लिखे जाने तक प्रभावित रहीं। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने कहा कि इस अवधि में आनंद विहार से वैशाली और न्यू अशोक नगर से नोएडा सिटी सेंटर तक कोई मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। सुल्तानपुर और गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशनों के बीच भी मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं थी।

## दिल्ली जा रहे भाकियू कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाते समय पुलिस ने मोहन नगर चौराहे पर रोक दिया। जिसके बाद भाकियू अम्बावत के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लाए नए कृषि कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के प्रदेश महासचिव मुकेश सोलंकी ने बताया कि केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में वह दिल्ली में कार्यकर्ताओं के साथ जतंर-मंतर पर धरना देने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मोहननगर चौराहे पर ही रोक दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद शर्मा, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष अमित कसाना, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष विकास यादव, विधान सभा अध्यक्ष वीनू आधान समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सौ बेड के अस्पताल बनाने को भी मिली मंजूरी

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बनेगा ट्रामा सेंटर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जनपद के निवासियों के लिए बड़ी खबर है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जिले के पहले सरकारी ट्रामा सेंटर को मंजूरी मिल गई है। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे प्रस्तावित ट्रामा सेंटर के साथ 100 बेड का अस्पताल भी बनेगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण स्वास्थ्य विभाग को 6 एकड़ जमीन निशुल्क देगा। इसके निर्माण का पूरा खर्च उत्तर प्रदेश सरकार उठाएगी। जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने इसका प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया था।

ट्रामा सेंटर बनने से यमुना सिटी के लोगों, औद्योगिक इकाइयों और यमुना एक्सप्रेस वे पर होने वाले हादसों में घायल लोगों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। ट्रामा सेंटर के साथ 100 बेड के अस्पताल की सैद्धांतिक सहमति स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने दे दी है। जेवर में एयरपोर्ट का काम जल्दी शुरू होने वाला है। यमुना सिटी में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों का निर्माण शुरू हो रहा है। शहर के आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में आकर बसने वालों को यह अस्पताल सुविधाएं देगा।

**घायलों को त्वरित इलाज मिलेगा**

यमुना एक्सप्रेस वे पर होने वाले हादसों में घायल लोगों के त्वरित इलाज के लिए ट्रामा सेंटर की मांग की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने गौतमबुद्धनगर जनपद में पहला सरकारी ट्रामा सेंटर बनाने की मंजूरी दे दी थी। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने 2 हजार वर्ग मीटर जमीन निशुल्क देने का फैसला किया।

जमीन देने का प्रस्ताव अपनी बोर्ड बैठक में पास कराने के साथ ही शासन को भेज दिया था। सरकार ने इस दिशा में आगे कार्रवाई शुरू की तो जेवर के विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनसे ट्रामा सेंटर के साथ अस्पताल बनाने की मांग की। यमुना सिटी की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए ट्रामा सेंटर के साथ 100 बेड का अस्पताल बनाने की मांग को मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। अब स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी।

**जिले के बड़े सरकारी अस्पताल**

| अस्पताल का नाम | बेड |
|---|---|
| राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान | 300 |
| जिला अस्पताल | 100 |
| शिशु अस्पताल | 100 |
| ईएसआई | 200 |

## संक्षिप्त समाचार



तेंदुए को पकड़ने के लिए मंगाया गया विशेष जाल।

### तेंदुए को पकड़ने की कोशिशें जारी

**गाजियाबाद।** पॉश कॉलोनी राजकुंज में देखे गये तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने गुरुवार को भी अपनी कोशिशें जारी रखीं। वन विभाग की ओर से इंग्राहम इंस्टीट्यूट के जंगलों में विशेष पिंजरा भी लगाया है। लेकिन 56 घंटे से ज्यादा वक्त गुजर जाने के बाद भी न तो तेंदुआ पकड़ में आया और न ही उसकी निशानी मिली। तेंदुए के नहीं पकड़े जाने से राजकुंज एवं आसपास की कॉलोनियों के लोग अभी भी दहशत में हैं। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि तेंदुआ अभी भी इंग्राहम इंस्टिट्यूट के जंगल एवं उसके आसपास कहीं हो सकता है। उसे पकड़ने के लिए तमाम तरह के बंदोबस्त किये जा रहे हैं। मेरठ से विशेष प्रकार का बना पिंजरा मंगाया गया है। जिसे इंग्राहम इंस्टीट्यूट के जंगल में लगाया गया है। रात के समय निगरानी के लिए विशेष प्रशिक्षित गार्डों की तैनाती की गई है। सहारनपुर से विशेष ट्रैंकुलाइजेशन गन भी मंगाई गई है।




बैठक करते राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने 26/11 मुंबई के आतंकी हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों व लोगों को श्रद्धांजलि दी। रमते राम रोड पर आयोजित बैठक में सर्वप्रथम मुंबई हमले के शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पंडित अशोक भारतीय ने कहा कि आतंकियों की कमर तोड़ने के लिए सरकार को सबसे पहले अपने खुफिया और सुरक्षा तंत्र दोनों के साथ-साथ जांच एजेंसियों व निगरानी तंत्रों के नेटवर्क को बेहद मजबूत करना होगा। मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क को पूरी तरह से समाप्त करना होगा। बैठक में दहशत गर्दो से टकराने के लिए पुलिस को अच्छी तरह प्रशिक्षित करने व उन्हें अच्छा साजो समान उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार से मांग भी की। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्कैनर लगाने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रवीण बत्रा, हरीश वर्मा, वीरेंद्र कंडेरे, अकबर खान, कुणाल चिटकारा, रिजवान, दीपक चिटकारा आदि उपस्थित थे।

### मोबाइल फोन का टावर लगाने के नाम पर ठग

**नोएडा।** मोबाइल फोन का टावर लगाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों को थाना फेस - 2 पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। थाना फेस-2 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि भंगेल गांव में रहने वाले सुमित वर्मा ने थाना फेस-2 पुलिस से शिकायत की थी कि मोबाइल फोन का टावर लगाने के नाम पर उनसे लाखों रुपए की ठगी की गई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### कोरोना: दिल्ली में 91 मौत, 5475 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक दिन में कोविड-19 के 5,475 नए मामले सामने आए, वहीं 91 और लोगों की संक्रमण से मृत्यु के बाद बृहस्पतिवार को मृतक संख्या 8,811 पहुंच गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजधानी में एक दिन में 28,000 से ज्यादा आरटी-पीसीआर जांच की गईं। संक्रमण की दर 8.65 प्रतिशत रही जो बुधवार को 8.49 प्रतिशत थी। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में 28,897 नमूनों की आरटी-पीसीआर जांच के साथ ही कुल 63,266 नमूनों का परीक्षण किया गया। यह अब तक की सर्वाधिक जांच संख्या है। दिल्ली में 11 नवंबर को संक्रमण के सर्वाधिक मामले आए थे और 8,593 लोग संक्रमित मिले थे, वहीं 18 नवंबर को कोविड-19 से 131 लोगों की मृत्यु हो गई थी जो राजधानी में एक दिन में संक्रमण से मौत का सर्वाधिक आंकड़ा है। बुलेटिन के अनुसार बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस के मामलों की कुल संख्या 5,51,262 पहुंच गई जिनमें से अब तक 5,03,717 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। दिल्ली में इस समय 38,734 मरीजों का उपचार चल रहा है। इलाज करा रहे संक्रमितों की संख्या बुधवार को 38,287 थी।

## नाले में मिला शव शिनाख्त नहीं

**गाजियाबाद।** रावली रोड़ स्थित नाले में एक युवक का शव मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा शव की पहचान के लिए प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि रावली रोड़ स्थित इंद्रापुरी कॉलोनी के नाले में एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है । पुलिस ने मृतक की तलाशी ली लेकिन, ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके।

# स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त रखने को नियुक्त किए प्रभारी अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

त्योहारी सीजन के बाद कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका के चलते प्रशासन अलर्ट हो गया है। एक ओर जहां मॉस्क के इस्तेमाल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ और सुचारू रखने के लिए चार प्रशासनिक अधिकारियों को अलग-अलग अस्पतालों का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

डीएम ने चारों प्रभारी अधिकारियों को नियमित रूप से

### दवा की उपलब्धता पर रखेंगे नजर

प्रतिदिन संबंधित अस्पताल का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कोविड-19 और दूसरी बीमारियों उपचाराधीनों को किसी प्रकार की दवा की अनुपलब्धता या अन्य कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रभारी अधिकारी संबंधित अस्पतालों में भर्ती मरीजों की देखरेख, दवा की समुचित व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**गाजियाबाद।** गांव दुहाई के निकट ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौत हो गई । पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

गाजियाबाद के मसूरी स्थित जाफर कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय शोएब पुत्र रहीसूद्दीन बुधवार देर शाम को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस- वे पर बाइक से मसूरी घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर गांव दुहाई के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# एनसीआर की आबोहवा हुई खराब गाजियाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद जनपद की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को भी खराब की श्रेणी में रही और यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 रहा। वायु प्रदूषण सूचकांक ऐप समीर के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह गाजियाबाद में एक्यूआई 382 रहा, जो खराब की श्रेणी में आता है।

दिल्ली का एक्यूआई 367, नोएडा में एक्यूआई 360, ग्रेटर नोएडा में 356, हापुड़ में 272, फरीदाबाद में 344, गुरुग्राम में 293, आगरा में 316, बल्लभगढ़ में 146, भिवानी में 336 और मेरठ में 288 रहा। क्षेत्रीय प्रदूषण



अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण विभाग, नोएडा प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन लगातार कदम उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत कई लोगों के खिलाफ बुधवार को तथा बृहस्पतिवार को कार्रवाई की गई तथा अर्थदंड वसूला गया।

# शिवशक्ति धाम डासना में बनेगा अध्यात्म का विश्वविद्यालय

## युवाओं को दी जायेगी सनातन धर्म के मूल्यों से जुड़े धर्मग्रंथों और रहस्यों की शिक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर भारत के प्रमुख सिद्धपीठ शिवशक्तिधाम डासना में सनातन धर्म और अध्यात्म की शिक्षा देने के लिए एक बड़ा विश्वविद्यलाय बनाया जायेगा। यह घोषणा शिवशक्तिधाम डासना के फायरब्रान्ड हिन्दू संत नरसिंहानन्द सरस्वती महाराज ने मंदिर परिसर में आयोजित एक समारोह में की।

उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म और अध्यात्म के मूल्यों के बारे में युवा पीढ़ी अनभिज्ञ हैं। इसलिए मंदिर की समिति ने सनातन धर्म से जुड़े विषय को लेकर विश्वविद्यालय बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के निर्माण की नींव बहुत जल्द मंदिर परिसर में रखी जायेगी।

मंदिर समिति के पास जमीन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में सनातन धर्म के गूढ़ रहस्यों और मूल्यों से जुड़े धर्म ग्रन्थो के बारे में युवाओं को शिक्षित किया जायेगा, ताकि आने वाले समय में युवावर्ग अपनी संस्कृति और धर्म के बारे में जान सके।

यतिमहाराज ने कहा कि जिस तरह से दूर-दूर के हिन्दू महानुभाव शिवशक्ति डासना को अपना धार्मिक केन्द्र मानने लगे हैं उससे यह स्पष्ट है कि बहुत जल्द यह केन्द्र सनानत धर्म के धार्मिक और अध्यात्मिक ज्ञान का सबसे बड़ा केन्द्र होगा।

यति महाराज ने कहा कि इसके निर्माण पर जो खर्चा आयेगा वह मन्दिर समिति और हिन्दू श्रद्वालु वहन करेंगे। इस मौके पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता कपिल मिश्रा का महंत यति संत नरसिंहानन्द सरस्वतीजी महाराज ने परम्परागत ढंग से उन्हें केसरिया पटका और रूदराक्ष की माला पहनाकर सम्मनित किया। कपिल मिश्रा ने कहा कि उन्हे शिवशक्ति डासना के इतिहास के बारे में नहीं मालूम था, यहां आकर उन्हें इस पवित्र स्थल के बारे में मालूम चला।

मिश्रा ने कहा कि डासना सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म की रक्षा का सबसे मजबूत केन्द्र बनता जा रहा है। यहां की आध्यात्मिक उर्जा बहुत ही प्रचंड है। इस मौके पर आचार्य दीपक तेजस्वी, अनिल यादव, ब्रजमोहनसिंह, सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता पृथ्वीराज चौहान, पीयूष सिंह, मोहित बजरंगी, अमित त्यागी, पूजा त्यागी तथा अन्य मंदिर के भक्तगण उपस्थित थे।



शिवशक्ति धाम डासना में बैठक को संबोधित करते हुए संत नरसिंहानन्द सरस्वती व दिल्ली के पूर्व मंत्री कपिल मिश्रा।

# कार्तिक पूर्णिमा : गंगनहर पर स्नान के लिए रहेगा प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गंगनहर में गंगा स्नान पर श्रद्धालू स्नान नहीं कर सकेंगे। कोरोना संक्रमण को बढ़ता देख पुलिस-प्रशासन ने गंगनहर पर श्रद्धालू के स्नान पर प्रतिबंध लग दिया है। थाना प्रभारी ने गंगनहर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों से मांग की है।

बता दें कि दिल्ली-मेरठ रोड़ स्थित गंगनहर पर हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद से हजारों श्रद्धालू स्नान करने आते हैं तथा इस बार गंगा गढ़मुक्तेश्वर मेला व बृजघाट पर श्रद्धालूओं को जाने से रोकने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। इसलिए वहां पर श्रद्धालू नहीं पहुंच सकेंगे। पुलिस-प्रशासन को आशंका हैं कि गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट में प्रतिबंधित से श्रद्धालू मुरादनगर दिल्ली-रोड स्थित गंगनहर पर आ सकते हैं। इसलिए पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की है।

## भट्टे पर लगी आग, कीमती मशीन जलकर राख

**गाजियाबाद।** एसआर ब्रिक फील्ड की जिंग जैक पोल्युसन मशीन में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसमें लाखों रूपये की कीमत की मशीन जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ की शिकायत है।

जानकारी के अनुसार गांव भिक्कनपुर निवासी रूस्तम का मुरादनगरथाना क्षेत्र के गांव सुलन्तान नगर झज्जपुर में एस आर ब्रिक फील्ड के नाम से भट्टा है। भट्टे पर जिंग जैक पोल्युसन मशीन है। बीती रात मशीन में अचानक आग लग गई। मशीन में आग लगी देख भट्टे पर रह रहे लोगों ने घटना की सूचना भट्टा मालिक रूस्तम को दी।

# दिल्ली हाट की तर्ज पर बनेगा बुनकर मार्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली हाट की तर्ज पर जीडीए की मधुबन-बापूधाम योजना में लगभग 250 करोड़ की लागत से बुनकर मार्ट का निमार्ण किया जा रहा है। यदि सबकुछ ठीक ठाक रहा तो नववर्ष की पहली तिमाही तक बुनकर मार्ट तैयार हो जायेगा। बुनकर मार्ट बनने के बाद देश विदेश के बुनकरो को पहली बार देश की राजधानी दिल्ली से सटे मधुबन बापूधाम में अपनी कला दिखाने का एक बड़ा मंच मिल जायेगा।

इसके साथ ही गाजियाबाद को भी एक नयी पहचान मिलेगी। हालांकि बुनकर मार्ट का निर्माण कार्य

**मधुबन बापूधाम योजना**

### निर्माण पर खर्च होंगे 250 करोड़ रुपये

पिछले लगभग दो वर्षो से चल रहा है। इसकी इमारत और परिसर को और आकर्षक बनाने के लिए इसके मॉडयूल में परिवर्तन करके कुछ और निर्माण कार्यो को बढ़ाया गया है। जीडीए ने म्यूजियम और बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने के लिए होटल निर्माण के साथ-साथ यहां कॉन्फ्रेन्स हॉल भी बनाने का निर्णय किया है। इससे बनुकरों के उत्थान के अलावा टूरिज्म के बिजनेस को भी बढ़ावा मिलेगा।

जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने बताया कि पहले 2773 वर्ग में बन रहे ऑडिटोरियम और कन्वेशन हॉल को अब 13 हजार 740 वर्ग मीटर में बनाया जायेगा। इसके अलावा 1740 वर्ग मीटर में बन रहा एक्सपो मॉल को कॉरपेट एरिया भी बढ़कर 6 हजार 80 वर्ग मीटर हो जायेगा। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि जिस समय यह मार्ट तैयार हो जायेगा उस समय यह प्रोजेक्ट खुद अपना खर्चा निकाल लेगा और इसे बढावा देने के लिए किसी भी प्रकार की सब्सिडी भी सरकार को नहीं देनी पड़ेगी।

# नोएडा में प्लास्टिक वेस्ट से सड़क बनाने का काम शुरू

## सीईओ ने की परियोजना की शुरूआत, देश में ऐसा करने वाला पहला शहर बना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद में वेस्ट प्लास्टिक से सड़क बनाने का काम शुरू किया गया है। देश में नोएडा प्लास्टिक वेस्ट से सड़क बनाने वाला पहला शहर बन गया है। गुरुवार सुबह नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने इस परियोजना की शुरुआत की है। पहले चरण में 500 मीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। जिसमें 35 मीट्रिक टन प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। यह काम भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के सहयोग से नोएडा विकास प्राधिकरण कर रहा है।

नोएडा के महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण में प्लास्टिक वेस्ट मॉड्यूल का प्रयोग किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले चरण में 500 मीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। इसके लिए भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के साथ एक एग्रीमेंट किया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत नोएडा में सेक्टर-129 के सामने ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समांतर यह सड़क बनाई जा रही



हरी झंडी दिखाकर परियोजना का शुभारंभ करतीं नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी।

है। इस सड़क की चौड़ाई 45 मीटर है और अभी 500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण प्लास्टिक वेस्ट से किया जा रहा है। राजीव त्यागी ने बताया कि गुरुवार की सुबह नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। पहले चरण में कुल 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग करके सड़क बनाई जाएगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर की दूसरी सड़कों का निर्माण भी इसी तरह किया जाएगा।

राजीव त्यागी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन ने 450 गुना 450 मिलीमीटर साइज के प्लास्टिक मॉड्यूल शीट उपलब्ध करवाए हैं। यह सभी वेस्ट प्लास्टिक से बने हुए हैं। सड़क पर सबसे पहले इन मॉड्यूल को बिछाया जाएगा। इनके ऊपर 40 मिलीमीटर और 50 मिलीमीटर साइज की 2 लेयर बिटुमिन कंक्रीट बिछाई जाएगी। इस 500 मीटर सड़क के निर्माण पर लगभग 35 मीट्रिक टन वेस्ट प्लास्टिक का प्रयोग होगा। राजीव त्यागी ने कहा कि पूरे भारत में प्लास्टिक वेस्ट मॉड्यूल का प्रयोग करके पहली बार सड़क का निर्माण नोएडा में किया जा रहा है।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर महिला की मौत-कई जख्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गांव दुहाई के निकट विपरित दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जहां एक महिला की मौत हो गई वहीं एक दूसरी महिला व बच्चा समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया भर्ती कराया है तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के गांव महरौली निवासी गौरव परिवार सहित बीती रात करीब तीन बजे मेरठ से शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव लौटे रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली-मेरठ रोड़ स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस- वे

### शादी समारोह से लौट रहा था परिवार

के निकट पहुंचे तभी विपरित दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला राजबीरी की मौत हो गई । जबकि बच्चा धैर्य, महिला शीतल व गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। मुरादनगर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# रोहित के बिना आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैचों में वापसी करेगी टीम इंडिया

एजेंसी। सिडनी



**नई** जर्सी और कोरोना काल में नए माहौल के बीच भारतीय क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगी, तो शुक्रवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उसे अपने हिटमैन रोहित शर्मा की कमी खलेगी। चोटिल रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी से बल्लेबाजी क्रम पर असर जरूर पड़ेगा। विराट कोहली की टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रही टीम का सामना अब आस्ट्रेलिया जैसे धुरंधर से है, जिसे उसकी धरती पर हराना कतई आसान नहीं होगा।

भारतीय टीम 1992 विश्वकप की नेवी ब्लू जर्सी में नजर आएगी। अंधविश्वासों को मानने वाले इसे अच्छा संकेत नहीं कहेंगे क्योंकि उस टूर्नामेंट में भारत नौ टीमों में सातवें स्थान पर रहा था। वैसे क्रिकेट में अतीत का प्रदर्शन मायने नहीं रखता। आस्ट्रेलिया में फोकस इस पर रहेगा कि रोहित की अनुपस्थिति में टीम संयोजन सही कैसे बन पाता है। शिखर धवन के साथ मयंक अग्रवाल पारी का आगाज करेंगे या शुभमन गिल, मिशेल स्टार्क या पैट कमिंस की गेंदों को झेलना आसान नहीं रहेगा। भारतीय बल्लेबाजों का सामना सर्वश्रेष्ठ तेज आक्रमण से होने जा रहा है, जबकि आस्ट्रेलिया के पास एडम जाम्पा के रूप में कुशल स्पिनर भी है जिसने कई बार कोहली को परेशान किया है। लय में लौटे स्टीव स्मिथ, रन मशीन डेविड वार्नर और उभरते सितारे मार्नस लाबुशेन की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर हराने के लिए भारतीयों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय एकादश में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों शामिल हो सकते हैं या टीम प्रबंधन टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर एक मैच में एक को ही उतार सकता है। ऐसे में शारदुल ठाकुर और नवदीप सैनी को मौका दिया जा सकता है। केएल राहुल के लिए भी यह दौरा अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। उपकप्तान राहुल आईपीएल में शानदार फार्म में थे, जिसे वह बरकरार रखना चाहेंगे लेकिन असल चुनौती विकेट के पीछे महेंद्र सिंह धोनी की जगह लेने की है जहां उन्हें युजवेंद्र चहल की गुगली को भांपना होगा। खुद राहुल मानते हैं कि धोनी की जगह लेना तो किसी के लिए संभव नहीं है लेकिन रांची के उस राजकुमार ने विकेटकीपिंग के इतने ऊंचे मानदंड कायम किए हैं कि उन पर खरे उतरना भी किसी के लिए आसान नहीं है।

हार्दिक पंड्या छठे या सातवें नंबर पर आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर है जिससे कोहली दो स्पिनर लेकर उतर सकते हैं। चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर ने पिछले दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। आस्ट्रेलियाई मध्यक्रम के लिए चहल चिंता का सबब होंगे। वहीं भुवनेश्वर कुमार जैसे डैथ ओवरों के विशेषज्ञ गेंदबाज की गैर मौजूदगी में बुमराह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी रहेगी। तीन वनडे के बाद तीन टी-20 मैच खेले जाने हैं। टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू होगी। इस श्रृंखला से ही स्टेडियमों में दर्शकों की वापसी होगा चूंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उपलब्ध सीटों के 50 प्रतिशत तक दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी है। बोर्ड के अनुसार टिकट बेचे जा चुके हैं।

### टीमें

**भारत :** विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, शुभमन गिल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, मयंक अग्रवाल, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, शारदुल ठाकुर।

**आस्ट्रेलिया :** आरोन फिंच (कप्तान), डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कारे, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, एडम जाम्पा, जोश हेजलवुड, सीन एबोट, एश्टोन एगर, कैमरन ग्रीन, मोइजेस हेनरिक्स, एंड्रयू टाए, डेनियल सैम्स, मैथ्यू वेड।

**मैच का समय : सुबह 9.10 से।**

## पृथकवास पूरा होने के बाद नए होटल में पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी। सिडनी

**भारतीय** क्रिकेट टीम शहर के बाहरी हिस्सा में 14 दिन का पृथकवास पूरा करने के बाद गुरुवार को यहां नए होटल में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा बन गई। भारत के बहुप्रतीक्षित आस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट मैदान पर पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ होगी। कोरोना वायरस महामारी के कारण इस मुकाबले के लिए सीमित संख्या में दर्शक मौजूद रहेंगे। मेहमान टीम के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ पृथकवास के दौरान सिडनी ओलंपिक पार्क में पुलमैन में रुका था जहां वे सिर्फ मैदान पर ट्रेनिंग के दौरान मिल पाते थे।

साथ ही खिलाड़ियों को एक-दूसरे के पीछे बैठने की इजाजत नहीं थी और खिलाड़ियों की आवाजाही के लिए कई बसों का इस्तेमाल होता था। दो हफ्ते का पृथकवास पूरा करने के बाद भारतीय टीम होटल इंटर कॉन्टिनेंटल में चली गई है जहां टीम आस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरों के दौरान रुका करती थी। जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा बनने के बाद खिलाड़ी को थोड़ी स्वतंत्रता होगी जहां वे कम से कम नियंत्रित माहौल में एक दूसरे से मिल सकते हैं और साथ खाना खा सकते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के दौरान लगभग तीन महीने जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहने के बाद सीधे यहां पहुंचे खिलाड़ियों के लिए 14 दिन का पृथकवास चुनौतीपूर्ण था। भारत के सीमित ओवरों के कप्तान लोकेश राहुल ने स्वीकार किया कि जब वह टीम के अपने साथियों के साथ ट्रेनिंग के लिए एक साथ आते हैं तो काफी बेहतर महसूस करते हैं। राहुल ने कहा कि कमरे में अकेले रहना चुनौती है। जब आप अभ्यास करते हो, टीम के अपने साथियों से मिलते हो, यह दिन का सर्वश्रेष्ठ समय है।

## रोहित की जगह लेने के लिए भारत के पास मंयक जैसा काबिल बल्लेबाज है : फिंच

एजेंसी। सिडनी

**आस्ट्रेलियाई** कप्तान आरोन फिंच ने गुरुवार को कहा कि भारत के पास वनडे टीम में रोहित शर्मा की जगह लेने के लिए कई बेहतरीन बल्लेबाज है। रोहित चोट के कारण टीम से बाहर हैं। रोहित को आईपीएल के दौरान चोट लगी थी जो अब 17 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में ही खेल पाएंगे। उनकी गैर मौजूदगी में शिखर धवन के साथ पारी की शुरुआत मयंक अग्रवाल कर सकते हैं। फिंच ने श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह बेहतरीन खिलाड़ी है और हमारे खिलाफ काफी कामयाब भी रहा है। रोहित की चोट दुर्भाग्यपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहते हैं, लेकिन उसकी जगह जो भी लेगा, शायद मयंक जो खुद भी शानदार फार्म में है। उसकी जगह लेने के लिए भारत के पास मयंक के रूप में एक और बेहतरीन खिलाड़ी है। फिंच आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर में विराट कोहली के साथ खेले हैं। उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने भारतीय कप्तान के खेल में कमजोरियों पर गौर किया, उन्होंने कहा कि उसमें बहुत कमजोरियां है ही नहीं। उसका रिकार्ड देखिए। हमें उसके विकेट की तलाश में रहना होगा। वह एक दिवसीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। चोटिल हरफनमौला मिशेल मार्श की गैर मौजूदगी के बावजूद आस्ट्रेलियाई कप्तान अपनी टीम से संतुष्ट हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलवानों की शादी

### एक दूसरे के हुए संगीता-बजरंग



**चंडीगढ़।** दंगल गर्ल गीता और बबीता फौगाट की छोटी बहन तथा द्रोणाचार्य अवार्डी कुश्ती कोच महावीर फौगाट की बेटी संगीता फौगाट और पद्मश्री पहलवान बजरंग पूनिया परिणय सूत्र में बंध गए। बुधवार देर रात चरखी दादरी जिले के गांव बलाली में शादी सादगीपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कोरोना के मद्देनजर लागू गाइडलाइन के कारण शादी समारोह में मेहमानों की संख्या सीमित रखी गई थी।

### बायर्न, मैनचेस्टर सिटी चैंपियन्स लीग अंतिम 16 में

**लंदन।** गत चैंपियन बायर्न म्युनिख और मैनचेस्टर सिटी चैंपियन्स लीग फुटबॉल नॉकआउट चरण में पहुंच गए हैं। लीग के मुकाबले बहाल होने पर डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि दी गई। पहले मैच से कुछ घंटे पहले ही अर्जेंटीना के इस महान फुटबॉलर के निधन की खबर आई। खिलाड़ियों ने आठों मैचों में एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। बायर्न ने साल्सबर्ग को 3.1 से हराया जबकि सिटी ने ओलंपियाकोस को 1.0 से मात दी। अभी ग्रुप चरण के दो दौर के मुकाबले बाकी हैं और ए टीमें अंतिम 16 में पहुंच गई। बार्सीलोना, युवेंटस, चेलसी और सेविला ने भी नॉकआउट में जगह बनाई। लीवरपूल को अभी और इंतजार करना होगा जिसे अटलांटा ने 2.0 से हराया। वहीं रीयाल मैड्रिड ने इंटर मिलान को 2.0 से मात दी। बोरूसिया मोंशेंग्लाबाख ने शखतार को 4.0 से हराया।

### श्रीसंत केसीए प्रेसीडेंट्स कप में खेलने की तैयारी में

कोच्चि। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत मैच फिक्सिंग के आरोपों में सात साल का प्रतिबंध पूरा करने के बाद केरल क्रिकेट संघ (केसीए) द्वारा आयोजित स्थानीय टी-20 टूर्नामेंट के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग में स्पॉट फिक्सिंग में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा प्रतिबंधित श्रीसंत को अलप्पुझा में होने वाले टी-20 टूर्नामेंट के खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। उनका प्रतिबंध इस साल सितंबर में खत्म हुआ। केसीए के अधिकारी ने बताया कि टूर्नामेंट में श्रीसंत को केसीए टाइगर्स टीम में जगह मिली है, जिसकी कप्तानी राज्य की टीम के कप्तान सचिन बेबी करेंगे। केसीए के अनुसार पहले केसीए प्रेसीडेंट्स कप टी20 टूर्नामेंट के लिए गठित समिति ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छह टीमों केसीए रॉयल्स, केसीए टाइगर्स, केसीए टस्कर्स, केसीए ईगल्स, केसीए पैंथर्स और केसीए लॉयन्स को चुना है। केसीए ने बताया कि श्रीसंत और सचिन बेबी के अलावा बासिल थंपी, रोहन प्रेम, मिधुन एस, आसिफ केएम और राज्य के अन्य सीनियर खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

## पेले से लेकर मेस्सी तक फुटबॉल सितारों ने कहा हमारे दिलों में रहेंगे माराडोना



**ब्यूनस आयर्स।** ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म आनंद में लोगों के जीवन में खुशियां बांटने वाला नायक अंत में मर जाता है, तो नेपथ्य में संवाद गूंजता है आनंद मरा नहीं, आनंद मरते नहीं। ठीक उसी तरह अपने खेल से मुस्कुराहटें बिखेरने वाले डिएगो माराडोना के निधन पर सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने कहा कि वह कहीं नहीं गए कि क्योंकि वह अमर हैं। माराडोना के बाद अर्जेंटीना के सबसे बड़े फुटबॉलर मेस्सी ने कहा कि वह हमें छोड़कर चले गए, लेकिन वह कहीं नहीं गए क्योंकि डिएगो अमर है। माराडोना का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

दुनिया भर में फुटबॉलप्रेमियों के बीच इस बहस का कभी कोई हल नहीं निकल सका कि माराडोना और ब्राजील के पेले में से महानतम कौन है। यही वजह है कि दोनों के प्रशंसकों के बीच कभी नहीं पटी। फीफा ने भी इस बहस में पड़ने की बजाय दोनों को ही बीसवीं सदी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुन लिया। पेले को विशेषज्ञों ने चुना तो माराडोना को ऑनलाइन वोट के जरिए विजेता चुना गया। दोनों एक दूसरे पर कटाक्ष करने का मौका भी नहीं छोड़ते थे। एक बार पेले ने कहा था, उसे लगता है कि वह है, लेकिन हम सभी को पता है कि सर्वश्रेष्ठ कौन था। दोनों की उम्र में दो दशक का फासला था लेकिन प्रतिद्वंद्विता में यह फासला फना हो जाता था।

# मैक्सिको में माराडोना को देखने वाला उन्हें कभी नहीं भूल सकता

एजेंसी। वाशिंगटन

**एस्टेडियो** एजटेका के प्रेस बॉक्स में बैठे हुए डिएगो माराडोना की चालबाजी की अनदेखी कर पाना असंभव था, लेकिन साथ ही उसी स्थान पर बैठे हुए इस महान फुटबॉलर की बेजोड़ फुर्ती का कायल नहीं हो पाना भी किसी के लिए संभव नहीं था। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी माराडोना में इसी तरह का विरोधाभास था। वह सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरीकों से जादुई थे। उनका बुधवार को 60 बरस की उम्र में निधन हो गया।

माराडोना के जीवन का सबसे प्रसिद्ध और कुख्यात मैच मैक्सिको सिटी के उस समय के बेहतरीन स्टेडियम एस्टेडियो एजटेका में इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया, जो विश्वकप 1986 का क्वार्टर फाइनल मुकाबला था। किसी भी मीडियाकर्मी के लिए उस मुकाबले से दूर रहने के लालच से बच पाना आसान नहीं था क्योंकि स्टेडियम में इस मुकाबले के लिए एक लाख के आसपास दर्शक पहुंचने वाले थे। पेले जब अपने खेल के शीर्ष पर थे, उसके बाद से ऐसा कोई फुटबॉलर नहीं हुआ जिसे इतने बड़े मंच पर खेलते हुए देखने के लालच से बच पाना संभव हो। मैदान पर बने जोश पर नीली और सफेद जर्सी पहने अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने चार-चांद लगा दिए थे जो अपने देश का झंडा लहरा रहे थे और अल ग्रेन डिएगो के नारे लगा रहे थे। कुछ लोग अल डियोस डिएगो के नारे भी लगा रहे थे। हॉकी की तरह फुटबॉल में भी जब मूव बनता है, तो दर्शकों की नजरें गेंद से अधिक खिलाड़ियों के समूह पर होती है, लेकिन माराडोना पर अपने खेल के शिखर पर थे तो सभी की नजरें अर्जेंटीना के इस 10 नंबर के खिलाड़ी पर टिकी होती थी। हमेशा। माराडोना से नजरें हटाना किसी भी दर्शक लिए संभव नहीं हो पाता था और जून के उस दिन माराडोना ने कुछ ऐसा किया जिसने उनकी विरासत की नींव रखी।



पहले हाफ गोलरहित रहने के बाद माराडोना ने 51वें मिनट में हैडर से गोल दागा। क्या ऐसा हुआ था? इंग्लैंड के डिफेंडर की गलती से गेंद नेट की तरफ हवा में उछली जिसके गोल से दूर करने के लिए उस समय से सर्वश्रेष्ठ गोलीकपरों में से एक पीटर शिल्टन तेजी से दौड़े। माराडोना हालांकि अपनी फुर्ती से उन्हें छकाने में सफल रहे और अब वीडियो रीप्ले से पता चलता है कि उन्होंने अपने सिर के करीब से बाएं हाथ के मुक्के से गेंद को गोल में पहुंचा दिया। हर तरफ गोल का जश्न था। प्रेस बॉक्स से सब कुछ ठीक लग रहा था। इंग्लैंड के खिलाड़ियों और मैनेजर के लिए यह तमाशा था, सरेआम नियमों को तोड़ना। अर्जेंटीना के लिए माराडोना अपना काम कर रहे थे। कोई फर्क नहीं पड़ा, गोल स्वीकार किया गया और अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त बनाई। अगर मैच इसी स्कोर पर खत्म होता तो अर्जेंटीना के अलावा दुनिया भर में माराडोना की छवि हमेशा के लिए दागदार हो सकती थी। लेकिन इसके बाद वह पल आया जिसे देखकर प्रेस बॉक्स में भी सभी झूम उठे। माराडोना ने अपनी तेजी और फुर्ती से इंग्लैंड के लगभग आधे खिलाड़ियों को छकाया और गोल दाग

### फुटबॉल के बादशाह का विवादों से रहा गहरा नाता

**मैक्सिको सिटी।** फुटबॉल के मैदान पर उनका जादू सिर चढ़कर बोलता था, लेकिन मैदान के बाहर विवादों से डिएगो माराडोना का नाता कभी नहीं छूटा। माराडोना का 60 वर्ष की उम्र में बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। ब्यूनस आयर्स के करीब विला फियोरिटो से फुटबॉल का अपना सफर शुरू करने वाले माराडोना इस खूबसूरत खेल के सबसे बड़े खिलाड़ी बने। उन्होंने अर्जेटीनोस जूनियर्स के जरिए पेशेवर फुटबॉल में कदम रखा और फिर बोका जूनियर्स का हिस्सा रहे। इसी टीम के साथ उन्होंने पहला खिताब जीता। उन्होंने बार्सीलोना क्लब के साथ तीन खिताब जीते लेकिन फुटबॉल के इतिहास में उनका नाम दर्ज हुआ 1986 विश्वकप में अर्जेंटीना को मिली खिताबी जीत के साथ। इसी टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में उन्होंने खुदा के हाथ वाला गोल दागा था। फुटबॉल विशेषज्ञ इस बहस को अंजाम तक नहीं पहुंचा सके कि माराडोना और पेले में से कौन महानतम है। अमेरिका में 1994 विश्वकप में डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद बाहर किए गए माराडोना का खराब दौर शुरू हुआ। नशे की लत और विवादों ने उनकी परेशानियों में इजाफा किया। उन्होंने 1997 में बतौर खिलाड़ी फुटबॉल से विदा ली लेकिन अर्जेंटीना के कोच बने। मैदान से बाहर वह बेलागपन के लिए मशहूर थे और उनकी विचारधारा वामपंथी थी। वह क्यूबाई क्रांति के नेता फिडेल कास्त्रो के करीबी दोस्त थे और वेनेजुएला के दिवंगत राष्ट्रपति हुजो चावेज के भी करीबी थे।



## अपने महानायक को खोकर आंसुओं में डूब गया अर्जेंटीना

**ब्यूनस आयर्स।** डिएगो माराडोना के निधन से जहां दुनिया भर में फुटबालप्रेमी शोकाकुल हैं, वहीं उनके देश अर्जेंटीना में तो मानों आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है और हर कोई उनसे जुड़े स्थानों पर जमा होकर एक दूसरे का दुख बांट रहा है। अर्जेंटीना के फुटबालप्रेमी विला फियोरिटो में उस छोटे से मकान के बाहर जमा हुए जहां उनके महानायक माराडोना का जन्म हुआ और वह पले बढ़े। विला फियोरिटो के जिस धूल धसरित मैदान पर माराडोना ने फुटबॉल का ककहरा सीखा था, वहां उनकी याद में कोई आंसू नहीं बहाए गए बल्कि उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया।

### केरल ने माराडोना को किया याद

**तिरूवनंतपुरम।** आठ साल पहले अपने महानायक की एक झलक पाने वाले केरल के फुटबॉलप्रेमियों को यकीन ही नहीं हो रहा कि डिएगो माराडोना अब इस दुनिया में नहीं रहे। भारत के पूर्व कप्तान आई एम विजयन ने कहा कि यह यकीन करना मुश्किल है कि वह हमारे बीच नहीं रहे।

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर माराडोना अक्टूबर 2012 में एक निजी कार्यक्रम में दो दिन के लिए केरल आए थे। उन्हें लेकर लोगों में इस कदर दीवानगी थी कि कार्यक्रम से तीन दिन पहले ही स्टेडियम में लोग जुटने शुरू हो गए थे। चौदह भाषाओं में गाने वाले चार्ल्स एंथोनी को माराडोना ने गले लगाया था और उनके साथ कुछ स्पेनिश गीत गाए थे। एंथोनी ने कहा कि मैं 25 साल से संगीतकार हूं, लेकिन मुझे एक गायक के रूप में पहचान तब मिली जब माराडोना के सामने कन्नूर स्टेडियम में मैने एक स्पेनिश गीत गाया। उन्हें कोलकाता में फिर माराडोना से मिलने और उनके सामने गाने का मौका मिला। उन्होंने इतालवी, क्यूबन और स्पेनिश में गीत सुनाए, तब माराडोना ने उन्हें गले लगा लिया था।

## जब फुटबॉल के आकार का केक काटने से माराडोना ने किया था इनकार: विजयन

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के लिए डिएगो माराडोना का जुनून और प्यार किसी से छिपा नहीं है और भारत के महान फुटबॉलर आई एम विजयन ने तो इसे करीब से देखा जब अर्जेंटीना के इस दिग्गज ने फुटबॉल के आकार का केक काटने से इनकार कर दिया था। कुछ साल पहले केरल में एक निजी कार्यक्रम के दौरान भारत के पूर्व कप्तान विजयन को माराडोना के साथ समय बिताने का मौका मिला था।



उन्होंने एजेंसी से कहा कि कन्नूर में 2012 में मैंने देखा कि माराडोना के लिए फुटबॉल के क्या मायने हैं। समारोह में मैदान के आकार का एक केक बनाया गया था, जिसमें सबसे ऊपर फुटबॉल रखी थी। माराडोना ने जब इसे देखा तो उन्होंने केक काटने से इनकार कर दिया। विजयन ने कहा कि उस घटना से उन्हें पता चला कि फुटबॉल और मैदान की माराडोना के लिए क्या अहमियत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने केक का बाहरी हिस्सा ही काटा। मैं कह सकता हूं कि स्टेज पर उनके साथ दो मिनट फुटबॉल खेलना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से है। विजयन ने कहा कि माराडोना का बेलागपन और बच्चों की तरह उत्साह उनके जीवन की कई समस्याओं का कारण रहा।

## अपने खुदा माराडोना को कभी नहीं भूल सकेंगे नैपोली

**नेपल्स।** दुनिया के लिए वह महानतम फुटबॉलर थे, लेकिन नैपोली के फुटबॉलप्रेमियों के लिए डिएगो माराडोना का दर्जा खुदा से कम नहीं था। माराडोना की अगुवाई में नैपोली ने 1987 और 1990 में दो सीरि ए खिताब जीते थे। इससे देश के फुटबॉल मानचित्र पर इस छोटे से शहर का नाम उभरा जो मिलान और तूरिन जैसे महानगरों के आगे दबा रहता था।

नैपोली के पूर्व अध्यक्ष कोराडो फेरलेइनो ने कहा, माराडोना सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं था। वह बरसों तक नैपोली की ऊर्जा का स्रोत रहा। माराडोना के प्रवक्ता सेबेस्टियन सांची ने कहा कि इस महान फुटबॉलर का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इस खबर को सुनते ही नैपोली में हजारों लोग सड़कों पर निकल पड़े और उनकी याद में मोमबत्तियां जलाईं। यह शहर कोरोना महामारी के चलते रेड जोन में है लेकिन इसके बावजूद लोग जमा हुए।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 27 नवंबर, 2020





# अपनी स्किन टाइप के अनुसार चुनें सही फेशियल ऑयल

## त्वचा के हिसाब से चुनें फेशियल ऑयल

दाग-धब्बों और फेस क्लीनिंग के लिए लड़कियां महंगे से महंगा ब्यूटी ट्रीटमेंट करवाती हैं, लेकिन फेशियल ऑयल्स से घर बैठे भी ऐसी रौनक पाई जा सकती है। फेशियल ऑयल्स का इस्तेमाल न सिर्फ स्किन को ग्लोइंग बनाता है, बल्कि इससे दाग-धब्बे, पिंपल्स और मुहांसे की समस्या भी दूर हो जाती है। साथ इससे एंटी-एंजिंग और स्किन ड्राईनेस की प्रॉब्लम भी नहीं होती।

### घर पर तैयार करें फेशियल ऑयल

**नारियल, बादाम और तिल का तेल:** नारियल, बादाम और तिल के तेल में एसेंशियल ऑयल की थोड़ी-थोड़ी मात्रा मिलाकर फेशियल ऑयल तैयार करें। फिर सोने से पहले चेहरे पर मसाज करें और सुबह चेहरे को पानी से साफ कर लें।

**जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल:** जोजोबा ऑयल को भी आप फेशियल ऑयल की तरह यूज कर सकते हैं, लेकिन इसे सीधा चेहरे पर न लगाएं। इसे इस्तेमाल करने से पहले इसमें मॉस्चराइजर या ऑयल फ्री नाइट क्रीम मिलाकर लगाएं।



**ऑयली स्किन:** यह ऑयली स्किन के लिए बिल्कुल परफेक्ट ऑप्शन है। ऑर्गन ऑयल सांवली रंगत को निखारने के साथ-साथ दाग-धब्बों को भी कम करता है। यह चिपचिपा भी नहीं होता और त्वचा में आसानी से अवशोषित हो जाता है, जिससे ऑयली स्किन की प्रॉब्लम दूर हो जाती है।

**ड्राई स्किन:** केलैन्डयुला ऑयल ड्राई स्किन के लिए बिल्कुल सही है। यह रूखी त्वचा को तुरंत दुरुस्त करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन और जलन से छुटकारा दिलाते हैं।

**दाग-धब्बे वाली स्किन:** बादाम के तेल को सभी तेलों में सबसे ज्यादा बेहतर माना जाता है। इसमें मौजूद हाइपोएलर्जिक गुण त्वचा पर किसी भी तरह की एलर्जी नहीं होने देते। साथ ही इसमें विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे गुण भी होते हैं, जोकि दाग-धब्बे, एक्ने, कील मुहांसे और पिंपल्स की समस्या को दूर करते हैं।

**संसेटिव स्किन के लिए:** फेशियल ऑयल यूज करने में सबसे ज्यादा प्रॉब्लम संसेटिव स्किन वाले लोगों को होती है, क्योंकि उनकी त्वचा पर कुछ चीजें सूट नहीं करती। वहीं इस तरह की स्किन पर अधिक तेल आने के कारण इन्हें एक्ने हो सकती है। ऐसे में इसे बैलेंस करने की जरूरत है। इसके लिए टी ट्री, जोजोबा और ऑर्गन ऑयल जैसे एंटीबैक्टीरियल तेल को मिक्स करें। फिर इससे चेहरे की मसाज करें। यह न सिर्फ त्वचा को नमी देंगे, बल्कि पिंपल्स और डेड स्किन को भी हटाएंगे।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- हफ्ते में एक-दो बार चेहरे को स्क्रब करें, इसके बाद टोनर का इस्तेमाल करें।
- दिन के वक्त मॉस्चराइजर में फेशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे की मसाज करें।
- फाउंडेशन या सनस्क्रीन लगाने से पहले 2-3 बूंदें फेशियल ऑयल की जरूर लगाएं। इससे वह ज्यादा समय तक टिका रहेगा।
- रात में सोने से पहले हल्के हाथों से चेहरे पर ऑयल से मसाज करें। फिर सुबह उठकर चेहरे को पानी से साफ कर लें।

# महंगी दवाइयां नहीं, घरेलू नुस्खों से कम करें फेशियल फैट

"चेहरे पर जमा फैट खूबसूरती को खराब कर देता है। साथ ही चेहरे पर जमे एक्स्ट्रा फैट से डबल चिन आने लगती है, जोकि देखने में गंदी लगती है। फेशियल फैट को कम करने के लिए लोग कई तरह की दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होता। मगर आज हम आपको जो घरेलू टिप्स बताने जा रहे हैं, उससे महीनेभर में ही आपका फेशियल फैट कम हो जाएगा।"



## फेशियल फैट कम करने के टिप्स

### अंडा

अंडे में मौजूद प्रोटीन और एल्बुमिन नामक तत्व स्किन को टोन करने के साथ फेशियल फैट को कम भी करता है। साथ ही इससे झुर्रियों की समस्या भी दूर रहती है। इसके लिए 2 अंडा, 1 चम्मच दूध, 1 चम्मच नींबू का रस और शहद को मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं और फिर इसे आधा घंटा के लिए छोड़ दें। बाद में हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### दूध

1 चम्मच दूध और 1 चम्मच शहद को मिलाकर चेहरे व गर्दन पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। फिर 10 मिनट तक इसे छोड़ दें और गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करें और चेहरे के एक्स्ट्रा फैट से छुटकारा पाएं।

### ग्लिसरीन

ग्लिसरीन त्वचा को नमी देने के साथ-साथ चेहरे के फैट को भी कम करता है। 1 टीस्पून ग्लिसरीन और 1/2 टीस्पून नमक को मिलाकर चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से साफ कर लें। हफ्ते में कम से कम 3-4 बार इसका इस्तेमाल करें।

### हल्दी

हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-एजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा में सूजन और फैट को कम करने में मदद करते हैं। 1 चम्मच हल्दी, 1 चम्मच दही और 1 चम्मच बेसन का पेस्ट बनाकर 20 मिनट तक लगाएं और फिर पानी से धो लें। हफ्ते में 2-3 बार इसका इस्तेमाल करने से आपको कुछ समय ही ही फेशियल फैट से छुटकारा मिल जाएगा।

# आपके वेडिंग लुक को बिगाड़ सकती हैं ये मेकअप टिप्स

**लड़कियां संजने-संवरने के लिए काफी एक्साइटेड होती है, जिसका मौका उन्हें अपनी शादी के दिन मिलता है। मगर इसी एक्साइटमेंट में लड़कियां मेकअप से जुड़ी ऐसी गलतियां कर बैठती है, जिससे उनकी ब्राइडल लुक बिगड़ जाती है। अगर आप भी अपनी शादी के स्पेशल दिन ग्लेमरस लुक चाहती है तो ब्राइडल मेकअप करवाते समय इन बातों पर जरा ध्यान दें।**



### आर्टिफिशियल पलकें

अगर आपकी पलकें लंबी या घनी नहीं हैं तो नकली व प्लास्टिक की पलकें न लगाएं। अपनी पलकों को मस्कारे के साथ नेचुरल लुक दें। अगर फेक लैशेज लगाना ही चाहती है तो मेकअप आर्टिस्ट से कहकर उन्हें ट्रिम करवा लें, ताकि वह नेचुरल लगे।

### लिपस्टिक की गलतियां

रुखे होंठों पर मैट लिपस्टिक लगाने से लुक खराब लगती है, क्योंकि मैट लिपस्टिक लगाने से जगह-जगह पर पपड़ी जम जाती है। ऐसे में मॉश्चराइजर लिप्स और बढ़िया क्वालिटी की क्रीमी लिपस्टिक लगाएं।



### सही फाउंडेशन लगाएं

स्किन टोन से डार्क या लाइट फाउंडेशन शेड लगाने से दुल्हन की लुक काफी बेकार लगने लगती है। इसलिए बेहतर होगा कि मेकअप आर्टिस्ट से प्री-वेडिंग अपॉइंटमेंट लें और फाउंडेशन को टेस्ट करवाएं, ताकि शादी के दिन आपकी फोटोग्राफ्स में बेस्ट लगे।

### आईब्रो को न करें इग्नोर

चेहरे को परफेक्ट लुक देने में आईब्रो की अहम भूमिका है। ये न तो ज्यादा घनी, पतली या शेपलेस होनी चाहिए। ब्यूटिशियन की सलाह से अपने चेहरे के हिसाब से आईब्रो को शेप दें। जरूर पड़े तो आईब्रो पेंसिल की मदद से फिल करें। पेंसिल ब्लेक नहीं, बल्कि डार्क ब्राउन यूज करें।

### ड्रेस से मैचिंग मेकअप न करें

पिंक लिपस्टिक, पिंक ब्लश और सिल्वरी-पिंक आईशेडो, ये बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। चेहरे पर इतने कलर के पैचेस लुक बेकार कर देते हैं। किसी भी फिचर पर फोकस लाने के लिए ब्राइट कलर का इस्तेमाल करें, जैसे आंखें या लिप्स। इसके अलावा बाकी चेहरे पर न्यूट्रल या स्टेबल कलर का इस्तेमाल करें।

### ओवर स्पार्कली शैडो

आंखों पर ढेर सारी चमक यानी स्पार्कली शैडो अप्लाई न करें। बेस्ट होगा कि शादी के दिन ड्रामेटिक आई-मेकअप को अवॉइड करें। मेकअप आर्टिस्ट से पहले ही आई शैडो कलर की बात करें।

### हद से ज्यादा ड्रॉमेटिक आईज

दुल्हन का मतलब ये नहीं कि आप सारे मेकअप प्रॉडक्ट्स अपने पर थोप लें। कभी भी आंखों पर मोटा लाइनर या मोटा कोहल न लगाएं।

# चेहरे पर कर रही हैं ब्लीच तो पहले इन बातों पर दें ध्यान

**ब्लीच से पहले स्किन को अच्छी तरह साफ करना बेहद जरूरी है, अन्यथा ब्लीच मैक्सिमम बेनिफिट नहीं दे पाती। इसके अलावा, इससे स्किन में इचिंग भी हो सकती है। आप अपने चेहरे को साफ पानी से धोएं, प्री-ब्लीच क्रीम लगाएं और 10 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें।**

आमतौर पर महिलाएं अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए अक्सर ब्लीच का इस्तेमाल करती हैं। यह उनके चेहरे पर मौजूद बालों को आसानी से छिपा देता है और इससे तुरंत ही उनके स्किन कलर में भी काफी अंतर नजर आता है। ऐसी कई महिलाएं जो फेशियल वैक्स आदि करवाने से डरती हैं और इसलिए वह ब्लीच का सहारा लेती है। यह आपकी अनइवन स्किन टोन की समस्या को भी दूर करता है। वैसे तो आप अक्सर पार्लर जाकर ब्लीच करवाती होंगी। लेकिन अगर आप चाहें तो घर पर रहकर भी ब्लीच कर सकती हैं। हालांकि घर पर ब्लीच करते समय आपको कुछ बातों का जरूर ध्यान देना चाहिए।



### पहले धोएं चेहरा

ब्यूटी एक्सपर्ट बताते हैं कि ब्लीच से पहले स्किन को अच्छी तरह साफ करना बेहद जरूरी है, अन्यथा ब्लीच मैक्सिमम बेनिफिट नहीं दे पाती। इसके अलावा, इससे स्किन में इचिंग भी हो सकती है। आप अपने चेहरे को साफ पानी से धोएं, प्री-ब्लीच क्रीम लगाएं और 10 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। जब त्वचा चिकनी और साफ हो जाए, तो एक छोटे कटोरे या फेस पैक कटोरे में 1 से 2 चम्मच ब्लीचिंग क्रीम लें। इसके अलावा, एक्टिवेटर की 1 से 2 बूंदें डालें। ध्यान रखें कि मात्रा बहुत अधिक नहीं होनी चाहिएय अन्यथा, एक्टिवेटर नुकसान का कारण बन सकता है।

### जरूर करें पैच टेस्ट

ब्यूटी एक्सपर्ट कहते हैं कि जब भी आप घर पर ब्लीच करें, तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें। कभी भी सीधे ही पूरे चेहरे पर ब्लीच लगाने की गलती न करें। वैसे तो ब्लीच करते समय हल्की इरिटेशन होना स्वाभाविक है। लेकिन अगर यह बहुत अधिक होती है तो इसका अर्थ है कि ब्लीच आपकी स्किन के लिए सूटेबल नहीं है। फिर आप इसे अपनी स्किन पर अप्लाई न करें।

### 15 मिनट से अधिक नहीं

जब आप स्किन पर ब्लीच अप्लाई कर रही हैं तो आपको टाइमिंग पर भी ध्यान देना चाहिए। ब्लीच को आप कभी भी 15 मिनट से अधिक समय के लिए फेस पर न रखें। जब ब्लीच सूख जाए तो आप एक नरम सूती कपड़े से अपना चेहरा साफ करें। 15 मिनट से अधिक समय तक ब्लीच को रखने से उसमें रिएक्टर की उपस्थिति के कारण त्वचा की जलन हो सकती है। इसके अलावा, खुजली के कारण अन्य त्वचा की परेशानी हो सकती है।

### पिंपल्स के दौरान नहीं

अगर आपके चेहरे पर मुंहासे या फुंसी के निशान हैं तो ब्लीच न लगाएं। ऐसा करने से संक्रमण हो सकता है या आपकी समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा, थ्रेडिंग के बाद कभी भी ब्लीच का इस्तेमाल न करें या इसके लिए फेस वैक्सिंग करने से जलन या दाने हो सकते हैं।